✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 252 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 8 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का स्वागत करते बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार

# शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सबसे जरूरी : ओम बिड़ला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा का 106 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला का बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया। उन्होंने राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश, केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू का भी स्वागत किया। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने नेवा द्वारा संचालित डिजिटल हाउस का उद्घाटन किया। इस दौरान सशक्त विधायक-सशक्त लोकतंत्र विषय पर चर्चा हुई जिसे बिहार सरकार के मंत्री, नेता प्रतिपक्ष समेत सभी वरीय नेताओं ने संबोधित किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बिहार में राजनीतिक नेतृत्व के साथ ही राजनीतिक चिंतन भी रहा है। हमारे जनप्रतिनिधि जितने सशक्त होंगे, जनता की अपेक्षाएं पूरी होगी। मेरा मानना है कि विधानसभाओं से सशक्त नेतृत्व निकलता है। देश का नेतृत्व जितने भी नेताओं ने किया है, उन्होंने विधानसभा में सटीक तरीके से काम किया। उन्होंने कहा कि 2026 के अंत तक देश की सभी विधानसभाओं का डिजिटाइजेशन कर दिया जाएगा। सभागृह की मर्यादा जितनी अधिक रहेगी, शासन में पारदर्शिता रहेगी, कार्यपालिका पर नियंत्रण रहेगा। शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सबसे जरूरी है। जनता हमें काफी अपेक्षाओं के साथ चुनकर भेजती है। जनता समझती है कि विधायक ही सरकार तक उनकी बात पहुंचाते हैं। पूरे ज्ञान के साथ विधानसभा में आप चर्चा करेंगे तो कार्यपालिका की उत्तरदायी बढ़ेगी। बिहार की जैसी विरासत है, वैसा ही नेतृत्व बिहार का हो, मेरी यही शुभकामनाएं हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि जनता द्वारा चुनकर हम सदन में आते हैं। हम सिर्फ कानून ही नहीं बनाते बल्कि कार्यपालिका का भी काम करते हैं। जब कहीं दुर्घटना होती है तो लोग फोन करते हैं कि विधायक जी मेरे बेटे का पोस्टमार्टम करवा दीजिए, एसडीएम को फोन कर दीजिए। कभी-कभी रात में 2:00 बजे लोग फोन करते हैं कि मेरे भाई को ब्रेन हेमरेज हो गया है, इमरजेंसी में आईसीयू दिलवा दीजिए। कहीं अग्निकांड होता है तो अफसर से पहले ग्रामीण अपने विधायक को खोजते हैं। इसलिए विधायक को भगवान का दूसरा रूप धरती पर मैं मानता हूं।

**बिहार विधानसभा का स्थापना दिवस समारोह**



### नीतीश के नेतृत्व में बिहार ने पूरी दुनिया में बनाई पहचान : हरिवंश

राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास हमेशा भविष्य बनाने की ताकत देता है। इसलिए उसे हमेशा याद रखना चाहिए। मैं सोच रहा था बिहार ने कहां पर प्रगति की है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरी दुनिया में बिहार में पहचान बनाई है। बिहार बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च हो रहा है। बिहार देश का बहुत अग्रणी और विकसित राज्य बनने की ओर है। सारे पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर बिहार में रिकॉर्ड किया जा रहा है। इससे सूचना आसानी से प्राप्त हो सकेगी। नई टेक्नोलॉजी से विधायक आसानी से काम कर सकते हैं। हरिवंश ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में पंडित जवाहरलाल जी की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में मर्यादा जरूरी है। नेहरू ने कहा था कि संस्थानों में विधायक जैसा आचरण करते हैं, नीचे के लोग उसे ही अपनाते हैं।

### बिहार से बहुत कुछ सीखने की हैं चीज़ें : किरेण रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजु ने कहा कि बिहार को हमलोग मदद भी करेंगे और बिहार से बहुत कुछ सीखेंगे भी। आलोक मेहता मेरे साथ पार्लियामेंट में थे 2004 में, बिहार से जो भी जीत कर आते हैं, वह अच्छे वक्ता होते हैं। किरेण रिजिजू ने कहा कि हम मजबूत होंगे तो लोकतंत्र मजबूत होगा। एक कमजोर आदमी किसी को मजबूत नहीं कर सकता। हम चुन कर तो आए हैं लेकिन अगर हम संपन्न नहीं है। हमारे पास सुविधा नहीं है तो लोगों की समस्या का समाधान कैसे कर पाएंगे। इसलिए नेशनल ई विधान काफी काम आने वाला है।

### सदन की मर्यादा-परंपरा में योगदान निभाएं सदस्य : प्रेम कुमार

डिजिटल हाउस का उद्घाटन लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने किया। इसके बाद बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने समारोह को संबोधित किया। प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र चुनाव से नहीं बल्कि संस्थाओं की गरिमा और जनता की सहभागिता से होता है। लोकतांत्रिक संस्थाओं से जनता की अपेक्षा बढ़ गई है। सकारात्मक आलोचना आधुनिक विधानसभा की पहचान होनी चाहिए। सभी सदस्य, सदन की मर्यादा और परंपरा में अपना योगदान निभाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में दो सेंटरों पर सीटेट परीक्षा रद्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सीटीईटी परीक्षा के दौरान बिहार के वैशाली जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। परीक्षा के दिन अचानक दो परीक्षा केंद्रों पर हंगामे की स्थिति बन गई। इसके चलते सीबीएसइ को इन दोनों सेंटरों पर परीक्षा रद्द करनी पड़ी। इससे कई छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बाकी सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक और सफल तरीके से पूरी कराई गई। सीबीएसइ की तरफ से जारी नोटिस के मुताबिक देशभर में कुल 1803 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### छात्रा से रेप की कोशिश में शिक्षक गिरफ्तार

**सीवान (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एक सरकारी शिक्षक ने नाबालिग छात्रा के साथ रेप की कोशिश की। मामला बसंतपुर थाना क्षेत्र का है। घटना से आक्रोशित लोगों ने शिक्षक को पकड़कर उसका सिर मुंड दिया। फिर उसका मुंह काला किया और जूतों की माला पहनाकर उसे बाजार में घुमाया गया। छात्रा के पिता ने पुलिस थाने में एफआईआर दर्जकराई। इसके बाद शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया।

### चार दोस्तों ने खा लिया कीटनाशक, दो की मौत

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में चार दोस्तों ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। इसके बाद दो युवकों की मौत हो गई जबकि अन्य दो की हालत गंभीर बनी हुई है। चारों युवक आपस में दोस्त थे और गां व-घर में जाकर लौंडा नाच कार्यक्रम करते थे। घटना के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। मामला कनरिया थाना क्षेत्र के फरेवा मुसहरी गांव की है। मृतकों की पहचान राजा कुमार और सन्नी देवल कुमार के रूप में हुई है। दो अन्य बीमार लड़के नाबालिग हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

### कदाचार में शामिल दो परीक्षार्थी निष्कासित, छह फर्जी धराए

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा के पांचवें दिन शनिवार को प्रथम पाली में रसायन विज्ञान और दूसरी पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा 1762 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। दो जिलों से कदाचार में शामिल दो परीक्षार्थी निष्कासित किए गए। इनमें एक परीक्षार्थी भोजपुर और दूसरा अरवल जिले से पकड़ा गया। वहीं तीन जिले में दूसरे के बदले परीक्षा देते हुए छह नकलची भी धराए। इनमें नवादा जिले से सर्वाधिक चार और नालंदा और लखीसराय जिले से एक-एक नकलची धराए। शेष अन्य जिलों से निष्कासन और नकलची के पकड़े जाने की संख्या शून्य रही। पहली पाली में 621653 परीक्षार्थियों के लिए रसायन विज्ञान विषय की परीक्षा 9:30 बजे से 12:45 बजे तक आयोजित हुई।

**मुख्यमंत्री ने 1224 विशेषज्ञ और मेडिकल ऑफिसर्स को दिया नियुक्ति पत्र**

# गांवों और दूरदराज के इलाकों तक पहुंचेगी बेहतर चिकित्सा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को राजधानी पटना स्थित ऊर्ज़ा ऑडिटोरियम में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1224 नवनियुक्त विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से डॉ. अमन प्रकाश, डॉ. गुनाल कुमार, डॉ. रौशन कुमार, इन्दु कुमारी, रविकांत कुमार, डॉ. उत्कर्ष शर्मा, आशीष रंजन, आलोक रंजन और अभिषेक कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्ति पत्र वितरण के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनियुक्त चिकित्सकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के हर नागरिक को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। इसके लिए चिकित्सा पदाधिकारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने आशा जताई कि सभी चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। नवनियुक्त डॉक्टरों से अपेक्षा की गई कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ आम जनता की सेवा करें ताकि राज्यवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव निशांत शर्मा, चिकित्सा अधिकारी संगठन के प्रतिनिधि सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार का भविष्य नॉर्थ ईस्ट से जुड़ा : किरेन रिजिजू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस वार्ता की। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी और विधान परिषद सदस्य संजय मयुख भी मौजूद रहे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार का भविष्य देश के पूर्वोत्तर के विकास से गहराई से जुड़ा हुआ है और केंद्र सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 'पूर्वोदय' के नाम से कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका सीधा लाभ बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र देश के विकास का नया इंजन बनने जा रहा है और केंद्र सरकार इस पर विशेष ध्यान दे रही है। केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं को गिनाते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि इस बार के बजट में युवाओं के लिए रोजगार और नौकरियों पर अलग से बल दिया गया है। ग्रामीण इलाकों में रोजगार सृजन के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं जिससे पलायन पर रोक लगेगी और स्थानीय स्तर पर अवसर बढ़ेंगे। सरकार का उद्देश्य है कि विकास का लाभ शहरों तक सीमित न रहे बल्कि गांव-गांव तक पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने देश के सभी जिलों में गर्ल्स हॉस्टल स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इससे बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। रिफॉर्म एक्सप्रेस चल चुकी है अब यह रुकने वाली नहीं है बल्कि और तेज गति से आगे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने हाई लेवल रेगुलेटरी रिफॉर्म कमेटी का गठन किया है जो आम लोगों और उद्योगों से जुड़ी छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान करेगी और सिस्टम को सरल बनाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बजट में मिडिल क्लास को बड़ी सहूलियत दी गई है। गंभीर बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों पर इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती की गई है जिससे इलाज सस्ता होगा। इससे आम आदमी और मध्यम वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। किरेन रिजिजू ने कहा कि यह बजट सुधार, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है और आने वाले समय में इसका असर जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देगा।

# बिहार में अप्रैल 2026 से शुरू होगी जनगणना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में होने वाली जनगणना को लेकर राज्य सरकार ने आधिकारिक रूप से तारीखों की घोषणा कर दी है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने बताया कि बिहार में जनगणना का काम दो फ़ेजों में किया जाएगा। इसकी कुल अवधि करीब 45 दिन होगी। यह जिम्मेदारी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जनगणना विभाग को सौंपी गई है। जनगणना का पहला चरण अप्रैल 2026 में शुरू होगा। इस दौरान मकानों और घरों से जुड़ी जानकारी जुटाई जाएगी। सिन्हा ने बताया कि यह चरण 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक चलेगा। इसके बाद दूसरा चरण शुरू होगा। इसमें घर-घर जाकर लोगों से जुड़ी पूरी जानकारी ली जाएगी। यह काम 2 मई से 31 मई 2026 तक पूरा किया जाएगा। इस सर्वे के दौरान हर परिवार की स्थिति, घर में उपलब्ध सुविधाएं और अन्य बुनियादी जानकारियां दर्ज की जाएंगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम 1948 के तहत होगी और लोगों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। किसी भी जानकारी का दुरुपयोग नहीं किया जाएगा। इस बार की जनगणना को खास माना जा रहा है क्योंकि इसमें जाति से जुड़ी जानकारी भी शामिल की जाएगी। केंद्र सरकार पहले ही संसद में स्पष्ट कर चुकी है कि जनगणना हमेशा दो चरणों में होती है। दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्थिति से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं।

### नाच के दौरान फायरिंग में युवक की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के ढोड़नडीह में एक शादी समारोह में नाच के दौरान फायरिंग की गई, जिसमें गोली लगने से वीर बहादुर सिंह नामक युवक की मौत हो गई। मृतक की उम्र महज लगभग 25 वर्ष थी। वह ढोड़नडीह गांव का ही रहने वाला था। पुलिस का कहना है कि हत्यारा मृतक का करीबी मित्र है। बताया जाता है कि बीते रात भोजपुर जिला के बिहिया के यादवपुर से एक बारात आई हुई थी। उस बारात में नाच की व्यवस्था थी। शनिवार अहले सुबह नाच के दौरान फायरिंग हो गई। मौत की सूचना पर बिक्रमगंज के डीएसपी सिंधु शेखर सिंह भी पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी गई है। डीएसपी सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। वह भी इसी ढोड़नडीह गांव का है। युवक और हत्यारा पहले से परिचित हैं। मृतक राजेश्वर सिंह का पुत्र था। वहीं ग्रामीण कमल प्रसाद ने बताया कि बीती रात एक शादी समारोह के दौरान ढोढनडीह गांव में नाच प्रोग्राम चल रहा था। स्टेज पर चढ़ने को लेकर वीर बहादुर और उसके दोस्तों के बीच विवाद हुआ। पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है।






# प्रत्येक गांव में होगा दुग्ध उत्पादन समिति का गठन : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगले पांच साल में एक करोड़ नौकरी और रोजगार के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने गांव तक रोजगार का रास्ता निकाल लिया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने इसकी योजना भी बता दी है। उन्होंने शनिवार सुबह सोशल मीडिया पर लिखा कि सात निश्चय-3 के तीसरे निश्चय 'कृषि में प्रगति-प्रदेश में समृद्धि' के तहत डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय लिया गया है ताकि पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य मिल सके। राज्य के कुल 39,073 गांवों में से 25,593 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन किया जा चुका है। हमलोगों ने शेष सभी गांवों में अगले दो वर्षों के अंदर दुग्ध उत्पादन समितियों के गठन का निर्देश पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने आगे कहा कि सात निश्चय-2 के तहत राज्य के सभी प्रखंडों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है। अब सात निश्चय-3 के अन्तर्गत राज्य की सभी पंचायतों में भी सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में राज्य की कुल 8053 पंचायतों में से 100 पंचायतों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित हो चुके हैं। अब शेष सभी 7953 पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंत तक सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र खोलने का निर्देश दिया गया है। राज्य की पंचायतों में खुलने वाले नए सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभान्वित जीविका दीदियों को आवंटित करने का निर्देश दिया गया है। इससे राज्य के ग्रामीण इलाकों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। सीएम नीतीश कुमार ने आगे कहा कि राज्य में डेयरी व्यवसाय बढ़ने से ग्रामीण इलाकों में अपने गांव में ही लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और उनकी आमदनी बढ़ेगी। साथ ही लोगों के लिए दूध एवं दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और राज्यवासियों के जीवन में समृद्धि आएगी।

### गांधी मैदान में बागवानी महोत्सव का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण

# बागवानी से आय वृद्धि, आत्मनिर्भरता की दिशा में बिहार अग्रसर : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि गांधी मैदान, पटना में आयोजित बागवानी महोत्सव के दूसरे दिन किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। महोत्सव का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर फसल विविधिकरण एवं बागवानी आधारित कृषि की ओर प्रेरित करना है जिसमें आधुनिक तकनीक, नवाचार और बाजार से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंत्री ने बताया कि आज के कार्यक्रम में किसानों के लिए विशेष तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें देश के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। 'फसल विविधिकरणः पारंपरिक खेती बनाम बागवानी फसलें'



विषय पर डॉ राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के वैज्ञानिक डॉ नीरज ने विस्तार से जानकारी दी। वहीं विदेशी फसलों की उत्पादन तकनीक एवं संरक्षित खेती पर बिहार कृषि विश्विवद्यालय, सबौर, भागलपुर के वैज्ञानिकों तथा मां एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के विशेषज्ञों श्रीमती संगीता, एस के सिंह एवं दिलीप महाराज ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि मखाना के प्रसंस्करण एवं विपणन पर भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती पर सी आई एमएपी, लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ राकेश कुमार तथा प्याज की वैज्ञानिक खेती पर बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के वैज्ञानिक डॉ एम डी ओझा ने उपयोगी जानकारियां दीं। इसके अतिरिक्त 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई के लाभों पर अवनीश कुमार भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों एवं उद्यान विभाग के पदाधिकारियों के साथ किसानों का संवाद, चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिससे महोत्सव और अधिक जीवंत बन गया। कृषि मंत्री ने बताया कि महोत्सव स्थल पर कुल 60 सुव्यवस्थित काउंटर स्थापित किए गए हैं जहां किसानों एवं आगंतुकों को बागवानी क्षेत्र से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं, नवीनतम तकनीकी नवाचारों तथा उत्पादों की समग्र, प्रामाणिक और व्यावहारिक जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही आगंतुक इन काउंटरों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले बागवानी उत्पादों की खरीदारी भी उत्साहपूर्वक कर रहे हैं। इन दो दिनों के दौरान उद्यानिकी पौधों एवं बागवानी उत्पादों की कुल 13.5 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की गई। मंत्री ने बताया कि किसानों, उद्यमियों और युवाओं को बागवानी से जुड़ी नवीनतम तकनीकों, उन्नत पौध सामग्री तथा फल-सब्जी उत्पादन, प्रसंस्करण, संरक्षण और विपणन की आधुनिक प्रणालियों से अवगत कराने के उद्देश्य से यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव बागवानी क्षेत्र में ज्ञान, नवाचार और नए अवसरों को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध होगा।

# मुख्यमंत्री ने पशुपालन निदेशालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र के नवनिर्मित भवन का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार वेटनरी कॉलेज कैम्पस में पशुपालन निदेशालय तथा राज्य स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने फार्मर्स ट्रेनिंग हॉल सहित भवन के विभिन्न भागों का जायजा लिया और वहां उपलब्ध करायी जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भवन परिसर की चहारदीवारी को ऊंचा करायें। साथ ही परिसर को साफ सुथरा एवं व्यवस्थित रखें। उन्होंने कहा कि भवन अच्छा बना है। यहां किसान आकर प्रशिक्षण ले सकेंगे जिससे उन्हें काफी फायदा होगा। हमलोग कृषकों एवं पशुपालकों के हित में लगातार काम कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., निदेशक, पशुपालन उज्ज्वल कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने पूर्वी भारत में मजबूत की अपनी मौजूदगी, बिहार में चार नई शाखाएं शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज पूर्वी भारत में अपने नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की। इसके तहत बिहार में महाराजगंज, सिवान, खगड़िया और हसनपुर में चार नई शाखाएं खोली गई हैं। यह विस्तार बैंक की वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और खासकर अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों, घर खरीदने की चाह रखने वालों और वंचित समुदायों को सहयोग देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उज्जीवन एसएफबी देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 98.8 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं देता है। बिहार में खोली गई ये चार नई माइक्रो बैंकिंग शाखाएं मुख्य रूप से ग्रुप लोन और इंडिविजुअल लोन पर ध्यान देंगी जिनका उद्देश्य महिला उद्यमियों, छोटे कारोबारियों और स्वरोजगार करने वालों को सशक्त बनाना है। इन शाखाओं से 40-45 स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा होने की उम्मीद है जिससे बिहार की अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के हेड-माइक्रोबैंकिंग एवं गोल्ड लोन विभास चंद्रा ने कहा बिहार हमारे लिए एक अहम विकास बाजार है जहां उद्यमशीलता की मजबूत भावना और भरोसेमंद बैंकिंग सेवाओं की बढ़ती मांग दिखती है। नई शाखाओं की शुरुआत जमीनी स्तर पर वित्तीय सशक्तिकरण के प्रति उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम पूर्वी भारत में अपनी मौजूदगी को मजबूत करना चाहते हैं। इसके लिए हम ऐसी आसान, सुलभ और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेंगे जो व्यक्तियों, छोटे कारोबारियों और युवा उद्यमियों की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकें। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का लायबिलिटी और एसेट, ग्राहक आधार उसकी संतुलित और समावेशी विकास रणनीति को दर्शाता है। बैंक ग्राहकों को सेविंग्स और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड और रिकरिंग डिपॉजिट्स, डीमैट और इंश्योरेंस सेवाएं साथ ही माइक्रोफाइनेंस, आवास, एमएसएमई, कृषि, वाहन और गोल्ड लोन जैसी व्यापक वित्तीय सेवाएं लगातार प्रदान करता है।

## बजट में बिहार सहित पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए कई योजनाओं की घोषणा : किरण रिजीजू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय मंत्री किरण रिजूजू ने केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट 2026-27 को लेकर कहा कि पूर्वोत्तर भारत का भविष्य बिहार पर टिका हुआ है। इस बार का बजट विकसित भारत की नींव को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों के लिए इस बजट में कई योजनाएं की घोषणा की गई हैं। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजूजू ने कहा कि इस बजट में बिहार के लिए काफी कुछ है। बिहार के युवाओं के रोजगार के लिए बल दिया गया है। ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर पैदा करने पर इस बजट में ध्यान दिया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी कई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' बहुत गति से आगे बढ़ चुका है जो रुकने वाला नहीं है। 2047 में विकसित भारत के लिए पिछले दो कार्यकाल में यह एक्सप्रेस जिस गति से आगे बढ़ा है उससे कई गुना रफ्तार से अब आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि छोटे कार्यों के लिए जो कई प्रावधान होते थे, उसे हटाने की भी पहल इस बजट में की गई है। एक हाई लेवल लिगरेट्री रिफॉर्म्स कमिटी बनाई गई है जो आम लोगों के कागजी कार्रवाई पूरा करने में दिक्कत होती थी, उसे कम करने को लेकर कार्य करेगी।

## दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने किया 'सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के एजी कॉलोनी स्थित आर सी सेंट्रल स्कूल में शनिवार को दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के तत्वावधान में दो घंटे का सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं सरल परिचय से हुई जिसमें बच्चों को आसान भाषा में सड़क की उपयोगिता और सुरक्षित रहने के महत्व के बारे में समझाया गया। इसके बाद छात्रों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई जिसमें ट्रैफिक नियमों का पालन करने, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने, मोबाइल का प्रयोग न करने, हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए ट्रैफिक सिग्नल गेम का आयोजन किया गया जिसमें रेड, येलो और ग्रीन सिग्नल के माध्यम से खेल-खेल में यातायात नियम सिखाए गए। साथ ही पोस्टर व पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता, यातायात संकेत पहचान गतिविधि, रंग भरो प्रतियोगिता (प्राइमरी वर्ग) तथा सड़क सुरक्षा क्विज का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विषय 'सुरक्षित सड़क, सुरक्षित जीवन', 'आज सावधानी, कल खुशहाली', हेलमेट का महत्व और स्कूल जाते समय सुरक्षा जैसे रहे। अतिरिक्त गतिविधियों में ट्रैफिक साइन कार्ड पहचान, सही-गलत खेल और हेलमेट पहनने का डेमो बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंत में सक्रिय प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा कुछ छात्रों को 'सड़क सुरक्षा एंबेसडर' की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के निदेशक डॉ. राकेश दत्त मिश्र, अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष डॉ. ऋचा दुबे, कोषाध्यक्ष प्रेम सागर पाण्डेय सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार मिश्र तथा शिक्षकगण राजकुमार दूबे, शिव कुमार साहू, सविता कुमारी, ज्योति कुमारी, अमृता सिन्हा, निशा कुमारी, काजल कुमारी, दीक्षा कुमारी, रामविनय सिंह, नरेश प्रसाद, राकेश कुमार, चंचला कुमारी, धर्मेन्द्र कुमार सुधांशु एवं अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना था जिसमें फाउंडेशन और विद्यालय परिवार पूरी तरह सफल रहा।

## आरबीआई ने ब्याज दरों में किया यथास्थिति का फैसला

### एफवाई27 में 5.25 प्रतिशत अंतिम दर की संभावना : एचडीएफसी बैंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आरबीआई ने उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है क्योंकि हालिया विकास की गति और घोषित व्यापार समझौतों से संभावित सकारात्मक प्रभावों को देखते हुए उसे राहत मिली है। वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के लिए जीडीपी वृद्धि के पूर्वानुमानों में किए गए संशोधन में यह बात परिलक्षित हुई। हाल ही में हुए व्यापार समझौते की घोषणा के मद्देनजर, हम वित्त वर्ष 2027 के लिए अपने 6.9 प्रतिशत के विकास पूर्वानुमान में 20-30 बीपीएस की वृद्धि की उम्मीद करते हैं। दूसरी ओर आरबीआई ने वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के लिए अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमानों को भी संशोधित किया है और मुद्रास्फीति में वृद्धि के जोखिमों के प्रति आगाह किया है। हम देखते हैं कि कीमती धातुओं की कीमतों में वृद्धि के अलावा, आधार धातुओं की कीमतों और इनपुट लागतों में वृद्धि के साथ-साथ मौसम संबंधी व्यवधानों के कारण होने वाले किसी भी जोखिम से भविष्य में मुद्रास्फीति के अनुमानों में और अधिक वृद्धि की संभावना बढ़ जाती है। आज के संचार से हमारे इस दृष्टिकोण की पुष्टि होती है कि यह ब्याज दर में कटौती के चक्र का अंत होने की संभावना है और वित्त वर्ष 2027 में 5.25% अंतिम दर हो सकती है। हाल ही में आरबीआई द्वारा उठाए गए कदमों के चलते सिस्टम में तरलता की स्थिति में सुधार हो रहा है, इसलिए हम वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में तरलता पर और घोषणाओं की उम्मीद नहीं करते हैं और उम्मीद करते हैं कि परिस्थितियां व्यापक रूप से अनुकूल बनी रहेंगी जिससे धन का हस्तांतरण संभव हो सकेगा।

# हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद विशाल युवा केंद्र का मामला वर्षों से लंबित

### जिम्मेदारी युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत फ्रेंचाइजी मोड में संचालित विशाल युवा केंद्र का मामला युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण कई वर्षों से लंबित है। पटना उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को आनंद रंजन झा के पक्ष में निर्णय लेने की स्पष्ट आजादी दिए जाने के बावजूद न तो केंद्र का बैंक खाता अद्यतन किया गया है न ही नामांकन पुनः प्रारंभ किया गया है और न ही लंबित वैध भुगतान का निस्तारण किया गया है।



यह निर्विवाद तथ्य है कि वर्ष 2017 से विशाल युवा केंद्र का वास्तविक, निरंतर एवं पूर्ण संचालन आनंद रंजन झा द्वारा किया जा रहा है। केंद्र से संबंधित भवन किराया, कंप्यूटर सिस्टम, मानव संसाधन, बिजली, इंटरनेट सहित समस्त परिचालन व्यय उनके द्वारा ही वहन किए गए हैं। इसके बावजूद विभागीय व्यवस्था के तहत भुगतान एक ऐसे एनजीओ को किया जाता रहा जिसकी केंद्र संचालन में कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं रही है। आनंद रंजन झा ने प्रश्न उठाया कि जब विशाल युवा केंद्र के नाम से विधिवत बैंक खाता उपलब्ध है और उसका संचालन वही कर रहे हैं तो किसी अन्य एनजीओ को भुगतान देना नियमों के विपरीत तथा गंभीर प्रशासनिक त्रुटि है। कोरोना काल में भुगतान रोके जाने से केंद्र आर्थिक संकट में चला गया। वर्ष 2021 में श्रम अधीक्षक एवं जिला कौशल प्रबंधक द्वारा की गई जांच में एकतरफा एवं भ्रामक रिपोर्ट के आधार पर केंद्र का नामांकन बाधित है जबकि भवन का वैध किरायानामा आनंद रंजन झा के नाम पर है और किराया नियमित रूप से ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि संबंधित एनजीओ के विरुद्ध व्यवहार न्यायालय, हाजीपुर में लंबित हैं जबकि उसी एनजीओ द्वारा आनंद रंजन झा के विरुद्ध दायर तथ्याभाव में खारिज हो चुका है। एनजीओ के पदाधिकारियों पर 10 लाख के चेक बाउंस का मामला भी न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के 5 लाख रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने की घटना ने विभागीय निर्णय-प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आनंद रंजन झा ने मांग की है कि विशाल युवा केंद्र के नाम से संचालित वैध बैंक खाते को तत्काल स्वीकृति दी जाए, सभी लंबित भुगतान उसी खाते के माध्यम से किए जाएं तथा केंद्र का नामांकन शीघ्र पुनः प्रारंभ किया जाए। ताकि केवाइपी के अंतर्गत युवाओं का प्रशिक्षण कार्य पुनः सुचारु हो सके।

## विशेष आइपीओ समिति ने पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की स्थापना को दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एनएसई ने अपने आईपीओ से जुड़े नियम और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया है। इसके लिए एक विशेष आईपीओ समिति दोबारा गठित की है। यह समिति लिस्टिंग की पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी और उसकी निगरानी करेगी। पुनर्गठित समिति में तबलेश पांडेय चेयरपर्सन (नन इंडेपेंडेंट डायरेक्टर), श्रीनिवास इंजेती, प्रो. (डॉ.) ममता बिस्वाल, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अभिलाषा कुमारी, प्रो. जी. शिवकुमार सभी मेंबर (पब्लिक इंटरेस्ट डायरेक्टर), आशीष कुमार चौहान-मेंबर (मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ) होंगे। इसके साथ ही एनएसई के बोर्ड ने नियामकीय मंजूरी के अधीन एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की स्थापना को मंजूरी दी है। इसके माध्यम से एक कोयला एक्सचेंज स्थापित किया जाएगा। प्रस्तावित सहायक कंपनी का नाम नेशनल कोल एक्सचेंज/भारत कोल एक्सचेंज/इंडिया कोल एक्सचेंज हो सकता है। इसे मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स ने स्वीकृति दी है। इस कंपनी का गठन कोयला मंत्रालय द्वारा जारी प्रस्तावित कोल रेगुलेशंस, 2025 के अनुरूप किया जाएगा। एनएसई ने प्रस्तावित सहायक कंपनी में 100 करोड़ रुपए तक के पूंजी निवेश को मंजूरी दी है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष लिया स्वच्छता का संकल्प

### डॉ नीतू कुमारी नवगीत द्वारा खादी मॉल में चलाया गया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के संबंध में लोगों को जानकारी देने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत द्वारा पटना के गांधी मैदान एरिया तथा खादी मॉल में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके तहत लोगों से अपील की गई




कि स्वच्छता रैंकिंग में पटना के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आगे आएं और स्वच्छता सर्वेक्षण में बढ़-चढ़ कर भाग लें। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छ आदतों को अपनाना जरूरी है, तभी शहर की स्वच्छता सुनिश्चित की जा सकती है। नीतू नवगीत ने यह भी कहा कि स्वच्छ आदतें और कूड़ा निष्पादन हमारे दैनिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में डालें। पॉलिथीन बैग की जगह कपड़े के बैग का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक को रीसाइकल करें साथ ही प्लास्टिक को रीसाइकल करने के लिए जमा भी करें। कूड़ा डस्टबिन में डालें, उन्हें कभी भी जमीन पर न फेंके, डस्टबिन का सदा उपयोग करें। नीतू नवगीत के साथ अन्य कई लोगों ने भी स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और अपने शहर को साफ रखने के लिए उचित तरीके से कूड़ा निष्पादन करने और दूसरे लोगों को इसके लिए प्रेरित करने संबंधित संकल्प लिया।

## अलकतरा घोटाला मामले में ट्रांसपोर्टर को सजा, मंत्री समेत 17 बरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय जांच ब्यूरो पटना की एक विशेष अदालत ने करोड़ों रूपयों के बहुचर्चित अलकतरा घोटाले के एक मुख्य मामले में आज जहां एक ओर एक ट्रांसपोर्टर को आठ माह के सश्रम कारावास की सजा के साथ पचास हजार रुपए का जुर्माना भी किया, वहीं दूसरी ओर इसी मामले में राज्य के पूर्व पथ निर्माण मंत्री मोहम्मद इलियास हुसैन समेत 17 अभियुक्तों को बरी कर दिया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद कोलकाता के एक ट्रांसपोर्टर कृष्ण कुमार केडिया को भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। इस मामले में अदालत ने पूर्व पथ निर्माण मंत्री मोहम्मद इलियास हुसैन, उनके निजी सचिव मोहम्मद शहाबुद्दीन बेग, तत्कालीन पथ निर्माण विभाग के आयुक्त सह सचिव डी पी महेश्वरी समेत अन्य 17 अभियुक्तों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। मामला बिहार सुपौल जिले के पथ निर्माण विभाग में करीब एक करोड़ नौ लाख रुपए के 2166 मैट्रिक टन अलकतरा के घोटाले का था। आरोप के अनुसार ट्रांसपोर्टर ने वर्ष 1992 से 1996 के बीच छह आपूर्ति आदेश के अनुसार हल्दिया से अलकतरा का उठाव किया था, लेकिन 2166 मैट्रिक टन अलकतरा की कम आपूर्ति की थी। इस मामले में 28 लोगों के खिलाफ आरोप का गठन किया गया था जिनमें से सुनवाई के दौरान 10 लोगों की मृत्यु हो गई। सीबीआई ने इस मामले में आरोप साबित करने के लिए 25 गवाहों का बयान अदालत में कलम बंद करवाया था। मामले की प्राथमिकी आर सी 32 ए / 1997 के रूप में दर्ज की गई थी।

## कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के पटना पश्चिम अध्यक्ष बने प्रवीण आनंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के संगठन को विस्तार देते हुए प्रवीण आनंद को पटना पश्चिमी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुमोदन के बाद की। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण आनंद ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें एक सशक्त संगठन की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने संकल्प लिया कि वे व्यापारियों की समस्याओं और मांगों को हर स्तर पर मजबूती से उठाएंगे। प्रवीण



आनंद ने कहा आने वाले समय में जिले के हर प्रखंड में सदस्य बनाए जाएंगे और विभिन्न व्यापारिक संगठनों को कैट से जोड़कर एक प्रभावी टीम का निर्माण किया जाएगा। उनकी नियुक्ति पर गिरेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, अल्तमश हैदर, सहवाज आलम, श्रवण कुमार और राहुल कुमार सहित कई व्यवसायियों ने बधाई दी।

## एटीएम कार्ड फंसा 18 हजार की निकासी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कालेज स्थित एटीएम में कर फंसा 18500 रुपये की निकासी कर ली गई। पुलिस के अनुसार नारायण मेडिकल कॉलेज में कार्यरत उत्तम कुमार अस्पताल के पास एटीएम से राशि निकालने गए तो उनका कार्ड फस गया जिसकी शिकायत उन्होंने एटीएम के अंदर दी हुई मोबाइल पर संपर्क किया। शिकायत के बाद उसे एक बैक के पास बुलाया गया। बैंक के पास कोई नहीं मिला। इस बीच 18,500 रूपये तीन बार में निकाल लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तेजस्वी प्रसाद यादव का प्रदेश कार्यालय पटना में भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का आज अभिनंदन समारोह का आयोजन राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय पटना में किया गया जिसमें पार्टी के सभी सांसद, विधायक पार्टी के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सभी पदाधिकारियों तथा बिहार के सभी जिला के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अभिनंदन समारोह के अवसर पर



मेरे द्वारा अंग वस्त्र एवं भगवान बुद्ध का मूर्ति भेंट किया गया तथा कर्पूरी सभागार में उपस्थित सभी लोगों के द्वारा मोमेंटो, अंग वस्त्र, गुलदस्ता तथा फूल माला से नेता का स्वागत किया गया तथा उनसे पार्टी को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा करने का आग्रह किया गया। अपने संबोधन में तेजस्वी जी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सबका सहयोग मांगते हुए कहा कि आपके बदौलत पार्टी को फिर से एक बार राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलवाने के लिए अथक प्रयास किया जाएगा। देश भर में संगठन को मजबूत करने के लिए सघन दौरा कर पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

CMYK

# डीएम ने लोक शिकायत निवारण के तहत पंद्रह मामलों का किया निस्तारण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी द्वारा शनिवार को लोक शिकायत निवारण अंतर्गत प्राप्त द्वितीय अपील आवेदनों पर सुनवाई की गई जिसके दौरान पंद्रह मामलों का निस्तारण किया गया। लोक शिकायत निवारण के द्वितीय अपील अन्तर्गत प्राप्त 21 अपील आवेदनों पर जिलाधिकारी, रोहतास द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी, बिक्रमगंज उपस्थित रहे। परन्तु, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिक्रमगंज अन्य कारण से उपस्थित नहीं हुए जिसके कारण उनसे संबंधित परिवाद पर सुनवाई नहीं किया गया। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान जितेन्द्र कुमार ओझा, कमता सिंह, आनंद कुमार हिरा, उमाकान्त तिवारी, हेरराम यादव, लाखो देवी, राकेश कुमार आदि के शिकायतों का निराकरण करते हुये निष्पादित किया गया। शेष मामले में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहे। साथ हीं लोक प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश भी दिये गये।

## डीएम ने 6 आम नागरिकों से किया साक्षात्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के द्वारा शनिवार को दैनिक साक्षात्कार के क्रम में कुल 6 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम में आवेदिका विनिता मंडल, पति - ओम प्रकाश चौटाला, निवासी जोगवलिया तोरनी करगहर के द्वारा पति एवं ससुराल वालों के द्वारा प्रताड़ित करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे अविलंब जांच कर त्वरित कार्रवाई करने हेतु महिला हेल्पलाइन, रोहतास को निदेशित किया गया। आवेदिका ललीता देवी, ग्राम- किनरचोला, पोस्ट- डिहरियां, थाना-चेनारी के द्वारा मकान बनाने में उत्पन्न विवाद को निपटारा हेतु शिकायत पत्र दिया गया जिसे निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम को अग्रसारित किया गया। आवेदक राजेश कुमार, पिता - शिवजगी राम, ग्राम - मल्हीपुर, पोस्ट- ममरेजपुर, थाना-चेनारी के द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति के संबंध में आवदेन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु जिला शस्त्र दंडाधिकारी, निदेशित किया गया। आवेदक सुनिल राम, ग्राम-नाद, पोस्ट - बाद, थाना- शिवसागर द्वारा खतियान निकालने के संबंध में आवेदन पत्र दिया गया जिसे शीघ्र निराकरण हेतु जिला अभिलेखागार पदाधिकारी, सासाराम को निदेशित किया गया। अतिक्रमण संबंधी मामला को सुलझाने हेतु आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु। इसी प्रकार शेष सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित कार्यालयों / पदाधिकारियों को

## आरपीएफ-जीआरपी की कार्रवाई में छह नाबालिग बच्चियों का रेस्क्यू, महिला तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी डिहरी ऑन-सोन की संयुक्त टीम ने बाल मजदूरी के लिए ले जाई जा रही 6 नाबालिग बच्चियों को रेस्क्यू करते हुए महिला बाल तस्कर को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 6 फरवरी 2026 को स्टेशन परिसर में की गई। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के उप निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आरक्षी मुकेश कुमार दुबे, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (बी.बी.ए.) डीडीयू की प्रतिनिधि चंदा गुप्ता तथा जीआरपी डिहरी ऑन-सोन की महिला आरक्षी जूही कुमारी की संयुक्त टीम स्टेशन पर चेकिंग एवं निगरानी कर रही थी। इसी दौरान पश्चिमी ऊपरगामी पुल पर महिला के साथ 6 नाबालिग लड़कियों को संदिग्ध अवस्था में जाते हुए देखा गया। रोककर पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम रेखा देवी (उम्र लगभग 45 वर्ष), पति सोनू साह, निवासी बैकुंठ, थाना खुर्द, जिला-किशनगढ़ (उत्तर प्रदेश) बताया और कहा कि वह बच्चियों को शादी समारोह में वेटर का काम कराने ले जा रही है।

इसके बाद बी.बी.ए. प्रतिनिधि द्वारा बच्चियों से अलग-अलग पूछताछ एवं काउंसलिंग की गई जिसमें सभी नाबालिगों ने बताया कि महिला द्वारा उन्हें 600 रुपये देने का लालच देकर काम पर ले जाया जा रहा था। मामले को बाल श्रम/बाल मजदूरी से जुड़ा पाकर महिला को अपराध से अवगत कराया गया। विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए मौके पर वीडियोग्राफी की गई तथा महिला को आरपीएफ के कब्जे में लिया गया। सभी रेस्क्यू की गई नाबालिग बच्चियों को रेल थाना डिहरी ऑन सोन लाया गया जहां महिला के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे रेलवे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। रेस्क्यू की गई सभी नाबालिग बच्चियों को सुरक्षित रूप से उनके परिजनों तक पहुंचाने हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम, रोहतास को सुपुर्द किया गया है।

## सात स्थानों पर भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** स्थानीय सरस्वती शिशु वाटिका, तिलौथू बाजार में खंड संघचालक जंगलेश प्रसाद चौरसिया की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, तिलौथू की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि वैभव कुमार, जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख उपस्थित रहे जिन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। बैठक में फरवरी माह के दौरान तिलौथू प्रखंड के सात स्थानों पर भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संघ इस वर्ष देशभर में शताब्दी वर्ष समारोह मना रहा है और उसी क्रम में तिलौथू क्षेत्र में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन तिलौथू, सरैया, चंदनपुरा, हुरका, रामडिहरा, भदोखरा, इंद्रपुरी इत्यादि जगहों पर किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वैभव कुमार, विकास कुमार मिश्र, अमित कुमार गुप्ता, अश्विनी कुमार दुबे, लाल बिहारी, हंसराज कुमार सहित कई स्वयंसेवकों के सहयोग से कार्य योजना बनाई गई। खंड संघचालक जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने कहा कि इन सम्मेलनों को सफल बनाने के लिए समाज के संत, विद्वान, समाजसेवी और सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग अपेक्षित है। ताकि समाज में एकता, संस्कार और राष्ट्रभाव का विस्तार हो सके।

## नारायण स्कूल ऑफ लॉ द्वारा पहलेजा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल ऑफ लॉ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रोहतास के संयुक्त तत्वावधान में आज सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत ग्राम पहलेजा, जिला रोहतास में एक व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का औपचारिक एवं प्रभावी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों, विधिक प्रावधानों तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक करना था। ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर न्याय तक सुगम पहुंच सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन फैकल्टी ऑफ लॉ के डीन डॉ. विनोद कुमार सरोज एवं सहायक प्रोफेसर मृत्युंजय तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ. सरोज ने कहा कि विधिक जागरूकता किसी भी लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी नैतिक एवं पेशेवर जिम्मेदारियों को समझने और ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक साक्षरता बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आहवान किया। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय तक सामान्य पहुंच तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक वर्ग कानून की मूलभूत जानकारी रखता हो। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. उमेश चंद्र द्विवेदी एवं डॉ. कलीम अख्तर, सहायक प्राध्यापक, नारायण स्कूल ऑफ लॉ के नेतृत्व में छात्रों की टीम ने गांव में जन-जागरूकता अभियान संचालित किया। इस अवसर पर महिला अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, साइबर अपराध से सुरक्षा, बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई।



विद्यार्थियों ने जन-जागरूकता रैली, संवाद सत्र तथा प्रश्नोत्तर कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को विधिक जानकारी दी। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अपने कानूनी प्रश्न प्रस्तुत किए जिनका समाधान विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों द्वारा सरल एवं स्पष्ट भाषा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम के संयोजकों ने कहा कि नारायण स्कूल ऑफ लॉ का उद्देश्य केवल विधि शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में न्याय एवं विधि के प्रति जागरूकता का प्रसार करना भी है। उन्होंने भविष्य में भी विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक विधिक प्रशिक्षण का अवसर सिद्ध हुआ, बल्कि ग्रामीण समुदाय के लिए भी अत्यंत लाभकारी एवं ज्ञानवर्धक रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया।

## पुलिस वर्दी में चार गिरफ्तार, नकली पिस्टल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफसिल थाना के पहलेजा पावरग्रिड के पास लोगों को टोका टोकी करते पुलिस वर्दी में स्कार्पियो सवार तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एसडीपीओ अतुलेश झा के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि पहलेजा पॉवर ग्रिड के पास कुछ युवक पुलिस की वर्दी पहने हुये आते-जाते लोगों को रोक-टोक कर रहे हैं। वहां पहुंच कर देखा दो युवक पुलिस के वर्दी में एवं अन्य दो सादे लिवास में बीना नम्बर प्लेट के स्कार्पियों के आस-पास घूम रहे हैं। पुलिस की वर्दी पहने दोनों में से एक के कंधे पर डबल स्टार लगा हुआ एवं दूसरे व्यक्ति बिना स्टार का वर्दी पहने हुये को पूछताछ किया गया तो इनके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया न ही कार्य से संबंधित किसी तरह का पहचान पत्र दिखाया गया।

## निगरानी विभाग ने किया शिक्षक को सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मियों को पकड़वाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए शिक्षक को निगरानी विभाग के द्वारा पुरस्कृत किया गया। आदर्श मध्य विद्यालय गोटपा, विक्रमगंज के शिक्षक विद्याभूषण को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के निदेशक जितेंद्र सिंह गंगवार ने किया सम्मानित। अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज के बिक्रमगंज प्रखंड स्थित आदर्श मध्य विद्यालय गोटपा के शिक्षक विद्याभूषण को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के द्वारा मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव निगरानी विभाग, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, तथा कई अन्य सम्मानित अधिकारीयो की उपस्थिति में निदेशक जितेंद्र सिंह गंगवार के द्वारा आयोजित तृतीय सतर्कता सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि बीते वर्ष प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीर कांत शर्मा एवं लेखपाल सुभाष कुमार को निगरानी विभाग द्वारा रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।



## नाच देखने के दौरान चली गोली, युवक की हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में उस समय भगदड़ और अफरा-तफरी मच गयी जब नाच के दौरान ताबड़तोड़ गोलियां चलने लगी और एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। नाच देखने के दौरान चली गोली में एक युवक की मौत हो गयी। घटना सुर्यपुरा थाना क्षेत्र के ढोढनडीह गांव की है जहां शुक्रवार की रात बक्सर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव से बारात ढोढनडीह गांव आई हुई थी। ढोढनडीह गांव के मिथिलेश सिंह की पुत्री की शादी में बारातियों के ठहराव स्थल पर नाच का प्रोग्राम चल रहा था जहां सुबह प्रहर लगभग 5:00 बजे के आसपास नर्तकियों के बीच स्टेज पर चढ़कर डांस करने के दौरान दो युवक के बीच हुई कहा सुनी जिसमें ढोढनडीह निवासी राजेश्वर सिंह के पुत्र 14 वर्षीय युवक वीर बहादुर की सर में गोली लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।

## 10 को नवनिर्मित अनुमंडलीय न्यायिक भवन का होगा वर्चुअल उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नव निर्मित अनुमंडलीय न्यायिक भवन का उद्घाटन आगामी 10 फरवरी को वर्चुअल मोड में किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन से पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनूज कुमार जैन ने अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ नव निर्मित न्यायिक परिसर एवं भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रजत दीप, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार, मुंसिफ अर्चना कुमारी तथा प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋचा कश्यप मौजूद रहीं। निरीक्षण के बाद जिला जज ने भवन की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि 10 फरवरी को न्यायालय का वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने जिला जज के समक्ष अपनी बैठने की समस्या उठाई और कहा कि अधिवक्ताओं के लिए उपलब्ध सीटिंग कैपेसिटी काफी कम है जिसका विस्तार किया जाना आवश्यक है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी ने बताया कि अधिवक्ताओं की बैठने की व्यवस्था से संबंधित लिखित आवेदन निरीक्षी जज, हाई कोर्ट को भी सौंपा जा चुका है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, बार संघ के सचिव रितेश कुमार, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, अंकेक्षक अमरनाथ सिंह, संयुक्त सचिव कमलेश कुमार, सुधीर कुमार, रविंद्र कुमार, उपाध्यक्ष काशीनाथ गुप्ता, रामनाथ पासवान, पूर्व अध्यक्ष रमाकांत दुबे, राजेंद्र कुमार सहित कई अधिवक्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तमंचा लहराने वाले वायरल वीडियो पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास पुलिस कप्तान रौशन कुमार के द्वारा वांछितों की धर पकड़ एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत शनिवार को पुलिस के द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। मालूम हो कि सोशल प्लेटफॉर्म पर एक युवक के द्वारा तमंचा लहराए जाने का वीडियो वायरल हुआ था जिस पर पुलिस ने तुरंत एक्शन लेना मुनासिब समझा और इसके तह तक पहुंचने का दावा किया गया। बताया जाता है कि उक्त युवक शैलेश कुमार काराकाट थाना क्षेत्र के बेनसागर गांव निवासी मदन शाह का पुत्र है। इस संबंध में काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार के हवाले से यह बतलाया गया कि युवक की पहचान कर ली गई है जबकि संबंधित स्थल का खुलासा अभी नहीं हो पाया है एवं युवक अभी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है, लेकिन पुलिस ने बताया कि इस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है और तुरंत ही युवक पुलिस के गिरफ्त में होगा और मामले का शीघ्र ही उद्भेदन कर लिया जाएगा। पुलिस के द्वारा इस तरह की घटनाओं पर एक्शन लेने के इस कार्य को कड़ा संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज के कर्ण विद्या विहार में रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रमदान दिवस के साथ हुई जिसमें निदेशक डॉ. कामेन्द्र सिंह, चेयरपर्सन डॉ. सोनम सिंह और सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. सोनम सिंह ने क्रिकेट मैच और साइक्लिंग रेस के विजेताओं को पुरस्कृत किया। डॉ. कामेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को श्रम अनुशासन और सामूहिक प्रयास का महत्व बताया। सभी ने संकल्प लिया कि प्रत्येक शनिवार श्रमदान किया जाएगा। फरवरी में जन्म लेने वाले विद्यार्थियों का सामूहिक जन्मदिन मनाया गया। पेंटिंग, क्विज, क्ले मॉडलिग और स्पेलिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


अनु० जाति एवं अनु० जनजाति अभ्यर्थियों हेतु चालक प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर

बिहार सरकार

पूर्णतः निःशुल्क आवासीय प्रशिक्ष

अनु॰ जाति एवं अनु॰ जनजाति कल्याण विभाग, बिहार

**बिहार महादलित विकास मिशन**

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के युवक/युवतियों हेतु चालक प्रशिक्षण–सह–यातायात शोध संस्थान, औरंगाबाद से चालक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए आवेदन का आमंत्रण**

| क्र० | कोर्स का नाम | उम्र सीमा | योग्यता | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हल्के मोटर वाहन (LMV) चालक कोर्स | 18–40 वर्ष | (I) मैट्रिक पास/समकक्ष<br>(II) LMV चलाने का लर्नर लाईसेंस | 21 दिन |
| 2 | भारी मोटर वाहन (HMV) चालक कोर्स | 18–40 वर्ष | (I) मट्रिक पास/समकक्ष<br>(II) LMV चलाने का परमानेंट लाईसेंस जो एक वर्ष पूर्व निर्गत हो।<br>(III) HMV चलाने का लर्नर लाईसेंस | 30 दिन |

प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सूचना–

(i) बिहार के सभी जिलों के पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।
(ii) प्रशिक्षण, भोजन एवं आवासन पूर्णतः निःशुल्क है।
(iii) प्रशिक्षणार्थियों का चयन निर्धारित योग्यता एवं "प्रथम आओ प्रथम पाओं" के आधार पर किया जाएगा।
(iv) उम्र की गणना दिनांक 01.01.2026 के आधार पर की जाएगी।
(v) ऑनलाईन आवेदन मिशन के वेबसाईट www.bmvm.bihar.gov.in पर किया जा सकेगा।
(vi) ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् आवेदन पत्र को डाउनलोड कर वांछित कागजात (मैट्रिक, इंटरमीडिएट, जाति, आवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, HMV/LMV लाईसेंस की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति) को संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक से निम्न पता पर भेजा जाय – "मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन, द्वितीय तल, ब्लॉक– 3, सचिवालय विस्तारीकरण भवन, पटना, पिन– 800015"।
(vii) विस्तृत जानकारी के लिए अपने जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी अथवा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रतिनिधि (मोबाईल नं०. 9264456639) अथवा बिहार महादलित विकास मिशन के 'सहायता' के टॉल फ्री नं०– 18003456345 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

आवेदन करने की अंतिम तिथि– 28.02.2026

आवेदन पत्र

पासपोर्ट आकार का फोटो

1. आवेदित ट्रेड (LMV/HMV) –
"LMV के लिए केवल कॉलम 2, 3 भरे एवं
HMV के लिए केवल 4, 5, 6 कॉलम भरे
2. LMV का लर्नर लाईसेंस है ? (हाँ/नहीं)–
3. LMV का लर्नर लाईसेंस निर्गत होने की तिथि–
4. LMV का परमानेन्ट लाईसेंस है ? (हाँ/नहीं)–
5. LMV का परमानेन्ट लाईसेंस निर्गत होने की तिथि–
6. HMV का लर्नर लाईसेंस है ? (हाँ/नहीं)–
7. आवेदक का नाम–
8. पिता/पति का नाम–
9. लिंग (पुरूष/महिला/थर्डजेंडर)–
10. जन्म तिथि–
11. कोटि (SC/ST)–
12. जाति–
13. आधार संख्या
14. स्थायी पता : (i) जिला–
(ii) प्रखण्ड–
(iii) पंचायत/वार्ड (शहरी क्षेत्र)–
(iv) गाँव/मोहल्ला/टोला–
(v) पिनकोड–
15. पत्राचार का पता–
16. मोबाईल संख्या–
17.

| शैक्षणिक योग्यता | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| मैट्रिक/समकक्ष | | | |

दिनांक– आवेदक का हस्ताक्षर

PR No.- 023535 (B&C)D. 2025-26

## एक नजर

### उच्च विद्यालय बिंद खेल मैदान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हेतु चयनित

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। खेल विभाग, बिहार सरकार के निदेशानुसार जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बिंद प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय बिंद के खेल मैदान/परिसर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हेतु चयनित किया। इस केंद्र पर बालिका वर्ग के लिए एथलेटिक्स, फुटबॉल एवं आर्चरी खेल विधाओं का प्रशिक्षण संचालित किया जाएगा।

खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं आवासीय सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय बिंद के छात्रावास को आवास हेतु चयनित किया गया है, जिसकी आवासीय क्षमता लगभग 30 से 50 खिलाड़ियों की होगी। इस पहल का उद्देश्य जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, उन्हें उन्नत प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना है।

जिला प्रशासन द्वारा इस केंद्र के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक सभी आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के सफल संचालन को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए ।

### सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा संवाददाता**। मध्य विद्यालय सुल्तानपुर के प्रांगण में शनिवार को सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल, विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया, एएसपी सुशी शैलजा, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार एवं जिला आइकॉन डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक एवं जागरूकता आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अभिषेक कुमार एवं एचएम पंकज कुमार परिमल ने बताया कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक चेतना विकसित करने के उद्देश्य से पौधारोपण, कराटे प्रदर्शन तथा बालिकाओं द्वारा कुपोषण पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन कराया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में लोगों एवं छात्र-छात्राओं की रक्त जांच की गई तथा रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। मंच संचालन अजीत कुमार सिंह ने किया, जबकि कराटे प्रशिक्षक चंदन विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पाठ्य सामग्री का निःशुल्क वितरण भी किया गया। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए, इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम में एसआई शिल्पी राणा, समाजसेवी गुड्डू रंगीला, नीरज कुमार, चंदन विश्वकर्मा, ललित कुमार, विजय शंकर, रंजीत यादव, प्रीति कुमारी, किशोरी मांझी सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को श्रद्धांजलि

**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री शिल्पी सोनी राज के 6 फरवरी को हुए आकस्मिक निधन के बाद शनिवार, 7 फरवरी को नवादा व्यवहार न्यायालय परिसर में एक शोकसभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर में गहरा शोक और भावुकता का माहौल रहा। न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा न्यायालय कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि शिल्पी सोनी राज एक कुशल, संवेदनशील और कर्मठ न्यायाधीश थीं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सौम्य व्यवहार और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता ने न्यायालय परिवार के बीच एक अलग पहचान बनाई थी।

वक्ताओं ने उनके अचानक निधन को न्यायिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। अधिवक्ताओं ने कहा कि उन्होंने हमेशा न्यायालय में अनुशासन, गरिमा और मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी। उनके मार्गदर्शन में कई महत्वपूर्ण मामलों का निष्पादन हुआ, जिससे आम लोगों को त्वरित न्याय मिल सका। सभा के अंत में उपस्थित सभी न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और कर्मियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। पूरे न्यायालय परिसर में दिनभर शोक का वातावरण बना रहा और सभी ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### नवादा में सभी प्रखंडों में रोजगार कैंप का आयोजन

**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। जिले के सभी प्रखंडों में 10 से 25 फरवरी 2026 तक एकदिवसीय रोजगार कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि यह आयोजन जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा कौशल विकास केंद्र परिसरों एवं संयुक्त श्रम भवन में किया जा रहा है। कैंप के माध्यम से एसआईएस इंडिया, चकाई (जमुई) द्वारा सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, अधिकारी व कैश कस्टोडियन के 250 पदों पर चयन होगा। पात्रता 10वीं से स्नातक, आयु 18–40 वर्ष निर्धारित है। वेतन विवरण के अनुसार सुरक्षा गार्ड के लिए 15,000 से 28,500, सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 18,000 से 30,000, सुरक्षा अधिकारी के लिए 28,500 तथा कैश कस्टोडियन के लिए 15,000 से 28,500 निर्धारित है। इसके अतिरिक्त ईपीएफ, ईएसआईसी आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी। पात्र अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित है। यह रोजगार कैम्प केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है। अभ्यर्थियों को 350/- निबंधन शुल्क एवं 10,500/- (एक माह का प्रशिक्षण शुल्क) देय होगा, जिसमें दो सेट वर्दी, एक सेट पीटी ड्रेस, एक माह का आवास-भोजन तथा प्रशिक्षण शुल्क सम्मिलित है। प्रशिक्षण अवधि में किसी प्रकार का वेतन देय नहीं होगा। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल सम्पूर्ण भारत होगा।

### बाइक सवार घायल, रेफर

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता**। कौआकोल-महुलियाटांड़ मुख्य पथ पर झिलार गांव स्थित जोगियास्थान के पास सड़क दुर्घटना में एक 25 वर्षीय युवक बुरी तरह घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मड़पो गांव निवासी रामस्वरूप महतो के पुत्र रूपेश कुमार जमुई जिला के गढ़ी से बाइक से शनिवार की सुबह अपने घर वापस लौट रहा था,तभी उसका बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद 112 आपातकालीन वाहन के द्वारा सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल युवक को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया।

### पीएम आवास सूची में काफी अनियमितता

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता**। प्रखंड के पेश पंचायत में पीएम आवास सूची में काफी अनियमितता बरती गई है। जो जांच का विषय है। इस सम्बंध में पेश पंचायत के नंदपुर गांव के गिरिजा देवी,सरिता देवी, अजय कुमार, अस्मिता देवी, उदय पासवान, रामचंद्र पासवान समेत अन्य लोगों ने बीडीओ को आवेदन पत्र देकर जांच कर सम्बंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि नंदपुर गांव के वार्ड सात और आठ में पीएम आवास का सर्वे हुआ है।

इस कार्य में आवास सहायक,विकास मित्र व वार्ड सदस्य ने नजराना लेकर साधन संपन्न परिवार को पीएम आवास के लिए सर्वे सूची में नाम जोड़ रखा है। उन लोगों ने एक अनुसूचित जाति के झोपड़ी में एक ही जगह में सभी बड़े लोगों को बुलाकर फोटो लिया है। ऐसे में गरीब परिवार को वंचित कर दिया गया है। पुनः 26 और 27 जनवरी 2026 को पहले सर्वे का सत्यापन करने के लिए पहुंचे, तो पहले सर्वे के अनुसार झोपड़ी का फोटो बड़े लोगों को ही कर दिया। यह सभी व्यक्ति साधन सम्पन्न है। चल-अचल संपति, खेतीबाड़ी के साथ सरकारी नौकरी में हैं। इस बाबत पीएम आवास सहायक से शनिवार को मोबाईल पर सम्पर्क कर उनका पक्ष लेने पर कहा सभी आरोप बेबुनियाद है। इस सम्बंध में बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने कहा आवेदन के आलोक में जांच की जाएगी। जांचोपरांत सम्बंधित लोगों पर कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि यह हाल अन्य पंचायतों में भी है, जो वरीय अधिकारियों के जांच के बाद खुलासा

---

**प्रधान लिपिकों के साथ डीएम ने की मासिक समीक्षा**

# समयबद्ध निष्पादन पर दिया जोर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में सभी कार्यालयों के प्रधान लिपिकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रशासनिक एवं न्यायिक मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कैश बुक संधारण, सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी मामलों की अद्यतन स्थिति, व्यवहार न्यायालय में लंबित वाद, विभागीय कार्रवाई, मानवाधिकार से जुड़े प्रकरण, लोकायुक्त से संबंधित मामले, सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदन, सेवापुस्त सत्यापन, सेवा लाभ एवं सेवान्त लाभ, एसीडीसी बिल, अंकेक्षण संबंधी अनुपालन, कार्य पुस्तिका तथा जन शिकायत निवारण से संबंधित विभागीय प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा 7 निश्चय–3 के अंतर्गत "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के तहत सभी कार्यालयों में प्राप्त आवेदनों का संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिला, प्रखंड एवं अंचल स्तर पर प्राप्त आवेदनों की समुचित जांच कर शीघ्र निष्पादन करते हुए पोर्टल पर प्रतिवेदन प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा।इसके अतिरिक्त, जन सुनवाई के दौरान सोमवार एवं शुक्रवार को आने वाले आवेदकों के लिए शौचालय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सीपीग्राम पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट (यूसी) से संबंधित लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस क्रम में सभी प्रधान लिपिकों को लंबित यूसी मामलों का त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से सभी प्रकार के अवकाश, जैसे—सीएल, ईएल, मातृत्व अवकाश आदि हेतु अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन करने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली की भी समीक्षा की गई तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया गया।

उन्होंने सभी प्रधान लिपिकों को कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं विभागीय दायित्वों के गंभीर निर्वहन का निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरांत कैश बुक हर हाल में अद्यतन रखी जाए।

इसके अतिरिक्त, सेवांत लाभ से संबंधित कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही यथासंभव भुगतान सुनिश्चित करने, सभी कर्मियों का एसीपी/एमएसीपी समयबद्ध रूप से प्रदान करने तथा सेवापुष्टि ससमय कराने का निर्देश दिया गया। एसीपी/एमएसीपी से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन सहित सेवापुष्टि विवरण सभी विभागों को उपलब्ध कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी प्रधान लिपिक अपने-अपने कार्यालयों में कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें तथा सभी प्रकार के प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराएं। साथ ही विभागीय कार्रवाई, विधानसभा/विधान परिषद से संबंधित प्रश्न, मानवाधिकार एवं न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में किशोर समेत दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों ने एक बार फिर यातायात सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन दुर्घटनाओं में एक किशोर समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनाएं गिरियक और दीपनगर थाना क्षेत्र की बताई जा रही हैं। पहली घटना गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहारशरीफ–रांची राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-20) पर दुर्गानगर के समीप शनिवार की सुबह हुई। यहां एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गिरियक थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है। गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना भेजी गई है, साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

दूसरी घटना दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहारशरीफ–राजगीर मार्ग पर कोसुक पुल के समीप घटी, जहां एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बिंद थाना क्षेत्र के छतरबिगहा गांव निवासी विकास कुमार के 15 वर्षीय पुत्र लव कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक की पहचान अयोध्या नगर निवासी जितेंद्र सिंह के पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। परिजनों के अनुसार लव कुमार अपने फूफा के घर पूजा समारोह में शामिल होने आया था। शनिवार सुबह वह अपने फुहेरा भाई आयुष के साथ घूमने निकला था, तभी यह हादसा हो गया। दीपनगर थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए पुलिस जांच में जुटी है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# नवनिर्मित मन्दिर में हुआ श्री मारुति नंदन की प्राण प्रतिष्ठा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल थाना गेट के पास नवनिर्मित श्री संकट मोचन मन्दिर में श्री मारुति नंदन के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुक्रवार को किया गया। इसी के साथ चल रहे तीन दिवसीय यज्ञ का समापन हो गया। समापन के पूर्व पूर्णाहुति एवं हवन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इसके बाद आयोजन कर्ताओं के द्वारा ब्राह्मण भोजन एवं कन्या पूजन किया गया। वहीं इस दरम्यान विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। जहां आठ हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व मन्दिर निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले कौआकोल थाना के पूर्व थानाध्यक्ष व थाली थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह एवं कौआकोल सीओ मनीष कुमार को पूजा कमिटी के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय यज्ञ के दौरान पूजा कमिटी के द्वारा दूसरे दिन जागरण एवं झांकी कार्यक्रम की भी व्यवस्था की गई थी।

# डीएम ने सी-एआरएम मशीन का किया शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सदर अस्पताल बिहार शरीफ में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं,व्यवस्थाओं एवं रखरखाव का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल में उपलब्ध सी-एआरएम मशीन का शुभारंभ किया। सी-एआरएम मशीन मरीजों के सुविधा हेतु अधिष्ठापित की गई है। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्वयं अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड, महिला ओपीडी एवं अन्य संचालित ओपीडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी डॉक्टर उपस्थित पाए गए एवं साफ सफाई, रख रखाव संतोषप्रद पाया गया। सदर अस्पताल मे दवा वितरण केंद्र,प्रसव वार्ड एवं अन्य स्थलों पर बिचौलिया एवं दलालों पर नजर बनाए रखने के लिए कुछ चिह्नित जगहों पर एआई कैमरा अतिशीघ्र लगाने का निर्देश दिया गया।

पीपीपी मोड के तहत संचालित सिटी स्कैन एवं एक्स-रे में प्रतिनियुक्त कर्मी सोनू कुमार एवं अमित कुमार के द्वारा बिचौलिया का कार्य करने से संबंधित शिकायत मिलने के कारण उन्हें हटा दिया गया है। सदर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड, ओपीडी, एनसीडी स्क्रीनिंग, प्रसव रूम, ओटी, वार्ड, इमरजेंसी इत्यादि जगहों पर निरीक्षण के दौरान मरीजों से बातचीत के क्रम में इलाज की व्यवस्था, दवा एवं खानपान मिलने से संबंधित सुविधाओं की उन्होंने स्वयं जानकारी ली जिसे संतोषप्रद पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि सदर अस्पताल में मरीजों को दी जा रही बेहतर सुविधाओं से संबंधित जानकारी हेतु स्टैंडी के माध्यम से डिस्प्ले किया जाए , उपलब्ध डॉक्टर्स की जानकारी टीवी पर डिस्प्ले किया जाए। डिस्प्ले पर लगातार प्रचारित करते रहें कि किसी भी तरह के असुविधा रहने पर,कॉन्टैक्ट के लिए उनका पदनाम एवं मोबाइल नंबर डिस्प्ले कराएँ। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गेट पर डिस्प्ले होना चाहिए कि यहां आयुष्मान कार्ड का निर्माण पूर्णतः निःशुल्क बनता है। सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि एक्सपायरी दवाओं का समयबद्ध तरीके से निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे, संपूर्ण अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नियमित रूप से करना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , सिविल सर्जन, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग, उपाधीक्षक सदर अस्पताल बिहार शरीफ नालंदा सहित डॉक्टर्स एवं कर्मीगण आदि उपस्थित थे।

# केंद्र और राज्य सरकार का बजट विकास को देगा नई गति




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में केंद्र और राज्य सरकार के बजट पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि तीन कर्तव्यों पर आधारित यह केंद्रीय बजट आर्थिक विकास को गति देगा, देश की आकांक्षाओं को पूरा करेगा और सबका साथ, सबका विकास की भावना को मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि बजट में प्रत्येक जिले में बालिका छात्रावास की व्यवस्था, महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए एसएचइ हाट जैसी पहल और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के माध्यम से रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट युवा शक्ति, नारी शक्ति और विकसित भारत की स्पष्ट दृष्टि को दर्शाता है। इस बजट में छात्रों, किसानों, युवाओं, उद्यमियों और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो बिहार के तेजी से विकास की ओर अग्रसर होने का संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार बजट किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं के सशक्तिकरण और रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना को साकार करेगा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को समृद्धि की ओर ले जाएगा। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का यह बजट विकसित भारत और विकसित बिहार की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय पाण्डेय, जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता एवं नंदकिशोर चौरसिया, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा एवं मुकेश कुमार, प्रवक्ता कुंदन प्रभाकर, जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 'बिहार की आवाज' नेशनल टैलेंट हंट जिला स्तर पर शुरू




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिला कांग्रेस कार्यालय में आज 'बिहार की आवाज' नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम का जिला स्तर पर विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश कुमार मंटन ने की। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जन मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए प्रशिक्षित एवं प्रतिबद्ध युवाओं की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से 'बिहार की आवाज' पहल की शुरुआत की गई है, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मीडिया विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस टैलेंट हंट के माध्यम से जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे युवाओं की पहचान की जाएगी जो मीडिया प्रवक्ता, पैनलिस्ट और रिसर्च कोऑर्डिनेटर के रूप में पार्टी की नीतियों और विचारों को सशक्त तरीके से प्रस्तुत कर सकें। चयनित प्रतिभागियों को संवाद कौशल, शोध आधारित सामग्री निर्माण और सार्वजनिक मंचों पर प्रभावी प्रस्तुति का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मौके पर प्रदेश पर्यवेक्षक अनीस रहमान, जिला प्रवक्ता रंजीत कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य राज, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सोनू कुमार, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष कविता देवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रहलाद यादव तथा मीडिया प्रभारी नीरज लोहानी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित नेताओं ने इसे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया।

# सखी सहायता डेस्क के माध्यम से छात्राओं को दी गई जानकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के प्रोजेक्ट गायत्री बालिका इंटर विद्यालय कौआकोल में शनिवार को समग्र शिक्षा के तहत किशोरियों के लिए कार्यक्रम अंतर्गत अधिष्ठापित सखी सहायता डेस्क के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें आवश्यक जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय की शिक्षिका अंशु माला के द्वारा सखी सहायता डेस्क के माध्यम सेसखी सहायता डेस्क के माध्यम से छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव,मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं,मानसिक तनाव, पोषण की कमी और एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा किया गया।

# खलिहान में रखा ढाई सौ क्विंटल धान जलकर राख



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड क्षेत्र की इचुआ करना पंचायत अंतर्गत पकरिया गांव में शुक्रवार की आधी रात के बाद भीषण अग्निकांड की घटना घटी, जिसमें खलिहान में रखे करीब ढाई सौ क्विंटल धान समेत अन्य कृषि सामग्री जलकर राख हो गई। इस हादसे में किसानों को लाखों रुपये की क्षति हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्व. अर्जुन प्रसाद यादव के पुत्र विशुन कुमार, बिनोद कुमार तथा शशिभूषण कुमार का खलिहान में रखा नेवारी, धान और अन्य सामान आग की चपेट में आ गया। अग्निकांड में लगभग 35 हजार नेवारी का पुंज, करीब 300 बोरा धान, भूमि पर ढेरी के रूप में रखा धान, झरनी, मोटर समेत अन्य कृषि उपकरण जल गए। पीड़ित परिवारों ने अनुमानित रूप से करीब 10 लाख रुपये की क्षति होने की बात कही है। बताया गया कि शनिवार, 7 फरवरी 2026 को धान की बिक्री के लिए खलिहान में धान रखा गया था। शुक्रवार की शाम तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन आधी रात के बाद पड़ोस के एक घर की छत पर धान उसनने पहुंची महिला ने खलिहान से धुआं उठता देखा। शोर मचाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। ग्रामीणों ने आसपास लगे दो समरसेबल चालू कर कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर हिसुआ और नारदीगंज थाना की पुलिस 102 वाहन के साथ मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का आरोप है कि अग्निशमन विभाग को सूचना देने के बावजूद वाहन खराब होने की बात कही गई। पीड़ित किसानों ने बताया कि एक साल की मेहनत और पूंजी इस आग में स्वाहा हो गई। शशिभूषण कुमार की पुत्री की शादी की तैयारी भी इसी धान की बिक्री से होनी थी, जो अब संकट में पड़ गई है। पीड़ितों ने अंचल अधिकारी को सूचना देकर आपदा प्रबंधन कोष से मुआवजे की मांग की है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

# स्वास्थ्य जागरुकता सह चिकित्सा शिविर में 550 रोगियों का हुआ इलाज




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। एकंगरसराय प्रखंड के औंगारी धाम के सूर्या आइटीआइ कॉलेज के प्रांगण में स्वास्थ्य जागरुकता सह चिकित्सा शिविर लगाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मेंबर एआइसीसी सह स्नातक अधिकार मंच के संयोजक डॉ दिलीप कुमार उपस्थित हुए। सर्वप्रथम डॉ दिलीप कुमार एवं आए हुए चिकित्सकों की टीम एवं औंगारी पंचायत की मुखिया कल्पना कुमारी एवं उनके प्रतिनिधि चुन्नू कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता राजन कुमार, ई संजीव कुमार, राजीव रंजन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया उपस्थित मरीजों एवं ग्रामीणों को संबोधन करते हुए डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि यह स्वास्थ्य जागरुकता एवं जांच शिविर केवल जांच शिविर ही नहीं बल्कि यह मेगा जांच शिविर है इसमें बिहार शरीफ के विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम जो अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं डॉ अभिषेक कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ लाला लाजपत राय एमडी फिजिशियन, डॉ मृत्युंजय कुमार आई स्पेशलिस्ट, डॉ सौम्या कुमारी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ ललित प्रभाकर दंत रोग विशेषज्ञ, एवं डॉ मनोज कुमार योग गुरु के द्वारा यह जागरूकता शिविर मेगा कैंप के रूप में मुखिया प्रतिनिधि चुन्नू कुमार के सहयोग से लगाया गया है। मुखिया प्रतिनिधि चुन्नू कुमार एवं जदयू नेता राजन कुमार समाजसेवी राजीव रंजन कुमार एवं इं संजीव कुमार ने भी आए हुए मरीज के बीच अपनी बात रखी अंत में योग गुरु डॉ मनोज कुमार जी के द्वारा योग से संबंधित बहुत सारी जानकारी दी गई। वहां इलाज करवाने आए जनता ने डॉक्टरों की टीम का हौसला बढ़ाया साथ ही उन्होंने आए हुए चिकित्सकों की टीम को विश्वास दिलाया कि हम लोग शांतिपूर्वक आप लोगों से अपना इलाज करवाएंगे। इस मेगा कैंप में 550 से अधिक मरीजों ने अपना इलाज करवाया इसमें सबसे अधिक संख्या में महिलाओं ने अपना स्त्री रोग का जांच करवाया। यह मेगा जांच शिविर सुबह के 11 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला।

# 22 सूत्री मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का धरना-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले शनिवार को बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों ने सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से संघ ने अपनी 22 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सिविल सर्जन, नालंदा को सौंपा, जिसे स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के सचिव को प्रेषित किया गया। धरना-प्रदर्शन का संचालन संघ के जिलाध्यक्ष नदीम ने किया। उन्होंने कहा कि बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नियमित एवं संविदा कर्मियों, नर्सिंग एवं पारा मेडिकल स्टाफ, स्कीम वर्कर्स, स्वास्थ्य समिति तथा आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों की एकमात्र मान्यता प्राप्त प्रतिनिधि संस्था है। उन्होंने बताया कि राज्य कार्यकारिणी के निर्णय के तहत 7 फरवरी को बिहार प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ सिविल सर्जन कार्यालयों के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना को संबोधित करते हुए जिला मंत्री संजय कुमार ने कहा कि संघ की प्रमुख मांगों में सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने, परिचारिका श्रेणी-ए, एएनएम सहित राज्य संवर्ग के कर्मियों की सेवा संपुष्टि, एमएसीपी स्वीकृति का अधिकार निदेशालय के स्थान पर सिविल सर्जन, अधीक्षक एवं प्राचार्य को देने, एएनएम को मातृत्व अवकाश सहित अन्य अवकाश की स्वीकृति, संविदागत शहरी एएनएम को भी मातृत्व व अन्य अवकाश का लाभ देने तथा स्वास्थ्य समिति कर्मियों की संवर्ग नियमावली बनाकर शीघ्र सेवा समायोजन जैसी मांगें शामिल हैं। प्रदर्शन के दौरान सहायक जिला मंत्री राजेश कुमार सिंह, संघर्ष मंत्री रितेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव रंजन सहित अरुण कुमार, सुबोध कुमार, कुमार अमित, अजय कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार, आदित्य कुमार, नीलम कुमारी, अनुपमा कुमारी, सुषमा कुमारी, आशा सिन्हा, शोभा कुमारी, माधुरी कुमारी, बबीता कुमारी, प्रेमवती त्रिया, संगीता कुमारी समेत सैकड़ों नियमित एवं संविदा स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। 22 सूत्री मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का धरना-प्रदर्शन, सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष सौंपा गया मांग पत्र बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले शनिवार को बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों ने सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया।

# इंटर परीक्षा के दौरान शेरघाटी में महिला अभ्यर्थी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की पहली पाली के दौरान शेरघाटी स्थित विजय शंकर राय कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रतिरूपण (इम्परसनेशन) का गंभीर मामला सामने आया है। परीक्षा के दौरान एक महिला को दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया जिससे परीक्षा केंद्र पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिंकी कुमारी नाम की महिला, सोना कुमारी नामक अभ्यर्थी के स्थान पर बैठकर परीक्षा दे रही थी। केंद्राधीक्षक और तैनात दंडाधिकारी द्वारा संदेह होने पर जब जांच की गई तो पहचान से जुड़ी विसंगतियां सामने आईं। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना अनुमंडल प्रशासन को दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी मनीष कुमार के निर्देश पर आरोपी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रशासन की तत्परता से नकल और प्रतिरूपण के प्रयास को समय रहते विफल कर दिया गया। एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि इस नकल प्रकरण में चांडीस्थान निवासी दुर्गा यादव नामक व्यक्ति की संलिप्तता की बात सामने आ रही है। प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि आरोपी महिला को किसी संगठित गिरोह द्वारा परीक्षा में बैठाया गया था। पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। किसी भी प्रकार की नकल, प्रतिरूपण या अनुचित साधनों के प्रयोग पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इस घटना के बाद अन्य परीक्षा केंद्रों पर भी निगरानी और कड़ी कर दी गई है।

# भूमि अधिग्रहण मुआवजे के लिए मिलेगी मुफ्त कानूनी मदद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बिहार में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित रैयतों (भूमि स्वामियों) को शीघ्र मुआवजा दिलाने और उन्हें अनावश्यक कानूनी मुकदमों से बचाने के लिए एक विशेष राज्यव्यापी अभियान शुरू किया है। शनिवार को गया जिले के जिला विधिक सेवा प्राधिकार में एक विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय-पटना और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भूमि स्वामियों को उनके संवैधानिक एवं वैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इसके माध्यम से रैयतों को भूमि अधिग्रहण की जटिल कानूनी प्रक्रिया और मुआवजा निर्धारण की बारीकियों को सरल भाषा में समझाया गया। प्राधिकरण का लक्ष्य है कि सही जानकारी के अभाव में कोई भी भूमि स्वामी अपने हक से वंचित न रहे और उन्हें समयबद्ध तरीके से पारदर्शी मुआवजा प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम के दौरान एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी ए एल येवतकर ने अदालती मामलों के बोझ पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि अक्सर मुआवजे से जुड़ी याचिकाएं सीधे उच्च न्यायालय में दायर कर दी जाती है जिन्हें बाद में राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 के वैधानिक मंच पर वापस भेज दिया जाता है। इस प्रक्रिया में रैयतों के कई साल बर्बाद हो जाते हैं। इस कार्यशाला के जरिए विधिक सहायता वकीलों और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ताकि वे रैयतों को सही वैधानिक रास्ता दिखाकर उनके समय और धन की बचत कर सकें। विधिक सहायता के पहलुओं पर जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि इस अभियान के तहत समाज के कमजोर वर्गों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# नगर परिषद कर्मचारियों के साथ दुकानदारों ने की मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शहर के नया बाजार इलाके में शनिवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब साफ-सफाई एवं अतिक्रमण हटाने के लिए गई नगर परिषद की टीम पर स्थानीय दुकानदारों ने हमला कर दिया। इस दौरान दुकानदारों ने नगर परिषद के सुपरवाइजर चंदन कुमार सहित सफाई कर्मचारी अजय कुमार और अमित कुमार के साथ मारपीट की जिससे तीनों कर्मी घायल हो गए। घटना के बाद कुछ देर के लिए बाजार क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगर परिषद की टीम नियमित अभियान के तहत नया बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और साफ-सफाई कराने पहुंची थी। इसी दौरान कुछ दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया जो देखते ही देखते हाथापाई और मारपीट में बदल गया। हमले के कारण नगर परिषद कर्मियों को काम बीच में ही रोकना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शी मौके पर पहुंचीं और पूरे मामले का जायजा लिया। उन्होंने घायल कर्मियों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली और दोषी दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कार्यपालक पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालना और कर्मचारियों पर हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर परिषद प्रशासन ने बताया कि नया बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण लगाए गए दुकानदारों को पूर्व में ही कई बार नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में गोद भराई

## गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य तथा समाज में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना उद्देश्य : सुप्रिया साहा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** समेकित बाल विकास सेवाएं के दिशा-निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख को मनाए जाने वाले गोद भराई दिवस का आयोजन शनिवार को डबूर पंचायत के दो आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना तथा समाज में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर पीरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो सुप्रिया साहा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान सतरंगी थाली के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, हरी सब्जियां, दाल, फल, दूध एवं अनाज के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वस्थ मातृत्व के लिए पोषण की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच की अनिवार्यता बताते हुए गर्भावस्था के प्रथम तीन महीनों में फोलिक एसिड तथा उसके बाद 180 आयरन एवं 360 कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन के लाभ समझाए गए। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी केंद्र अमवां पर सेविका शांति देवी, सहायिका नगीना देवी एवं लाभार्थी सुषमा कुमारी जबकि आजाद बिगहा पर सेविका फूलमती देवी एवं सहायिका गुड़िया दीदी की सक्रिय भूमिका रही। गांधी फेलो सुप्रिया साहा ने बताया कि ऐसे आयोजनों से गर्भवती महिलाओं का मनोबल बढ़ता है तथा समुदाय में संस्थागत प्रसव और सही पोषण को लेकर सकारात्मक जागरूकता विकसित होती है।

# शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोराप पंचायत अंतर्गत ग्राम फतेहपुर में श्री शिव परिवार मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ के आयोजन को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ग्राम फतेहपुर से प्रारंभ होकर शीतलगढ़ होते हुए सिमरहुआ पोखरा तक पहुंची जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान गाजे-बाजे एवं डीजे की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु जयघोष करते हुए आगे बढ़े। सिमरहुआ पोखरा पर प्रपन्नाचार्य जी महाराज की उपस्थिति में विधिवत जलभरी संपन्न कराई गई। इसके बाद श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पर लौटे। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य पति ध्रुवेश यादव, रामजी यादव एवं वासुदेव यादव ने बताया कि यह यज्ञ पांच दिवसीय है। कार्यक्रम के तहत 11 फरवरी को शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी जबकि 12 फरवरी को भंडारे के आयोजन के साथ यज्ञ का समापन होगा।

# सभी शैक्षणिक संस्थानों में जीएसकैश व कार्यस्थलों पर आइसीसी गठन की मांग





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** बेटी बचाओ-न्याय यात्रा अपने पांचवें दिन शनिवार को कोंच पहुंची। यात्रा में शामिल ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के छात्र नेताओं एवं अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) की राज्यस्तरीय महिला नेताओं ने कोंच बस स्टैंड तथा ददरेजी बाजार में नुक्कड़ सभा कर लोगों को संबोधित किया। इसके बाद यात्रा गोह होते हुए औरंगाबाद के लिए रवाना हुई। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि बिहार में कानून का राज समाप्त हो चुका है। बेटी सुरक्षा के दावे करने वाली भाजपा-जदयू सरकार प्रभावशाली अपराधियों को बचाने में लगी है जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस गंभीर स्थिति पर मौन हैं। पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल एवं परफेक्ट पीजी हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ बलात्कार तथा संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को पहले आत्महत्या बताने का प्रयास किया गया, लेकिन पोस्टमार्टम एवं फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आई। जनदबाव के बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया। ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई जांच कराने, छात्राओं व कामकाजी महिलाओं के लिए सरकारी छात्रावास निर्माण, निजी छात्रावासों व पीजी के लिए सशक्त नियामक व्यवस्था तथा सभी शैक्षणिक संस्थानों में जीएसकैश और कार्यस्थलों पर आंतरिक शिकायत समिति के गठन की मांग की। सभा को आइसा के राज्य सह सचिव दीपांकर मिश्रा, राज्य अध्यक्ष प्रीति पटेल, अनु गुप्ता, अनु प्रिया, ऐपवा राज्य समिति की संगीता सिंह, रीता बर्णवाल ने सम्बोधित किया।

# प्रधान जिला न्यायाधीश शिल्पी सोनी राज का निधन से शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** नवादा की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिल्पी सोनी राज के आकस्मिक निधन से पूरे न्यायिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद घटना को लेकर शनिवार को व्यवहार न्यायालय शेरघाटी परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया जहां दिवंगत प्रधान जिला जज को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम लवकुश कुमार के नेतृत्व में उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान वक्ताओं ने शिल्पी सोनी राज के न्यायिक योगदान, कर्तव्यनिष्ठा और सरल व्यक्तित्व को याद किया। इस अवसर पर जिला जज चतुर्थ जावेद अहमद खान, जिला जज द्वितीय ललनजी, जिला जज तृतीय अमरजीत कुमार सहित सभी न्यायिक पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# यूजीसी गाइड लाइन को लेकर निकाला प्रतिवाद मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** यूजीसी गाइड लाइन 2026 के समर्थन और उसके शीघ्र क्रियान्वयन की मांग को लेकर शनिवार को छात्र गया जी शहर में सड़क पर उतर आए। छात्रों ने गया कॉलेज खेल परिसर से प्रतिवाद मार्च निकाला। प्रतिवाद मार्च में शामिल छात्र हाथों में 'यूजीसी गाइडलाइन लागू करो', शैक्षणिक संस्थानों में भेदभाव नहीं चलेगा','शिक्षा में समानता हमारा अधिकार है' जैसी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते नजर आए। यह प्रतिवाद मार्च गया कॉलेज खेल परिसर से निकलकर डीएम आवास, एसपी कोठी, जयप्रकाश झरना, काशीनाथ मोड़, बाटा मोड़, गया रेलवे स्टेशन, नई गोदाम टावर चौक होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचा।

# सीआरसी रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज, गया में निपुण टीएम मेला का आयोजन





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेलागंज।** सीआरसी रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया में निपुण टीएम मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्रिक रामेश्वर उच्च विद्यालय बेलागंज के संचालक मोहम्मद अबरार आलम ने एवं समन्वय श्रीकांत सिंह ने विद्यालय के द्वारा लगाए गए प्रोजेक्ट वर्क का निरीक्षण किया एवं उनके प्रदर्शनी और प्रस्तुति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को निपुण शिक्षा पद्धति बताई और कहा कि आप बच्चों को जो भी सिखाएंगे वह बच्चे आपका अनुकरण अनुसरण करेंगे। प्रोजेक्ट वाइज शिक्षा प्रभावकारी तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त उर्दू प्राथमिक विद्यालय बाजितपुर को पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरे स्थान पर मध्य विद्यालय इंदौर बीघा के प्रस्तुति एवं प्रदर्शन कर आते हुए उन्हें द्वितीय स्थान के लिए चयन किया गया है।

# कृषि बिजली कनेक्शन हेतु 9 को नि:शुल्क कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच प्रखंड के अदई पंचायत में किसानों को कृषि बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 9 फरवरी को निःशुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा जिसका संचालन बिजली विभाग द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत कनीय अभियंता विकास कुमार एवं समरेश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि कैंप में इच्छुक किसान आवेदन कर कृषि कनेक्शन का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को आवेदन के समय आवश्यक दस्तावेज के रूप में जमीन का अद्यतन रसीद, आधार कार्ड एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। कनीय अभियंता ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि व समय पर कैंप में उपस्थित होकर इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कैंप के माध्यम से किसानों को कृषि कार्यों में विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा।

# मुख्य पार्षद के कार्यकलाप को लेकर पार्षदों के एक गुट ने जताया विरोध



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** नगर परिषद के मुख्य पार्षद के कार्यकलाप को लेकर पार्षदों के एक गुट ने जमकर विरोध किया व बोर्ड की बैठक में भी बहुमत दिखाते हुए स्टैंडिंग कमिटी के कई प्रस्ताव को खारिज किया। शनिवार की नप बोर्ड की सामान्य बैठक आहूत की गई। देर शाम तक चली बैठक में उप मुख्य पार्षद सहित पार्षदों के एक गुट ने बहुमत के आधार पर लाई गई प्रस्ताव को शामिल करने पर अड़े रहे। मुख्य पार्षद की अध्यक्षता में आहूत बैठक में पार्षदों ने विगत तीन जनवरी को स्टैंडिंग कमिटी द्वारा लाये गये प्रस्ताव पर अपनी नाराजगी जताई व तीन प्रस्ताव छोड़ अन्य छः प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की। उप मुख्य पार्षद सहित 18 पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त पत्र कार्यपालक पदाधिकारी को दिया। पत्र में गत बोर्ड की सामान्य बैठक को सम्पुष्ट करते हुए नागरपालिका अधिनियम की धारा 49 के तहत प्रत्येक वार्ड में दस लाख रुपये का विकास कार्य करने, वार्ड में सामुदायिक भवन उपलब्ध न होने पर वार्ड कार्यालय का निर्माण करने, स्काई लिफ्टर की खरीद करने सहित सात प्रस्ताव को शामिल कराया गया। पार्षदों के एक गुट द्वारा स्टैंडिंग कमिटी के कई प्रस्ताव खारिज करने पर मुख्य पार्षद ने नाराजगी जताते हुए खारिज करने का कारण स्पष्ट कर प्रस्ताव में लिखने की बात कही व हस्ताक्षर करने वाले पार्षदों से भौतिक रूप से सहमति लेने की मांग की जिसके उपरांत कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा हाथ खड़ा करवा पार्षदों से सहमति ली। काफी जद्दोजहद के बाद प्रस्ताव को शामिल किया गया। एक बजे से शुरू हुई बैठक साढ़े चार घण्टे तक चली। बैठक में सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने व अन्य विकास कार्य कराने पर पार्षदों ने सहमति दी। बैठक में इओ राजेश कुमार झा, नगर प्रबन्धक मोहित कुमार, उप मुख्य पार्षद सागर कुमार, टैक्स दरोगा कमलेश शुक्ला, पार्षद नीतीश कुमार, अनिरुद्ध शर्मा, अशोक कुमार, गुड्डू कुमार, अक्षय चौधरी, सोनू दुबे, अरशद आलम, कुंती देवी, लक्ष्मी देवी, ममता चौरसिया सहित 19 पार्षद मौजूद थे।

**एक ही प्रस्ताव बार-बार लाने की कही बात**

पार्षदों ने मुख्य पार्षद द्वारा एक ही प्रस्ताव बार-बार लाने का आरोप मुख्य पार्षद पर लगाया। वार्ड पार्षद अशोक कुमार, सोनू दुबे, अरशद आलम ने कहा कि मुख्य पार्षद क्षेत्र का विकास न चाह कर अपनी राजनीति मजबूत कर रहे हैं। मनमाने तरीके से अनावश्यक प्रस्ताव लाकर बोर्ड का समय बर्बाद किया जा रहा है। इसके अलावा अपने बचाव को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। इओ पर अनजाने में हस्ताक्षर कराने की बात कही व जिम्मेदारी लेने की बात कही गई है जो हास्यास्पद है।

# मानपुर में आज निकलेगी श्री श्री गौर निताई की भव्य शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मानपुर (गया जी)।** इस्कॉन गया जी के तत्वावधान में रविवार को श्री श्री गौर निताई की भव्य शोभायात्रा मानपुर में निकाली जाएगी। यह आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक शोभायात्रा दोपहर 2 बजे मानपुर रेलवे फ्लाईओवर स्थित सेंट लुइस अकादमी से प्रारंभ होगी। विभिन्न जगहों से घूमते हुए यह रथयात्रा शाम 6 बजे इस्कॉन केंद्र, जनिबिघा मठ पहुंचेगी जहां पर समापन कार्यक्रम होगा। मधुर हरिनाम संकीर्तन, सुसज्जित रथ व भक्तों के रथ खींचने के दृश्य इस पावन शोभायात्रा के विशेष आकर्षण होंगे। शोभायात्रा के आरंभ एवं समापन दोनों अवसरों पर छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। इस्कॉन गया जी के अध्यक्ष जगदीश श्याम दास ने शोभायात्रा में सहयोग के लिए सेंट लुइस अकादमी के जितेंद्र मोहन सिंह, नित्य सिंह, सचिनन्दन अवतार दास, रामानुज कृपा दास एवं मानपुर के सभी भक्तों का आभार जताया है।

# गुरुआ प्रखंड में झिकटिया सड़क, पुलिया निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** प्रखंड अंतर्गत पलूहारा पंचायत के झिकटिया गांव में सड़क और पुल-पुलिया निर्माण कार्य के दौरान गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने संबंधित ठेकेदार और विभागीय इंजीनियर पर घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान पुल-पुलिया निर्माण में टूटे हुए होम पाइप का उपयोग किया गया है। आरोप है कि टूटे पाइप को ही पुलिया में बैठाकर ऊपर से ढक दिया गया जिससे भारी वाहनों के आवागमन के दौरान कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है जब ग्रामीणों ने इस अनियमितता का विरोध किया तो ठेकेदार और इंजीनियर द्वारा सुधार का आश्वासन देकर उन्हें भ्रमित किया गया। हालांकि इसके बावजूद कार्य की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं किया गया और निर्माण कार्य मनमाने तरीके से चलता रहा जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। नाराज ग्रामीणों ने खुलेआम ठेकेदार और विभागीय इंजीनियर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वही मामले को लेकर जब इंजीनियर से बात की गई तो अगर इस तरह का मामला है तो जांच कर उन्होंने पुलिया निर्माण में टूटे होम पाइप को पुनः जल्द ही दूसरे लगाने की बात कही है।


बिहार सरकार

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
(भू–अर्जन निदेशालय)

प्रपत्र–VII

या

समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम 30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

चूँकि बिहार सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा नवीनगर रेलवे यार्ड के L.C. No.-29 पर आर0ओ0बी0 निर्माण हेतु मौजा घंटा, थाना नं0–104 एवं सिमरी, थाना नं0–103 अंचल नवीनगर जिला औरंगाबाद में कुल 0.2826 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड, जो मानक माप से कमोवेश 0.2826 एकड़ है और मौजा घंटा, थाना नं0–104 एवं सिमरी, थाना नं0–103 अंचल नवीनगर जिला औरंगाबाद में है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:–

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़) में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | पं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| मौजाघंटा, थाना नं0-104 | | | | | | | | | | |
| 1 | 04 | 09 | रैयती | भीठ, रेहड़ा | 0.0079 | परमेश्वर सिंह, पिता–स्व0 रामनाथ सिंह सा0–धंटा | 79 | सड़क | 10 | गम्हरिया |
| 2 | 06 | 13 | गैरमजरूआ मालिक | परती कदीम | 0.0038 | गैरमजरूआ मालिक | 12 | सड़क | 14 | 09 |
| 3 | 6 | 14 | गैरमजरूआ मालिक | परती कदीम | 0.0594 | गैरमजरूआ मालिक | 13 | सड़क | 17 | 13 |
| 4 | 6 | 17 | गैरमजरूआ मालिक | परती कदीम | 0.0315 | गैरमजरूआ मालिक | 83 | सड़क | 18 | 14 |
| 5 | 6 | 16 | गैरमजरूआ मालिक | परती कदीम | 0.0433 | गैरमजरूआ मालिक | सड़क | सिमरी | सिमरी | 10 |
| 6 | 3 | 81 | रैयती | भीठ रेहड़ा | 0.0221 | विनोद कुमार यादव पिता–रामविलास यादव | 92 | 105 | 105 | 82 |
| योग | | | | | 0.168 | | | | | |
| मौजा–सिमरी, थाना नं0– 103 | | | | | | | | | | |
| 9 | 80 | 16 | गैरमजरूआ मालिक | परती कदीम | 0.0054 | गैरमजरूआ मालिक | 17 | 18 | 18 | 13, 14 |
| 10 | 80 | 21 | गैरमजरूआ मालिक | परती कदीम | 0.0348 | गैरमजरूआ मालिक | 99 | 23 | 79, 82, 83 | 20, 22, 29 |
| 11 | 80 | 29 | गैरमजरूआ मालिक | परती कदीम | 0.0744 | गैरमजरूआ मालिक | 20 | 30, 31 | 8,21,22 | 14, 30 |
| योग | | | | | 0.1146 | | | | | |
| कुल योग | | | | | 0.2826 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आपत्तियों के सुनने और भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम स० 30/2013) की धारा–15 में प्रदत यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत: है :–

–: ''शून्य'' :–

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट, अन्य खनिज है, ऐसे भागों में पड़े हुए खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गयी है।

परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाए अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है, को छोड़कर आवश्यक नहीं है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिए गए है :–

–: ''शून्य'' :–

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

**समाहर्त्ता, औरंगाबाद।**

PR- 023426 ( Revenue ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संपादकीय

# मणिपुर : क्या शांति लौटेगी?

अशांत पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में करीब एक साल के राष्ट्रपति शासन के बाद भाजपा ने फिर से सरकार बनाई है और वरिष्ठ तथा अपेक्षाकृत उदारवादी नेता युमनाम खेमचंद सिंह को नया मुख्यमंत्री बनाया है। सिंह को राज्यपाल अजय भल्ला ने पद की शपथ दिलाई। इससे पहले 62 वर्षीय खेमचंद सिंह को नई दिल्ली में हुई बैठक में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। मार्शल आर्ट के धुरंधर और मैतेई समुदाय के युमनाम खेमचंद सिंह के साथ कुकी समुदाय की विधायक नेम्चा किप्जन तथा नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक एल दिखो ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसी के साथ राज्य में राष्ट्रपति शासन समाप्त हो गया है। बताया जाता है कि पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अपने समर्थक गोविंददास को सीएम बनाना चाहते थे, लेकिन विधायक दल में खेमचंद के नाम पर सहमति बनी। मणिपुर में अगले साल मार्च में ही विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में नए सीएम के सामने सबसे बड़ी चुनौती मैतेई बनाम कुकी संघर्ष के बीच ऐसा संतुलन साधना है, जिससे विधानसभा चुनाव में भाजपा को नुकसान न हो। भाजपा चाहती है कि आगामी चुनाव से पहले मणिपुर में जमीनी स्तर पर शांति बहाली हो। गौरतलब है कि मणिपुर में मई 2023 में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच भड़की जातीय हिंसा पर अब तक विराम नहीं लग सका है। राज्य में कुकी और मैतेई समाज और भौगोलिक खाइयां इतनी ज्यादा बढ़ चुकी हैं कि दोनों समुदाय एक-दूसरे के खून के प्यासे हैं। तमाम कोशिशों के बाद भी इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। कुकी अब मैतेइयों के साथ नहीं रहना चाहते हैं। लेकिन मणिपुर की भौगोलिक स्थिति और जनजातियों की बसाहट ऐसी है कि राज्य का विभाजन संभव ही नहीं है। मैतेई ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं और कुकी एवं नगा जंगलों में रहते हैं। इंफाल घाटी पहाड़ों और जंगलों से घिरी हुई है। खेमचंद के सीएम बनने से मणिपुर में हालात सुधरेंगे, कितने सुधरेंगे, यह बड़ा सवाल है। हालांकि सीएम खेमचंद ने शपथ ग्रहण के बाद एक कुकी बच्चे को गोद में उठाकर सौहार्द्रपूर्ण संदेश देने की कोशिश जरूर की है। लेकिन राज्य में शांति स्थापना और सरकार बहाली की इन कोशिशों को पहला झटका कुकी जो काउंसिल ने दिया है। काउंसिल ने कहा है कि यदि कोई कुकी विधायक सरकार में शामिल होता है तो यह उसका व्यक्तिगत फैसला होगा। काउंसिल के मुताबिक कुकी जो समुदाय मणिपुर सरकार के गठन में भाग नहीं लेगा। यह फैसला सभी जनजातियों, शीर्ष संगठनों और क्षेत्रीय संस्थाओं ने मिलकर लिया है। ऐसे में सीएम खेमचंद दोनों समुदायों के बीच अविश्वास की खाई को कितना पाट पाएंगे, यह बड़ा सवाल है। गौरतलब है कि मणिपुर में अलगाववादी विद्रोही संगठन तो पहले ही से सक्रिय थे, लेकिन तीन साल पहले राज्य में मैतेइयों को भी आदिवासी मानने के कोर्ट के फैसले ने राज्य में सामुदायिक विभाजन की आग सुलगा दी, जो बुझाए नहीं बुझ रही है। इसके अलावा अगले साल मणिपुर में विधानसभा चुनाव हैं। राज्य में कुल 60 सीटें हैं, जिसमें 2022 के चुनाव में बीजेपी ने 32 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। बाद में जेडीयू के 5 विधायक भी भाजपा में शामिल हो गए थे। विधानसभा चुनाव में अभी एक साल है, लेकिन तब तक मणिपुर में हालात कितने सामान्य होंगे, कहना मुश्किल है। क्योंकि मैतेई कुकी विवाद के पीछे एक धार्मिक कारक भी काम कर रहा है। मैतेई ज्यादातर हिंदू हैं और कुकी एवं नगा ईसाई हैं। कुकी अपना प्रदेश अलग चाहते हैं और इसमें परोक्ष रूप से ईसाई मिशनरियों का हाथ भी बताया जाता है। बीते तीन साल में राज्य में भारी खून-खराबा, लूटपाट और हिंसा हो चुकी है। ऐसे में शांति बहाली बहुत बड़ी चुनौती है।

# एआई युग में मानव अधिकार शिक्षा जरूरी

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े दुनिया के नीतिशास्त्री, भविष्य को सुरक्षित रखने वाले दार्शनिक सामाजिक बहस की मांग उठा रहे हैं। एआई यूजर्स भले ही धड़ल्ले से इसका सहारा लेने में संकोच नहीं कर रहे हैं लेकिन बड़े विशेषज्ञ व वैज्ञानिकों को अपने अस्तित्व का डर सताने लगा है। आखिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की डोर किसके हाथ में होगी, यह सबकी चिंता है। वस्तुतः यह दावा किया गया कि अल्गोरिद्म आधारित एआई सिस्टम, मुनासिब प्रशिक्षण सामग्री के बिना टेक्स्ट, छवियां या संगीत अभी भी नहीं तैयार कर सकते हैं। किन्तु सीखने की कला यानि लर्निंग सिस्टम को जरूरी डाटा मुहैया कराने के लिए, डेवलपर यह पूछे बिना, सहमति लिए बिना और मुआवजा दिए बिना, बहुतेरे काम कर रहे हैं और एआई का इस्तेमाल करते हैं। विशेषज्ञ यह मानते हैं कि हमारी कीमत पर ये सेल्फ-सर्विस हमें स्वीकार्य नहीं है। यह तो एक प्रकार से निजता का हनन है।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**



अब ज़रूरी है कि क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षा के अधिकार और मानवाधिकारों की प्राप्ति को प्रभावित करने वाली उभरती वैश्विक चुनौतियों की जांच हो। जागरूकता बढ़ाने और उनका समाधान करने के तंत्र के व्यापक अधिदेश हैं। आज जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई की भूमिका सभी क्षेत्रों में बढ़ रही है, तब विकास, आर्थिक प्रगति को बड़े पैमाने पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि, यह आसानी से उपलब्ध डेटा, बढ़ते डिजिटलीकरण, पूंजी प्रवाह और एआई के उपयोग से दक्षता लाभ द्वारा संचालित है। एआई का प्रभाव विविध और व्यापक है, और यह कई हितधारकों-राज्य, व्यवसाय, उपभोक्ताओं और कार्यबल को प्रभावित कर रहा है। यहाँ तक कि शैक्षिक प्रणाली एआई से प्रभावित है, और शिक्षाविदों को कार्यस्थल में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके भी कई प्रमाण सामने आए हैं। सबसे बड़ी बात इसके द्वारा कई मानवाधिकार उल्लंघन भी हैं। मानवाधिकारों को प्रभावित करने वाली विकासशील वैश्विक गतिशीलता, विशेष रूप से तीव्र तकनीकी परिवर्तन से जुड़ी गतिशीलता के आलोक में अधिकारों के व्यापक ढाँचे में सांस्कृतिक अधिकारों पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभावों का विशेष रूप से अन्वेषण होना इसलिए ज़रूरी है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाली प्रौद्योगिकियाँ पहले से ही सांस्कृतिक परिदृश्य को नया रूप दे रही हैं यहाँ तक कि रचनात्मक उत्पादन और प्रसार से लेकर सांस्कृतिक सामग्री की सुलभता, भाषा संरक्षण और सांस्कृतिक जीवन में भागीदारी तक। साथ ही, ये विकास कई महत्वपूर्ण जोखिमों को जन्म देते हैं, जिनमें दुष्प्रचार, एल्गोरिथम संबंधी पूर्वाग्रह, शैक्षिक तंत्र और सांस्कृतिक विविधता का क्षरण शामिल हैं, जो लगातार डिजिटल विभाजनों से और बढ़ रहे हैं। एआई का विकास और उपयोग विकास के अधिकार के अनुरूप हो, इसको किसी को चिंता आज नहीं है। शिक्षा के साथ एआई का हस्तक्षेप बढ़ने पर एक शिक्षक के अधिकार-आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो सांस्कृतिक आत्मनिर्णय और शैक्षिक एवं सांस्कृतिक जीवन में भागीदारी को मान्यता प्रदान करे और उसकी रक्षा करे। हालाँकि, तीव्र तकनीकी प्रगति की पृष्ठभूमि में, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर खंडित और अपर्याप्त विनियमन सांस्कृतिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम नहीं लगती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाजों और शिक्षा जगत को नया आकार दे रही है और हमारे जीने, सीखने और परस्पर क्रिया करने के तरीके को बदल रही है। अब यह महसूस किया जा रहा है कि जहाँ एक ओर एआई शैक्षिक प्रणालियों को बेहतर बनाने और ज्ञान तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाने की अपार क्षमता प्रदान कर रही है, वहीं यह नैतिकता, पूर्वाग्रह, जवाबदेही और मानवाधिकारों से जुड़े गंभीर प्रश्न भी है। शैक्षणिक संस्थानों और हितधारकों को न केवल आज तकनीकी जानकारी से लैस होना चाहिए, बल्कि एआई के उपयोग से जुड़े जोखिमों का आकलन और उन्हें कम करने के ढाँचों से भी लैस होना चाहिए, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में। भारत के मानव अधिकारों की छवि, आम तौर पर अच्छी है, हालांकि कुछ गैर-सरकारी संगठनों ने कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन को एक मुद्दा बनाया है और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। पश्चिमी देश मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण पर किसी भी प्रतिबंध के धर्म की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध मानते हैं, जो उनके विचारकों द्वारा बनाए गए धर्म की स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रेटिंग को कम करता है।

यह सुनिश्चित करने के वैश्विक प्रयासों के साथ कि एआई का विकास और उपयोग अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों और समता के सिद्धांतों के अनुरूप हो, शिक्षकों, नीति निर्माताओं, प्रौद्योगिकीविदों, अन्य हितधारकों और नागरिक समाज के कार्यकर्ताओं के बीच क्षमता निर्माण की सख्त आवश्यकता है। शैक्षिक नवाचार और मानवाधिकारों के अंतर्संबंधों का अन्वेषण होना चाहिए। विगत कुछ समय पहले भारत सरकार ने देश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को बढ़ावा देने के लिए एक नए मिशन को मंजूरी दी है। केंद्रीय कैबिनेट ने इंडिया एआई मिशन के लिए 10,371 करोड़ रुपये के बजट को मंजूर किया। सरकार का कहना है कि इस मिशन के तहत एआई को जिम्मेदार तरीके से डेवेलप करने और अपनाने पर जोर होगा। एक नेशनल डाटा मैनेजमेंट दफ्तर बनाया जाएगा, जो सरकारी विभागों के साथ मिलकर यह देखेगा कि एआई के विकास के लिए गैर निजी डाटा किस तरह उपलब्ध कराया जा सकता है। किन्तु संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यूनिसेफ ने कृत्रिम बुद्धिमता-एआई के ज़रिए तैयार की जा रही बच्चों की यौन तस्वीरों, उन्हें साझा किए जाने के मामलों में आए तेज़ उछाल पर गहरी चिन्ता जताई है। इस पर लगाम कसने के लिए ठोस सुरक्षा उपायों की मांग की गयी है। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे मामले भी हैं, जिनमें बच्चों की तस्वीरों में छेड़छाड़ के ज़रिए उन्हें यौन रूप-सेक्सुअलाइज्ड ही पेश किया गया। यह सब पढ़ा-लिखा समाज कर रहा है। हाँ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने दुनिया को तेज़ी से बदल दिया ज़रूर। स्व-चालित वाहन, चिकित्सीय इमेज का विश्लेषण, व्यवसायों के लिए सामान का प्रबंधन, वित्तीय कारोबार ऐल्गोरिदम, वर्चुअल सहायता और बिना कोई देरी किए भाषा अनुवाद जैसी चीज़ों में एआई का असर साफ़ दिखाई दे रहा है। लेकिन अब जब इसकी चुनौतियाँ हमारे सामने खड़ी हो रही हैं और वैश्विक स्तर पर आमजन के मानव अधिकारों के हनन की बातें उठ रही हैं तो शिक्षा जगत में एआई के भावी दुष्परिणामों से भी निपटने की पूरी तैयारी ज़रूरी है।

देश के सभी स्कूल्स, कॉलेज, विश्वविद्यालय व शैक्षणिक संस्थानों के साथ शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का दायित्व है की वे कई चौकाने वाली चुनौतियों को चिन्हित करें। यह सुनिश्चित करें कि देश में शिक्षा व मानव अधिकार के मुद्दे को समझें। जेंडर आधारित मसले भी हमारे लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं। इसमें सबसे ज्यादा जिम्मेदारी उच्च शिक्षा से जुड़े लोगों का है कि वे मानव अधिकारों के संरक्षण पर कार्य करें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नए संस्करणों के साथ हमारे मानव अधिकारों की सुरक्षा यदि हम नहीं कर सकेंगे तो सभी को समस्याओं को झेलने के लिए तैयार रहना होगा। मानव अधिकार शिक्षा इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में हम बचाव के बारे में जागरुक हों। विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़ी लीडरशिप की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने कैम्पस में एक अच्छा माइंडसेट डेवलप करें जो नेशन बिल्डिंग के लिए काम आए और लोगों की गरिमा भी सुरक्षित व प्रतिष्ठित रहे। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा है कि उचित नियमों के बिना, एआई असमानताओं और डिजिटल विभाजन को और बढ़ा सकती है और सबसे कमज़ोर वर्गों को असमान रूप से प्रभावित कर सकती है। हमें इस समय को समझना चाहिए ताकि यह मानवता के लिए लाभकारी हो।

अध्यात्म

## कठिनाइयों में शांत रहना वास्तव में शांति है

एक राजा था जिसे चित्रकला से बहुत प्रेम था। एक बार उसने घोषणा की कि जो कोई भी चित्रकार उसे एक ऐसा चित्र बना कर देगा जो शांति को दर्शाता हो, तो वह उसे मुँह माँगा पुरस्कार देगा। निर्णय वाले दिन एक से बढ़ कर एक चित्रकार पुरस्कार जीतने की लालसा से अपने-अपने चित्र लेकर राजा के महल पहुँचे। राजा ने एक-एक करके सभी चित्रों को देखा और उनमें से दो चित्रों को अलग रखवा दिया। अब इन्ही दोनों में से एक को पुरस्कार के लिए चुना जाना था। पहला चित्र एक अति सुंदर शांत झील का था। उस झील का पानी इतना स्वच्छ था कि उसके अंदर की सतह तक दिखाई दे रही थी। और उसके आस-पास विद्यमान हिमखंडों की छवि उस पर ऐसे उभर रही थी मानो कोई दर्पण रखा हो। ऊपर की ओर नीला आसमान था जिसमें रुई के गोलों के सामान सफ़ेद बादल तैर रहे थे। जो कोई भी इस चित्र को देखता उसको यही लगता कि शांति को दर्शाने के लिए इससे अच्छा कोई चित्र हो ही नहीं सकता। वास्तव में यही शांति का एक मात्र प्रतीक है। दूसरे चित्र में भी पहाड़ थे, परंतु वे बिलकुल सूखे, बेजान, वीरान थे और इन पहाड़ों के ऊपर घने गरजते बादल थे जिनमें बिजलियाँ चमक रहीं थीं, घनघोर वर्षा होने से नदी उफान पर थी, तेज हवाओं से पेड़ हिल रहे थे, और पहाड़ी के एक ओर स्थित झरने ने रौद्र रूप धारण कर रखा था। जो कोई भी इस चित्र को देखता यही सोचता कि भला इसका शांति से क्या लेना देना? इसमें तो बस अशांति ही अशांति है। सभी आश्वस्त थे कि पहले चित्र बनाने वाले चित्रकार को ही पुरस्कार मिलेगा। तभी राजा अपने सिंहासन से उठे और घोषणा की कि दूसरा चित्र बनाने वाले चित्रकार को वह मुँह माँगा पुरस्कार देंगे। हर कोई आश्चर्य में था! पहले चित्रकार से रहा नहीं गया, वह बोला: लेकिन महाराज उस चित्र में ऐसा क्या है जो आपने उसे पुरस्कार देने का फैसला लिया, जबकि हर कोई यही कह रहा है कि मेरा चित्र ही शांति को दर्शाने के लिए सर्वश्रेष्ठ है? आओ मेरे साथ! राजा ने पहले चित्रकार को अपने साथ चलने के लिए कहा। दूसरे चित्र के समक्ष पहुँच कर राजा बोले: झरने के बायीं ओर हवा से एक ओर झुके इस वृक्ष को देखो। उसकी डाली पर बने उस घोंसले को देखो, देखो कैसे एक चिड़िया इतनी कोमलता से, इतने शांत भाव व प्रेमपूर्वक अपने बच्चों को भोजन करा रही है। फिर राजा ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों को समझाया: शांत होने का अर्थ यह नहीं है कि आप ऐसी स्थिति में हों जहाँ कोई शोर नहीं हो, कोई समस्या नहीं हो, जहाँ कड़ी मेहनत नहीं हो, जहाँ आपकी परीक्षा नहीं हो। शांत होने का सही अर्थ है कि आप हर तरह की अव्यवस्था, अशांति, अराजकता के बीच हों और फिर भी आप शांत रहें, अपने काम पर केंद्रित रहें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। अब सभी समझ चुके थे कि दूसरे चित्र को राजा ने क्यों चुना है हर कोई अपने जीवन में शांति चाहता है। परंतु प्रायः हम शांति को कोई बाहरी वस्तु समझ लेते हैं, और उसे दूरस्थ स्थलों में ढूँढते हैं, जबकि शांति पूरी तरह से हमारे मन की भीतरी चेतना है। और सत्य यही है कि सभी दुःख-दर्दों, कष्टों और कठिनाइयों के बीच भी शांत रहना ही वास्तव में शांति है।

# चुनौतियों का जवाब देने वाला बजट 2026

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक महिला के रूप में और लगातार नौ बजट पेश करके रिकॉर्ड बनाया है। हमारे आपके लिए महत्वपूर्ण यह है कि उनके द्वारा प्रस्तुत बजट भारत के सभी समूहों की आकांक्षाओं, आंतरिक और बाह्य चुनौतियों व आवश्यकताओं, राजनीतिक मांग एवं नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा देश के घोषित आर्थिक विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा है या नहीं? पिछले कुछ समय से उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल में भारत को अपनी विकास गति बनाए रखने के साथ नए वैश्विक साझेदारी, निर्यात बाजार आदि विकसित करने तथा घरेलू उत्पादकों की नीतियों और प्रोत्साहन से समर्थन देने तथा सबके साथ समाज के निचले तबके से लेकर हर समूह की चाहत के बीच सामंजस्य बिठाने की चुनौती है। आर्थिक सर्वेक्षण में साफ कहा गया था कि वैश्विक उथल-पुथल जल्दी समाप्त नहीं होने वाला इसलिए भारत को मैराथन एवं स्प्रिंट दोनों दौड़ लगाने की आवश्यकता है।**

**अवधेश कुमार**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 53.47 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पेश कर यह संदेश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार इन चुनौतियों और संकटों को अवसर में बदलने की दृष्टि से काम कर रही है। कोई लोक लुभावन घोषणा नहीं पूरा फोकस इस बात पर कि इस उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के दौर में देश की अर्थव्यवस्था सुरक्षित, मजबूत और स्थिर होने के साथ विस्तारित भी हो, विश्व व्यापार के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हो, किशोर और युवा वर्ग को भारत राष्ट्र के लक्ष्य और रोजगार दिलाने के अनुरुप शिक्षा, रोजगार के अवसर के साथ समाज के सभी समूह के लोगों का जीवन सुरक्षित हो सहज हो तथा आवश्यक सेवाएं सहायक उपलब्ध हों ...। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में तीन कर्तव्य के नाम पर लक्ष्य और बजट की सैद्धांतिक आधारभूमि स्पष्ट कर दिया। पहला, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा वैश्विक उथल-पुथल के परिदृश्य में लचीलापन लाकर आर्थिक विकास को तेज करना और उसकी गति बनाए रखना। दूसरा, भारत की समृद्धि के पथ में सशक्त साझेदार बनाने के लिए लोगों की आकांक्षाएं पूरी करना और उनकी क्षमता बढ़ाना। तथा तीसरा, सरकार की सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण के अनुकूल- यह सुनिश्चित करना कि सार्थक भागीदारी के लिए प्रत्येक परिवार, समुदाय और क्षेत्र की संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच उपलब्ध हो। प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने भाषणों में व्यापक सुधारो का संकेत दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि हम 12 साल से आर्थिक विकास की दिशा में काम कर रहे हैं और आर्थिक सुधार की गाड़ी सही रास्ते पर है, 350 से अधिक सुधार किए हैं और अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए इसकी गति बनाए रखनी पड़ेगी। उन्होंने आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए सात क्षेत्रों में पहल शुरू करने का प्रस्ताव रखा- रणनीतिक और अग्रणी क्षेत्रों में विनिर्माण को तेज करना। दो, विरासत के औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना। तीन, चैंपियन एमएसएमई का निर्माण करना। चार, आधारभूत संरचना को सशक्त प्रोत्साहन प्रदान करना। पांच, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना। सात, शहरों में आर्थिक क्षेत्र विकसित करना...। आप देखेंगे कि अपनी सैद्धांतिक आधारों और इन प्रक्रियाओं की दृष्टि से बजट में व्यवहारिक साहसिक और विजनरी घोषणायें हैं।

तमाम उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा अपने राजकोषीय अनुशासन को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। घोषित लक्ष्यों के अनुरुप राजकोषीय घाटा 4.4% तक सीमित रखना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसीलिए इस वर्ष के लिए 4.3% का लक्ष्य घोषित किया गया है। कर राजस्व में थोड़ी कमी है लेकिन ऐसी नहीं जिससे योजनाओं की दृष्टि से आवंटन में समस्याएं आयें। पूंजीगत खर्च जो मुख्ता आधारभूत संरचना पर खर्च होता है के लिए 12 लाख 20 करोड़ का आवंटन सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। यह कुल बजट का लगभग 23% है। यूपीए सरकार में कभी भी पूंजीगत ब्याज 7-8% से ज्यादा नहीं गया। यहीं पर सरकार की विचारधारा नीति और दुर्गा में सोच स्पष्ट होता है कि आपका सबसे ज्यादा फोकस किस बात पर है। यानी भारत को हर क्षेत्र में कृषि से लेकर कुटीर उद्योग, ग्रामीण उद्योग, कपड़ा, हस्तकरघा, वाहन, यातायात, सूचना तकनीक.... सभी क्षेत्र की आधारसंरचना इतनी सशक्त और विकास के अनुकूल बना दिया जाए कि आने वाले वर्षों तक इन पर आर्थिक गतिविधियां खिलखिलाती मुस्कुराती तेज गति से बढ़ती रहे।

कुछ और पहलुओं पर नजर दौड़ायें । विनिर्माण, सेवा और कृषि हमारी अर्थव्यवस्था और विकास के मूलाधार हैं। कुशल और दक्ष युवा वर्ग तैयार करना भारत का बड़ा लक्ष्य है,क्योंकि जब हम यूरोपीय संघ और अन्य देशों से मोबिलिटी समझौता करते हैं तो काम करने वालों के क्षेत्र का भौगोलिक विस्तार हो जाता है। बजट में शिक्षा से रोजगार और उद्यमिता के नाम से एक स्थायी उच्चाधिकार समिति का गठन होगा जो सेवा क्षेत्र को विकसित भारत का मुख्य चालाक बनने के लिए आवश्यक उपायों की अनुशंसा करेगा। 2047 तक भारत का सेवा क्षेत्र में वैश्विक हिस्सा 10 प्रतिशत तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निश्चित है। यह स्थायी समिति वृद्धि, रोजगार और निर्यात की संभावनाओं को अधिकतम करने वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देगी। आप सोचिए दुनिया भर का जो सेवा क्षेत्र है उसमें हमारा योगदान कम से कम एक दही हो इसकी दृष्टि से ही नहीं भारत दूसरे छात्रों में भी भारत और विश्व की आवश्यकताओं के अनुकूल कुशल कार्यबल तैयार करने का एक स्थायी ढांचा तैयार किया जा रहा है ।उभरती तकनीकों, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, का नौकरियों और स्किल पर प्रभाव आंकेगी और आवश्यक नीतिगत उपाय सुझाएगी। स्वास्थ्य पेशेवर बनाने वाले संस्थानों को अपग्रेड किया जाएगा जिसमें रेडियोलॉजी, एनेस्थीशिया जैसे क्षेत्रों पर फोकस होगा। अगले पांच वर्ष में एक लाख एएचपी जोड़े जाएंगे तो 1.5 लाख केयर गिवर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी, मुम्बई को 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों और पांच सौ महाविद्यालयों में ए.वी.जी.सी. कंटेंट क्रिएटर लैब (सी.सी.एल.) स्थापित करने में सहायता प्रदान किया जाएगा। आधुनिक समय में औरेंज इकोनामी दृष्टि से स्टोरी टेलिंग को क्रिएटिव आर्ट से मिलाने व गेमिंग, एनीमेशन आदि क्षेत्र का स्किल विकसित किया जाएगा। वैश्विक बायोफॉर्मा निर्माण केन्द्र के रूप में भारत को विकसित करने के लिए कुल 10,000 करोड़ रुपये से बायोफॉर्मा शक्ति की शुरुआत हो रही है जो बायोलॉजिक और बायोसिमिलरों के घरेलू उत्पादन के लिए अगले पांच वर्षों में इको-सिस्टम का निर्माण करेगी। इसकी रणनीति में तीन नए राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) और सात वर्तमान संस्थानों के उन्नयन के साथ बायोफॉर्मा पर केन्द्रित नेटवर्क बनाया जाएगा। यह 1000 मान्यता प्राप्त भारत क्लिनिक जांच स्थलों के एक नेटवर्क का निर्माण करेगा। सेमीकंडक्टर और एआई क्षेत्र में देर से आने के बावजूद अग्रणी देश बनने की दृष्टि से महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। रेयर अर्थ मिनिरल्स अन्य दुर्लभ खनिज संसाधन की संपूर्ण दुनिया में मांग है और चीन 94% बाजार पर हिस्सा रखता है। हमें भी जब चाहता है तभी देता है । घरेलू कैपिटल-गुड्स क्षमताएं बनाने और एक स्वतंत्र आपूर्ति श्रृंखला खड़ा करने का लक्ष्य बनाया गया है। इसके लिए ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल जैसे खनिज-समृद्ध राज्यों में दुर्लभ पृथ्वी संसाधनों की खोज, खुदाई और संसाधन की श्रृंखला बनेगी। थल, जल और नभ यातायात में भारत वैसे ही दुनिया के अनेक देशों को पीछे छोड़ चुका है। एक बड़ा फोकस इस समय जल यातायात है। पर्यावरण रूप से टिकाऊ आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए पूर्वी भारत में डानकूनी से पश्चिमी भारत के सूरत को जोड़ने के लिए नए समर्पित माल गलियारे, पांच वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों (एनडब्ल्यू) का संचालन , जलमार्गों और तटीय पोत परिहवन की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 12 प्रतिशत करने के लिए तटीय कार्गोनन, सात उच्च-गति रेल कॉरीडोर विकसित करना, सी-प्लेन के स्वदेशी निर्माण के लिए प्रोत्साहन के लिए योजना आदि। इनके साकार होने के बाद कल्पना करिए कि भारत विश्व स्तरीय यातायात में कहां खड़ा होगा और यह हमारे आम जीवन से लेकर आंतरिक और विदेशी आर्थिक क्रियाकलापों के लिए कितनी बड़ी आधारभूमि होगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी क्षमताओं में विस्तार होगा। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक व्यवहार से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं।

**मिथुन**
आप लोगों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय हो रहे हैं। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है। प्रत्येक परिस्थिति में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**कर्क**
आपके नेतृत्व कौशल की लोग प्रशंसा करेंगे। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। आयात-निर्यात सम्बन्धी व्यापार से उत्तम धन लाभ होगा।

**सिंह**
व्यापार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में तय लक्ष्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। दोपहर के बाद आपकी परिस्थितियाँ काफी अच्छी रहने वाली हैं।

**कन्या**
परिवार में लोगों के बीच कलह की भावना हो सकती है। महँगी वस्तुओं की खरीदारी में धन का अपव्यय हो सकता है। गर्दन में दर्द उभरने की आशंका है।

**तुला**
अविवाहितों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। कारोबार की गुणवत्ता में सुधार होगा। व्यायाम और ध्यान को अपनी जीवनशैली में अवश्य सम्मिलित करें।

**वृश्चिक**
यदि किसी को कर्ज दे रहे हैं तो परिजनों से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। घर के नवीनीकरण को लेकर योजना बनायेंगे।

**धनु**
व्यापार को लेकर आप प्रयोग कर सकते हैं। काम को लेकर दबाव धीरे-धीरे कम होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आप अपने मन की करने को स्वतन्त्र रहेंगे।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आपके काम की निन्दा हो सकती है। पुरुष जातकों को महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिये। वैवाहिक सम्बन्ध को लेकर कुछ समस्या होगी।

**कुंभ**
आज नया काम शुरू कर सकते हैं। आपके स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। दूसरों के भरोसे रहना उचित नहीं है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतरीन रहेगा।

**मीन**
अपने कार्यों को लेकर अत्यन्त सावधान रहेंगे। रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिन्ता रहेगी। पार्टी व पिकनिक के लिये जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गोलीबारी मामले में चार नामजद, दो अज्ञात पर प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के तारेगना डीह मोहल्ले में शुक्रवार की शाम को हुई गोलीबारी मामले में एक ब्यक्ति के दाहिने हाथ में गोली लगी थी जख्मी व्यक्ति बाबर हुसैन पिता फैयाजुद्दीन के बयान पर छह लोगों पर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जख्मी बाबर हुसैन के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि जब दुकान बंद कर शुक्रवार की शाम को घर लौटे थे तो देखें कि हमारे बेटे आयान हूसैन को कुछ लोग मिलकर मारपीट कर रहे हैं। जब उसे बचाने गए तो हमारे साथ भी मारपीट करते हुए गोली चला दिए जहां हमारे दाहिने हाथ में गोली लगी है। मारने वालों में नीतीश कुमार पिता अशोक पासवान, राहुल कुमार, राहुल पासवान पिता बैजनाथ पासवान नदौना भगवानगंज, अमित कुमार पिता कृष्णा पासवान के अलावा दो अज्ञात लोगों ने हत्या के नींद से गोली चलाई थी जिसमें दाहिने हाथ में गोली लगी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न मामलों में चल रहे फरार वारंटी के धर पकड़ अभियान के तहत धनरूआ पुलिस ने एक समकालीन अभियान के थाना क्षेत्र के मरही पर गांव के रसूलपुर गांव से पांच वारंटी को गिरफ्तार किया है, जिसमें गिरफ्तार वारंटीयों में अरविंद प्रसाद पिता फेकन प्रसाद, फेकन प्रसाद पिता राम लखन प्रसाद, सूरज प्रसाद पिता अंबिका प्रसाद, बिगन प्रसाद पिता अंबिका प्रसाद, अमित प्रसाद पिता स्वर्गीय लेखा प्रसाद यह सभी मरही पर रसूलपुर गांव के रहने वाले हैं, प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि धनरूआ थाना क्षेत्र में न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर एक समकालीन अभियान चलाकर सभी वारंटी को धर पकड़ की जा रही है, चल रही इस धर पकड अभियान के तहत हड़कंप मची हुई है।

### हथियार के साथ एक गिरफ्तार, एक फरार

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अनुमंडल के पंडारक थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर न्यू बायपास मोकामा बख्तियारपुर फोर लाइन टोल प्लाजा के समीप से दो देसी कट्टा छ जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह अभियान चलाकर गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार अपराधी अथमलगोला थाना क्षेत्र के फुलेलपुर निवासी नगीना यादव के पुत्र पंकज यादव के रूप में की गई है। छापेमारी के दौरान एक अपराधी भागने में कामयाब रहा। पुलिस उसकी भी गिरफ्तारी जल्द करने की बात कही है। बताया जाता है कि यह सभी अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे लेकिन पुलिस की सक्रियता से अपराधियों के मंसूबे को नाकाम कर दिया गया है।

### एसडीओ गरिमा लोहिया ने किया निरीक्षण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री गरिमा लोहिया स्थल एवं उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलीक खांडेकर, सहायक समाहर्ता सह अंचल अधिकारी, के द्वाराअनुमंडल अंतर्गत विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला परिषद डाकबंगला, बख्तियारपुर एवं बाढ़ का निरीक्षण किया गया तथा पंडारक प्रखंड परिसर में निर्माण हो रहे प्रखंड सह अंचल कार्यालय पंडारक के नए भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त लक्ष्मी नारायण राजवंशी हाई स्कूल ढिबर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निदेशक डी आर डी ए, पटना एवं अधिसूचित प्रखंड विकास पदाधिकारी पंडारक भी उपस्थित थे।

### नाला निर्माण के नाम पर लूट, ग्रामीणों ने किया विरोध

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के काजी चक मोहल्ला वार्ड संख्या 9 में सकरी गली में नल का निर्माण नगर परिषद के द्वारा कराया जा रहा है लेकिन स्थानीय लोगों का विरोध है की योजना स्थल पर बिना किसी प्रकार का बोर्ड लगाए हुए साथ ही बिना राशि की जानकारी दिए मनमाने तरीके से निर्माण कार्य संवेदक के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें घटिया सामग्री और काम मटेरियल दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी नगर अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गाय माता को दी सूचना पाकर नगर अध्यक्ष योजना स्थल पर पहुंचे तो जरूर लेकिन कोई सकारात्मक सुधार नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि नाला का निर्माण मजबूती से नहीं हुआ तो वह इसकी लिखित शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया से करेंगे।

### इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्रों का एसडीएम गरिमा लोहिया ने किया औचक निरीक्षण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री गरिमा लोहिया के द्वारा शनिवार को चल रही इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के दौरान परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। अनुमंडल कार्यालय सहायक ने शनिवार की संध्या लगभग 7:00 बजे जानकारी साझा करते हुए बताया की अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ गरिमा लोहिया के द्वारा दोनों पालियों में विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा के स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में सभी केंद्राधीक्षकों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेशों का सख्ती से पालन करने, परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा परीक्षार्थियों को पेयजल सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की अनिवार्य और अचूक फ्रिस्किंग कराकर ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए।




### पलनवा जगधर पंचायत पैक्स चुनाव

**41 मतों से कक्कू उपाध्याय निर्वाचित, तृकोणीय मुकाबले में दर्ज की जीत**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल प्रखंड के पलनवा जगधर पंचायत में आयोजित पैक्स चुनाव का परिणाम औपचारिक रूप से घोषित कर दिया गया। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में आशुतोष आनंद उर्फ कक्कू उपाध्याय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विनय शंकर सिंह को 41 मतों से पराजित कर जीत हासिल की। इस चुनाव में तृकोणीय मुकाबला देखने को मिला, जिसमें आशुतोष आनंद (कक्कू उपाध्याय), विनय शंकर सिंह तथा रूबी देवी प्रत्याशी के रूप में मैदान में थे। मतदान के बाद शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना की प्रक्रिया पूरी की गई। मतगणना उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा आशुतोष आनंद उर्फ कक्कू उपाध्याय को विजयी घोषित करते हुए उन्हें जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था के तहत सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे। परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्र में चुनावी प्रक्रिया औपचारिक रूप से संपन्न मानी गई। स्थानीय स्तर पर पैक्स चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया।



# मसौढ़ी के तिनेरी में बन रहे पंचायत सरकार भवन का एडीएम ने की जांच

**डीएम के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच टीम गठित ■ जिला लोक शिकायत निवारण में निर्माण कार्य में अनियमितता की याचिका दायर**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड के तिनेरी गांव में बन रहे पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य इन दिनों सुर्खियों में है। दरअसल निर्माण कार्य के दौरान हो रहे अनियमितता को लेकर गांव के ही वादी अजय कुमार पिता स्व रामाशीष सिंह के द्वारा जिला लोक शिकायत निवारण में नौ बिंदुओं पर जांच की मांग की थी ,इस आलोक में कई बार जांच और सुनवाई की गई थी, ऐसे में एक बार फिर पटना डीएम के आदेश पर तीन सदस्यी जांच दल की टीम गठित की गई थी, जिसमें एडीएम आपदा देवेंद्र शाही की अध्यक्षा में मसौढ़ी एसडीएम अभिषेक कुमार पथ निर्माण के कार्यपालक अभियंता आलोक ठाकुर मसौढ़ी बीडीओ को सदस्य के रूप मे टीम में शामिल रहे। जांच दल के द्वारा शनिवार को इसकी गहनता से जांच कराई गई। एडीएम आपदा देवेंद्र शाही ने बताया कि इसकी जांच की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सबमिट किया जाना है,बिंदुवार जांच की गई है। गौरतलब है कि वादी अजय कुमार ने बताया कि नौ बिंदुओं पर इसकी जांच की मांग की गई थी, जिसमें प्रमुख रूप में कार्य स्थल पर मैटेरियल सप्लाई के लिए टेंडर नहीं किया गया, पंचायत सरकार भवन के लिए सरकारी तौर पर 50 डिसमिल जमीन चाहिए लेकिन संशोधित कर उसे छोटा कर दिया गया है लंबाई 180 फीट चौड़ाई 120 फीट होनी चाहिए थी, इसके अलावा कार्यस्थल पर बोरिंग किया गया था, ना बोर्ड लगाया गया है इसके समेत कई बिंदु पर जांच की मांग की गई है बहरहाल पंचायत सरकार भवन योजना संख्या 01/ 2020-21 के तहत यह पंचायत सरकार भवन बननी थी जिसकी प्राक्कलश राशि शुरूआती दौर में एक करोड़ 20 लाख 91 हजार थे बाद में इसे बढ़ा दिया गया था हालांकि से 15 जून 2022 तक ही कार्य पूरा कर लेना था, लेकिन बाद में जून 2025 से इसकी कार्य की शुरूआत हुई है।

## हेल्थ इंस्टिच्यूट ने पटना वीमेन्स कॉलेज में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च, बेऊर के तत्त्वावधान में स्थानीय पटना वीमेन्स कालेज परिसर में दो दिवसीय संपूर्ण स्वास्थ्य-जांच शिविर लगाया गया, जिसमें संस्थान के चिकित्सकों और तकनीशियनों ने महाविद्यालय की छात्राओं एवं अभिभावकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया तथा उचित परामर्श दिए। संस्थान की ओर से निःशुल्क नेत्र-जांच, रक्त-शर्करा की जाँच और रक्त-चाप की जांच सहित अस्थि, नस, स्नायु तथा पेशियों से संबंधित सभी पीड़ा और परेशानियों की जाँच, उपचार एवं फि ज़ियोथेरापी की व्यवस्था की गयी थी। यह जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने बताया कि गत शुक्रवार से आरंभ हुए दो दिनों के इस शिविर में दो सौ से अधिक छात्राओं और अभिभावकों की जाँच की गयी है। नेत्र-रोग से पीड़ित 66 रोगियों को विशेष-जाँच एवं उपचार के लिए संस्थान के बेऊर स्थित बाह्य-रोगी विभाग में बुलाया गया है। शिविर में डा नवनीत कुमार, प्रो देवराज, फि ज़ियो-इंटर्न आरती कुमारी, ओफ्थालमोलौजी इंटर्न प्रिया कुमारी, रीना प्रभा, लैब टेक्नोलौजिस्ट निशा भारती और निशा सिंह ने अपनी सेवाएं दी।

## तारेगना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन यात्रियों से छिनतई करने वाला बंगाल गिरोह के तीन गुर्गे गिरफ्तार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तारेगना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन यात्रियों से छीनछोर करने वाले एक गिरोह शनिवार को तारेगना जीआरपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। इन सबों के पास छिनतई किए गए पैसे, लेडिस पर्स एवं अन्य सामान बरामद किए गए हैं, थानाध्यक्ष सोनू कुमार यादव ने बताया कि शनिवार को तारेगना रेलवे स्टेशन की प्लेटफार्म संख्या दो पर जांच अभियान चलाया जा रहा था, उसी दरमियान पुलिस को देखकर तीन युवक भागने लगे, भागते देख पुलिस ने उसे खदेड कर पकड़ा,और सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो उसने कहा कि वह ट्रेन यात्रियों से छिनतई करता है, उसके पैकेट से छिनतई किए गए पैसे और लेडिस पर्स अन्य चीज बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधी पुरुलिया पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। जिसमें विजय सिंह उम्र करीब 23 वर्ष पिता बनारसी सिंह आसनसोल पश्चिम बंगाल इसके दाहिने पैकेट से ₹200 बरामद किया गया है, जबकि शंकर सिंह उम्र 19 वर्ष पिता रणजीत सिंह ग्राम पटरी पुरुलिया पश्चिम बंगाल इसके पैकेट से एक चोरी का पर्स बरामद किया गया है, वही बनवारी सिंह उम्र 19 वर्ष पिता बनारसी सिंह कलीतला, पुरुलिया पश्चिम बंगाल इसके पैकेट से भी ज्वेलर्स का बैग बरामद किया गया है जिसमें 500 का नोट था। तीनों गिरफ्तार आरोपी पुरुलिया पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं वह विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन यात्रियों से पर्स चोरी छिनतई का काम किया करते थे, पुलिस ने गिरफ्तार कर इन तीनों खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

### जितेंद्र की मौत मामले में पिता ने ससुराल पक्षों एवं अन्य दो और अज्ञात लोगों पर कराया प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के न्यूमणीचक मोहल्ले में बीते शुक्रवार की सुबह युवक जितेंद्र कुमार पिता सुखदेव यादव का बरामद की गई थी, इस मामले में मृतक के पिता सुखदेव यादव ने सात लोगों पर नामजद और 10 से 15 अज्ञात लोगों पर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें मुकेश कुमार पिता स्वर्गीय अवध यादव, भोली देवी पति मुकेश कुमार, तनु देवी पति मुकेश कुमार, राधे कुमार पिता मुकेश कुमार सभी गंगाचक मालिकाना इसके अलावा मुकेश के समाधि मिट्टू उर्फ अरुण कुमार पिता प्रभु यादव नउआबाग के अलावा 10 -15 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। सुखदेव यादव के द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में लिखा है की राजू राम पिता किशोरी राम और कारू राम पिता उमेश राम ने मेरे बेटे जितेंद्र को मोबाइल फोन करके घर से बुलाया था और कहा था कि 1 घंटे में घर लौट जाएंगे लेकिन काफी देर रात को जब नहीं आया फिर पुनः फोन करके पता किया उसके बाद कुछ पता नहीं चला और सुबह में शव मिला है।

## केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा देशभर में सफलतापूर्वक संपन्न



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन 7 फरवरी को देशभर में सफलतापूर्वक किया गया। । परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। सीटीईटी परीक्षा विशेषज्ञ, टीसीएच एडुसर्व के निदेशक एवं प्रख्यात सीडीपी गुरु श्री सौरव झा ने वर्तमान समय में सीटीईटी जैसी परीक्षाओं में सफलता के लिए कॉन्सेप्ट क्लियरिटी, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक मानसिकता को सबसे महत्वपूर्ण कारक बताया है। इस बार सीटीईटी का स्तर मध्यम से कठिन रहा। अधिकांश प्रश्न अवधारणा आधारित थे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि परीक्षा में रटंत विद्या के बजाय विषय की गहरी समझ को प्राथमिकता दी गई। एसएसटी (सामाजिक अध्ययन) विषय में पूछे गए लंबे, विश्लेषणात्मक और बहु-आयामी प्रश्नों ने कई अभ्यर्थियों को कुछ हद तक परेशान किया। हालांकि, प्रश्नों का स्तर पूरी तरह संतुलित रहा और जिन विद्यार्थियों ने विषयों को गहराई से समझकर तैयारी की थी, उनके लिए ये प्रश्न स्कोरिंग साबित हुए। सीडीपी (बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र) विषय के सभी प्रश्न पूरी तरह समझ और मनोवैज्ञानिक अवधारणाओं पर आधारित थे। प्रश्नों का स्तर मध्यम रहा, जिससे यह विषय अच्छी तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। (पर्यावरण अध्ययन) विषय के कुछ प्रश्नों ने विद्यार्थियों को अवश्य सोचने पर मजबूर किया, जिससे कई अभ्यर्थियों को हल्की कठिनाई महसूस हुई, लेकिन हिंदी, अंग्रेजी, गणित एवं सीडीपी जैसे विषयों के प्रश्न उचित और संतुलित स्तर के रहे। श्री झा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों की सीटीईटी परीक्षा 8 फरवरी को प्रस्तावित है, उनके लिए सलाह है कि वे परीक्षा के दौरान शांत मन से, पूरे आत्मविश्वास के साथ और प्रश्नों को भली-भांति समझकर उत्तर दें। अनावश्यक घबराहट से बचते हुए यदि अभ्यर्थी अपनी अवधारणात्मक समझ पर भरोसा रखें, तो निश्चित रूप से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

# अंचल कार्यालय से निर्गत दो पत्र से कंफ्यूज हो रहे मसौढ़ीवासी, आखिर डाक बंगला किसका है....?

**एक ही जमीन पर दो एनओसी, कौन सही कौन गलत...?**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अंचल कार्यालय से निर्गत दो अलग-अलग पत्र से पूरे मसौढ़ीवासियों के मन में कई सवाल पनपने लगे हैं और इस कन्फ्यूजन में लोगों के जेहन में यह अहम सवाल आ रहा है कि आखिर यह डाक बंगला की पूरी जमीन किसका है, दरअसल डाक बंगला परिसर की पूरे जमीन का विवाद दो विभागों के बीच अटका पड़ा हुआ है। एक दवा नगर परिषद कर रही है कि यह जमीन नगर परिषद का है, दूसरा दवा जिला परिषद कर रहा है कि यह पूरा उक्त जमीन जिला बोर्ड की है, वहीं इस मामले पर डीडीसी ने स्थल निरिक्षण कर दोनो पक्षों की सुनवाई करने की बात बताया था लेकिन सुनवाई अभी पूरी हुई ही नहीं थी कि बीते 5 फरवरी को मसौढी अंचल के प्रभार में मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार ने एक पत्र जारी किया जिसमें पत्र में खाता संख्या का जिक्र नहीं है जबकि थाना 425,और खेसरा संख्या 885, 886, 887, 888, 889 अंकित किया गया है,रकवा 2.85 अंकित करते हुए वह जमीन को जिला परिषद के स्वामित्व को बताया है। वहीं दूसरे पत्र में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने यह लिखा था कि खाता संख्या 01, खेसरा संख्या 485, थाना संख्या 144 रकवा 2.85 है, और इस भूमि का किस्म गैर मजरूआ मलिक बाग कब्जे ठेकेदार है। ऐसे में अब सवाल उठना लाजिमी है कि अंचल कार्यालय से निर्गत दो अनापत्ति पत्र में सही कौन है और गलत कौन है। इस मामले में नगर परिषद के स्थाई सशक्त कमेटी और वार्ड पार्षद शंभू सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर कोर्ट का रुख करेंगे। क्योंकि जिला परिषद के पास कोई भी इसका दस्तावेज नहीं है और ठोस सबूत नहीं है कि उक्त जमीन जिला परिषद की है जबकि नगर परिषद के द्वारा स्थानीय अंचल अधिकारी ने भी अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है। बहरहाल अब देखना यह होगा की आने वाले वक्त में इन दो पत्र के दिए गए एनओसी कौन सही है और कौन गलत है।

## सरकारी राशि गबन मामले में फरार तीन आरोपियों के घर पर साटा गया इश्तेहार

**निशियावां पैक्स में एक करोड़ 35 लाख 64,543 राशि गवन का था मामला**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी राशि गबन मामले में तीन आरोपियों के घर पर लहसुना पुलिस ने इश्तेहार साट कर सरेंडर की चेतावनी दी है, जिसमें पुष्पेंद्र कुमार सत्यनारायण सिंह उस्मानचक, रामचंद्र बिंद पिता सहदेव बिंद, निशियावां और अवधेश प्रसाद पिता स्वर्गीय बिरजू राम दहिभता के घर पर थानाध्यक्ष लहसुना खुशबू खातून के नेतृत्व में इश्तेहार साट कर सबों को सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। दरअसल यह मामला निशियावां पैक्स से जुड़ा हुआ है, जहां पर सीएमआर जमा करने एवं कैश क्रेडिट की राशि तकरीबन एक करोड़ 35 लाख 64 543 के गवन मामले में अध्यक्ष समेत 6 लोगों पर लहसुना थाने में सहकारिता प्रसार पदाधिकारी शशि भूषण कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराए थे इस आलोक में एक आरोपी की मृत्यु हो गई है जबकि अध्यक्ष अभी बेल पर हैं और अन्य सदस्य फरार हैं जिसको लेकर तीन फरार आरोपियों के घर पर शनिवार को इश्तेहार साटा गया है और सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है।

## बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, पटना में औरंगाबाद निवासी 5 वर्षीय बच्ची का सफलतापूर्वक इआरसीपी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, पटना में औरंगाबाद (बिहार) निवासी एक 5 वर्षीय बच्ची का सफलतापूर्वक इआरसीपी (Endoscopic Retrograde Cholangiopancreatography) किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चों में इआरसीपी करना एक बहुत ही कम होने वाली, अत्यंत जटिल एवं क्रिटिकल प्रक्रिया मानी जाती है, क्योंकि इस उम्र में बाइल डक्ट से जुड़ी समस्याओं का इलाज बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। हॉस्पिटल द्वारा जारी मेडिकल जानकारी के अनुसार बच्ची को सीबीडी में पथरी की समस्या थी, जिसके कारण बाइल फ्लो बाधित हो रहा था। जांच के बाद डॉ पंकज (गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी) की टीम ने बच्ची का इआरसीपी कर सीबीडी में मौजूद 6-8मीमी की दो पथरियों को सफलतापूर्वक निकाल दिया। प्रक्रिया के दौरान डॉ पंकज ने Biliary Sphincterotomy एवं Sphincteroplasty की, साथ ही बाइल के प्रवाह को सुचारू बनाए रखने के लिए सीबीडी में स्टेंट भी लगाया गया। इआरसीपी के बाद स्टेंट के माध्यम से बाइल का फ्री फ्लो देखा गया, जो सफल उपचार का संकेत है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची की स्थिति स्थिर है और उसे आगे की देखभाल में रखा गया है। 6 से 8 सप्ताह बाद स्टेंट हटाने की योजना बनाई गई है। यह प्रक्रिया हॉस्पिटल के अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञों की टीम द्वारा की गई, जो बिहार में बच्चों में इस तरह के जटिल केसों को सफलतापूर्वक संभालने की क्षमता दर्शाती है।

### 10 फरवरी को होगी वीर ओरियरा मेले की सैरात बंदोवस्ती

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि पर्व पर धनरूआ अंचल के वीर ओरियरा गांव में भव्य मेले का आयोजन प्रत्येक वर्ष सरकारी स्तर पर किया जाता है। ऐसे में इस बार भी आगामी 15 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही है। आगामी 10 फरवरी को इस वीर मेले की सैरात बंदोबस्ती को लेकर नीलामी की तारीख निर्धारित की गई है। डाक वक्ताओं के लिए इस बार राशि 27, 13,963 रखी गई है इसके अलावा इसके 10% यानी 2,71,396 जमानत राशि निर्धारित की गई है।

### एक देशी राइफल,देसी कार्बाइन एवं पिस्टल के साथ 341 कारतूस जब्त, पुलिस को गांव में फायरिंग होने की मिली थी सूचना



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन के केवड़ा ओपी पुलिस ने गंज जलालपुर गांव से एक देशी राइफल एक कारबाईन, एक देशी पिस्तौल के साथ 341 पिस्टल के कारतूस बरामद किए हैं। दरअसल केवडा थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि दोपहर में सूचना मिली थी की गंज जलालपुर गांव में जमीन को लेकर दो पक्षों में गोलीबारी की घटना हुई है। सूचना का सत्यापन करते हुए केवडा पुलिस टीम गठित कर गांव में छापेमारी की गई है जहां आरोपी अंकित कुमार उर्फ नितिश कुमार पिता कौलेश्वर सिंह के घर पर तलाशी ली गई जहां उसके घर से एक देशी राइफल एक कार्बाईन के साथ पिस्टल और पिस्तौल के 341 गोलियां जप्त की गई है। मौके पर अंकित को गिरफ्तार भी किया गया है। गिरफ्तार अंकित कुमार जमीन खरीद बिक्री आदि का काम किया करता है। इसके पिता कौलेश्वर सिंह पुनपुन प्रखंड के पूर्व आत्मा अध्यक्ष भी रह चुके हैं।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। इसके पूरे अपराधिक मामले एवं अन्य चीजों की जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

## श्री रामचरितमानस नवाह यज्ञ को लेकर हसनपुरा में कलश यात्रा का आयोजन, मां भगवती देवी की प्राण प्रतिष्ठा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के भैसवां गांव स्थित हसनपुर गांव में श्री रामचरितमानस नवाह यज्ञ एवं मां भगवती देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो हसनपुरा गांव से सकरपुरा मोड तक गंगाजल लेकर पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचे, जहां तकरीबन 501 महिला श्रद्धालुओं ने सर पर कलश लेकर जल भरी कार्यक्रम में शामिल हुए, महायज्ञ के संयोजक जिला परिषद सदस्य विजय प्रसाद यादव ने बताया कि मां भगवती देवी का प्राण प्रतिष्ठा होना है इसी क्रम में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, 9 फरवरी को रामायण पाठ, 10 फरवरी को मां देवी प्राण प्रतिष्ठा और पूणाहुति किया जाएगा, इस अवसर पर हसनपुरा गांव समेत कई गांव के श्रद्धालुओं का जुटान हुआ, इस मौके पर रामप्रवेश पासवान, पप्पू महतो, भूषण पासवान, सुगन बिंद, राजीव रंजन, चंदन कुमार, बिदेश्वर बिंद, सुरेश पासवान समेत कई लोगों ने बताया की हसनपुर गांव समेत दर्जनों गांव के लोग इस महायज्ञ में शामिल हुए है। आयोजक ने बताया कि विश्व शांति मानव कल्याण हेतु गांव में रामचरितमानस महायज्ञ का भी आयोजन हो रहा है इस मौके पर प्रत्येक शाम को प्रवचन का भी कार्यक्रम किया जाएगा जहां भक्ति रस की धारा बहेगी।

## सरवां महादलित टोले में आधा-अधूरा हुआ नाला का निर्माण, कैसे होगी नाले के पानी की निकासी

**एस्टीमेट कम होने का झाड़ा पल्ला**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढी के वार्ड संख्या 26 में सरवां महादलित टोला में बनाए गए आधा अधूरे नाले से स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है, स्थानीय लोगों की माने तो तो इस आधे अधूरे बने हुए नाले से पूरे गांव का पानी का निकासी कैसे होगा इसे पईन तक मिलाना था, तभी पूरे गांव के नाले का पानी पानी तक गिर पाएगा। हालांकि काम करवा रहे कर्मचारियों ने एस्टीमेट कम रहने की बात करके पल्ला झाड़ रहे हैं। दरअसल मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत नगर परिषद वार्ड संख्या 26 के दलित टोला सरवां में नाला एवं पीसीसी का निर्माण कराया गया है, यह नाला निर्माण मितानी पासवान के घर से रामजीवन दास एवं चनारीक पासवान के घर होते हुए इस नाले को पईन तक मिलाना था, लेकिन गांव से नाला एवं पीसीसी ढलाई करते हुए हरबसपुर जाने वाले मुख्य मार्ग तक लाकर छोड़ दिया गया है, इस आधा अधूरे बने हुए नाले के कारण पूरे गांव का पानी निकासी नहीं हो पा रहा है,कार्य एजेंसी बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड पटना पश्चिम के द्वारा कराया गया है। काम कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि 700 फीट तक इसका एस्टीमेट ही बनाया गया था और जितना एस्टीमेट बना है उतना नाला और पीसीसी का निर्माण कर दिया गया है। हालांकि महज 200 फीट तक पईन मे मिलाना शेष रह गया है। इस पूरे कार्य का प्राकक्लन राशि 45 लाख 06500 है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि कोई भी योजना का क्रियान्वयन करने से पहले और एस्टीमेट तैयार करने से पहले स्थल निरिक्षण किया जाता है। और इस आधार पर लंबाई चौड़ाई देकर एस्टीमेट तैयार किया जाता है तो आखिर आधा अधूरा नाला तक ही एस्टीमेट क्यों बनाया गया जबकि शिलान्यास बोर्ड में पईन तक का भी जिक्र किया गया है।स्थानीय लोगों में कुंदन कुमार, लालू पासवान, कंचन पासवान, संजय पंडित, शैलेंद्र कुमार आदी लोगों ने आधे अधूरे नाले को पाईन तक मिलाने की मांग की है।

**Name Change**

I, hitherto known as Guriya kumari D/o Bablu Kumar R/o R K Avenue, Nala Road, collegiate gali, Bablu computer table, Arya Kumar Road, PO- Bankipur, PS- Kadamkuan, Patna, Bihar, PIN- 800004, have changed my name and I shall hereafter be known as RITIKA KUMARI

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने सुनी 85 लोगों की समस्याएं



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने 85 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकांश मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़े थे। दिघवारा के मलखाचक के एक आवेदक द्वारा घर के रास्ते में अवरोध की शिकायत पर एसडीओ को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। पानापुर की एक महिला द्वारा जमीन पर जाली दस्तावेज बनाकर दाखिलझखारिज कराए जाने की शिकायत पर भूमिसुधार उपसमाहर्त्ता को जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। दिघवारा के सज्जनपुर मटिहान की एक वरिष्ठ महिला नागरिक द्वारा नवंबर 2025 से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने सामाजिक सुरक्षा कोषांग के एडीएसएस को मौके पर बुलाकर तुरंत पेंशन चालू करने का आदेश दिया। अन्य मामलों में भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### घंटी बाबा के दरबार में संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन



**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तरैया-मसरख एसएच-73 मुख्य सड़क किनारे स्थित रामबाग श्री संकट मोचन घंटी बाबा मंदिर परिसर में आयोजित श्री मारुतिनंदन महायज्ञ की वर्षगांठ पर दो दिवसीय संगीतमय अखंड रामायण पाठ शुक्रवार से आरंभ हुआ। कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह और सचिव अमरनाथ सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष 7 फरवरी 2025 को प्रथम तले पर संकट मोचन श्री हनुमतल्ला की मूर्ति स्थापित कर प्राणप्रतिष्ठा की गई थी। इसी उपलक्ष्य में संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। समापन उपरांत महाभंडारा का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, अमरनाथ सिंह, नीलकमल सिंह, कमाता सिंह, मौनिया बाबा, पुजारी मुन्ना तिवारी, भृगुनाथ सिंह, ठाकुर संजय सिंह, राज नारायण सिंह उर्फ बम जी, श्रीकांत सिंह, चंदेश्वर सिंह, राजू गुप्ता, कृष्णा सिंह कुशवाहा, रामा सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### बदलू ब्रह्म बाबा के परिसर में अखंड अष्टयाम का शुभारंभ



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर वर्ष की भांति इस साल भी नगर पंचायत एकमा बाजार के भरहोपुर गांव स्थित बदलू ब्रह्म बाबा के परिसर में शुक्रवार से 24 घंटे का अखंड अष्टयाम विधिवत पूजा-पाठ व हवन-पूजन के साथ आरंभ हुआ। वेदाचार्य अनिल दुबे व आदित्य द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-पाठ कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई। हवन में पंडित राजकुमार मिश्रा, विपिन मिश्रा सहित अन्य आचार्य मौजूद रहे। वहीं भजन मंडली के ब्यास मनोज भारती के नेतृत्व में हरे राम-हरे कृष्ण का अखंड जाप शुरू होते ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंग गया। कार्यक्रम के संयोजक व पूर्व मुखिया सह समाजसेवी स्वर्गीय रामेश्वर दुबे के चचेरे भतीजे संजय दुबे ने बताया कि क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि व आपसी भाईचारा बनाए रखने के उद्देश्य से यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है। आयोजन में बूढ़ा बाबा, विष्णु देव दुबे, बड़े लाल दुबे, अजीत दुबे, बिजेंद्र दुबे, पप्पू दुबे, लवकुश जायसवाल, प्रशांत पांडेय, महेश्वर दुबे सहित समस्त क्षेत्रीय ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा है। बताया गया है कि शनिवार को समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### घायल लड़के की इलाज के दौरान मौत

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के सिउरी गांव में अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुए 12 वर्षीय अभिमन्यु कुमार की इलाज के दौरान पटना के एक निजी क्लीनिक में मौत हो गई। मृतक स्व. मंगरू राम का पुत्र था और एक निजी स्कूल में पढ़ता था। घटना उस समय हुई जब वह साइकिल से बाजार में बाल कटवाने जा रहा था। टक्कर के बाद उसे गंभीर हालत में सीएचसी मशरक लाया गया, जहां से पटना रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि ट्रैक्टर गांव के सनोज कुमार, पिता मुन्नी लाल राय का था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

### पश्चिम चंपारण में छह नाबालिग लड़कियां लापता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से छह नाबालिग लड़कियां लापता हो गई हैं, जिनमें दो सगी बहनें भी शामिल हैं। पीड़ित परिवारों की शिकायत पर संबंधित थानों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।योगापट्टी थाना क्षेत्र में 29 जनवरी को 16 वर्षीय किशोरी का शौच के दौरान अपहरण हुआ; आरोपितों में 'बलिंदर कुमार, लालपरी देवी, राकेश राम, विजय राम और सहदेव राम' हैं। गौनाहा थाना क्षेत्र में 26 जनवरी को रंजीत सिंह ने एक लड़की को बाइक पर बैठाकर भगा लिया; प्राथमिकी में रंजीत सिंह, फुल बदन देवी, नंदलाल सिंह, राजा सिंह और छोटू सिंह नामजद हैं।नरकटियागंज में पढ़ रही 16 वर्षीय किशोरी और उसकी सहेली 1 फरवरी से लापता हैं। शिकारपुर थाना क्षेत्र से 4 फरवरी की रात 17 और 15 वर्षीय दो सगी बहनें गायब हुईं; संदेह अजीज और नवशेर पर है। पुलिस सभी मामलों में छापेमारी और आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### सेवानिवृत्त वायुसेना कर्मी के बंद घर से आभूषणों की चोरी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैरिया थाना क्षेत्र के खुशी टोला निवासी वायुसेना के सेवानिवृत्त कर्मी राजेंद्र नाथ तिवारी के बंद घर से अज्ञात चोरों ने आभूषणों की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित ने बैरिया थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, राजेंद्र नाथ तिवारी अपनी पत्नी के कैंसर इलाज के सिलसिले में परिवार के साथ लखनऊ में रह रहे थे। पूजा-पाठ के बाद 3 जनवरी को घर में ताला बंद कर सभी लोग बाहर चले गए थे। 2 फरवरी की शाम जब वे अपने बुजुर्ग पिता के साथ घर लौटे तो तीन कमरों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा हुआ था।चोरों ने कमरे और अलमीरा का ताला तोड़कर 'चांदी की प्लेट, पाजेब, चांदी के सिक्के तथा पूजा में उपयोग होने वाले चांदी के बर्तन' चोरी कर लिए। सूचना पर बैरिया थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली में बिहारी पहचान का सांस्कृतिक अनुष्ठान है बिहार महोत्सव

**बिहार महोत्सव की कोर कमिटी की बैठक के साथ महोत्सव की तैयारी शुरू**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली में बिहार की गौरव-गरिमा को प्रतिष्ठित करने में संलग्न बिहार महोत्सव के 2026 में होने वाले आयोजन के सिलसिले में इसकी कोर कमिटी की बैठक शनिवार को राष्ट्रपति भवन परिसर में हुई। इस बैठक में मोतिहारी (बिहार) से शिरकत कर रहे बिहार महोत्सव के प्रणेता एवं प्रदर्श कला के लिए बिहार सरकार से राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त वरिष्ठ रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर ने महोत्सव के उद्देश्य एवं इसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2003 से होने वाला यह महोत्सव बिना सरकारी अनुदान के सैकडों बिहारी कलाकारों को दिल्ली में एक राष्ट्रीय मंच दे चुका है। दिल्ली में बिहारी पहचान का यह एक अप्रतिम अनुष्ठान है। यह बिहार की कला संस्कृति एवं साहित्य के संरक्षण एवं सम्बर्धन के साथ - साथ दिल्ली में रहने वाले बिहारियों को एकजुट करने में लगा है।अध्यक्षता करते हुए संस्थाध्यक्ष मोहन कुमार गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में बिहार एवं बिहारियों के लिए कार्यरत सभी संस्थाओं की एक समन्वय समिति के रूप में बिहार महोत्सव समिति काम कर रही है। इसका अगला आयोजन पिछले आयोजन से भी बड़ा होगा। इसके लिए इस कोर कमिटी की बैठक के साथ ही तैयारी शुरू की जा रही है। बैठक में जन सम्पर्क अधिकारी एवं कोषाध्यक्ष राकेश वर्मा ने अपनी तैयारी से अवगत कराते हुए बताया कि इस बार लोक नृत्य गीत संगीत में दक्ष बिहार के दर्जन भर सांस्कृतिक दलों को न्योता भेजा जायेगा। इनके अलावे बिहार में जन्मी राष्ट्रीय विभूतियाँ को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में इंजीनियर राकेश कुमार, सुप्रीम कोर्ट - दिल्ली हाई कोर्ट एवं स्थानीय जिला न्यायालयों में कार्यरत अधिवक्तागण मो. शहाबुद्दीन मुस्तफा , आर्यन कुमार एवं सुमित कुमार पाण्डेय , दिल्ली में भोजपुरी जन जागरण मंच अभियान के उपाध्यक्ष एवं शिक्षासेवी अविनाश पासवान,महोत्सव समिति के वरिष्ठ सचिव दीपक मिश्रा ने अपने - अपने विचारों से अवगत कराया।



# विकसित भारत की नींव मजबूत करेगा केंद्रीय बजट : संजय जायसवाल



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिमी चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा है कि केंद्र सरकार का वर्ष 2026-27 का बजट विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट रोजगार सृजन और युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।शनिवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में सांसद ने कहा कि बजट में 50 हजार युवाओं के नवाचार और नए विचारों को प्रोत्साहित करने का प्रावधान किया गया है। उनके अनुसार, इससे युवा उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।डॉ. जायसवाल ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि पहली बार औद्योगिक विकास दर नौ प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया विजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बजट से घरेलू विनिर्माण को वैश्विक पहचान मिलेगी।उन्होंने बताया कि बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 12 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही सॉफ्टवेयर उद्योग को प्रोत्साहित करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था की गई है।सांसद ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार के तहत पांच यूनिवर्सिटी कॉरिडोर बनाए जाएंगे, जहां कई विश्वविद्यालय और कॉलेज एक साथ स्थापित होंगे। इससे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि देश में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ कर विदेशी मरीजों को आकर्षित करने की योजना है, जिससे करीब आठ लाख रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके अलावा युवाओं को विदेशों में रोजगार के लिए भी तैयार किया जाएगा।विपक्ष की आलोचना करते हुए डॉ. जायसवाल ने कहा कि बजट को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि यह बजट विकास और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देता है।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रवि सिंह सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

## स्कॉर्पियो बनी आग का गोला, मिनटों में जलकर हुई खाक, चार लोगों ने कूदकर बचाई जान



**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के बेनौत व इटहरी गांवों के बीच सिवान के दारौंदा की तरफ जाने वाली सड़क पर एक चलती स्कॉर्पियो अचानक आग का गोला बन गई। गाड़ी में आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में स्कॉर्पियो पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गाड़ी सवार लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाई। बताया गया है कि बेनौत गांव निवासी राकेश कुमार सिंह अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से अपने गांव व आसपास के चार दोस्तों के साथ सिवान जिला के दारौंदा क्षेत्र में स्थित विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होने गुरुवार की दोपहर बाद जा रहे थे। इस दौरान बेनौत व इटहरी गांवों के मध्य पहुंचने पर स्कॉर्पियो के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। जब तक वे कुछ समझ पाते, गाड़ी में आग पकड़ ली और तेज लपटें उठने लगीं। स्थिति गंभीर देखते हुए राकेश कुमार सिंह ने तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे रोककर गेट खोल दिया। तत्परता से किए गए प्रयास के चलते सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। जिसके चलते बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना की सूचना मिलते ही रसूलपुर थाना पुलिस व अग्निशमन दल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि तब तक स्कॉर्पियो पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी। बताया गया है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## रखही में किशोरी की मौत मामले मे 11 नामजद, 50 अज्ञात पर प्राथमिकी, एक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के रखही गांव में वीडियो वायरल होने के बाद किशोरी की मौत मामले में नया मोड़ सामने आया है। मृतका के पिता ने शिकारपूर थाने में 11 लोगो को नामजद एवं 50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। आरोप है कि उसकी 14 साल की पुत्री अपनी दादी और छोटी बहन के साथ घर में थी। उसी समय आरोपितों ने उसके घर पहुचकर दरवाजा तोड़ दिया और उसकी पुत्री को बाहर निकाला और पहले से पकड़कर रखे एक किशोर को दिखाने लगें। सभी लोग कह रहे थे की किशोर तुमसे मिलने आता है, जब उसने मना कर दिया तो दोनों को खंभे से बांध दिया और बेरहमी से पिटाई की। उसके बाद किशोर को खंभे से खोलकर बाल काट दिया गया, चुना और कालिख पोती गई और पूरे गांव में घुमाया गया। इसी दौरान किसी तरह किशोरी रस्सी खोलकर अपने घर भाग गई। घर में वह अपने छोटी बहन के पास छिपी हुई थी। जब उसकी बहन स्कूल पढ़ने चली गई तो उक्त आरोपितों ने उसके घर में घुसकर उसकी पुत्री की गला घोटकर हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। वही शनिवार को पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण करने पहुचे बेतिया एसपी डॉ शौर्य सुमन ने बताया कि किशोरी की मौत मामले में एफएसएल टीम समेत अन्य बिंदुओं पर जांच चल रही है।

## बजट संवाद कार्यक्रम : यह बजट विकसित भारत की नींव रखने वाला है : राधा मोहन सिंह



**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा युवा मोर्चाएवं द्वारा बजट संवाद कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष बब्लू पासवान ने किया। वहीं दूसरा संवाद कार्यक्रम गांधी कॉम्लेक्स में महिला मोर्चा द्वारा मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीता शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सभा को संबोधित करते हुए सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की नींव रखने वाला है जिसमें युवाओं व इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया गया । श्री सिंह ने कहा कि कई दशकों तक भारत के युवाओं में प्रतिभा और आकांक्षाएँ होते हुए भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रासंगिक कौशल और सार्थक अवसरों तक सीमित पहुँच के कारण वे अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं कर पा रहे थे। प्रशिक्षण व्यवस्था और संस्थागत सहयोग में संरचनात्मक कमियों के चलते अनेक युवा देश की आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति में सक्रिय भागीदारी से वंचित रह गए, जबकि उनमें योगदान देने की प्रबल इच्छा थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को विकास के केंद्र में रखा गया। शिक्षा, सुधार, कौशल विकास, उद्यमिता और खेलों पर निरंतर ध्यान के माध्यम से पिछले एक दशक में अध्ययन, रोजगार और नेतृत्व के नए अवसर सृजित हुए हैं। इसी दृष्टिकोण से प्रेरित इन प्रयासों ने युवाओं को सशक्त बनाते हुए, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया है। बजट संवाद कार्यक्रम में मछुआ आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, नगर निगम उप मेयर डॉ० लालबाबू प्रसाद, भाजपा युवा मोर्चा प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, महिला मोर्चा प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, महामंत्री महिला मोर्चा पूजा सिंह, उषा गुप्ता, महामंत्री युवा मोर्चा चंदन कुमार,सन्नी सिंह, विधानसभा संयोजक ओम प्रकाश सिंह,आईटी सेल संयोजक ऋषभ झा, विकास कुमार और उज्जवल कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्रा मौजूद थे।

## पार्वती तिवारी बनीं 'काली सेना' की राष्ट्रीय प्रमुख



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के उद्देश्य से रक्सौल स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर परिसर में महिला संगठन 'काली सेना' का औपचारिक गठन किया गया। सैकड़ों महिलाओं की मौजूदगी में आयोजित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक और प्रेरणादायी माहौल में संपन्न हुआ। आयोजन काली मंदिर के पीठाधीश्वर सेवक संजय नाथ के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर सेवक संजय नाथ ने कहा कि काली सेना पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित संगठन होगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव, यौन उत्पीड़न और अन्य अत्याचारों के खिलाफ सशक्त आवाज उठाना है। संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, सुरक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि काली सेना से जुड़ी महिलाओं को काली न्यास द्वारा संचालित अस्पताल में इलाज पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा, रक्सौल जिला की महामंत्री पार्वती तिवारी को सर्वसम्मति से काली सेना का राष्ट्रीय प्रमुख नियुक्त किया गया। अपने संबोधन में पार्वती तिवारी ने कहा कि हर महिला के भीतर मां काली और मां दुर्गा की शक्ति समाहित है। काली सेना महिलाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का मंच प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि संगठन के माध्यम से महिलाओं को कुटीर उद्योगों से जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें रोजगार के अवसर मिलें और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। इस अवसर पर संगठन के अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई-पूर्णिमा देवी को राष्ट्रीय सह प्रमुख, रिंकू देवी को सचिव, रामकली देवी को सह सचिव, नीलू देवी को संगठन सह सचिव, आसमा खातून को संगठन मंत्री तथा पूजा देवी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने संगठन के उद्देश्यों का समर्थन करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। वहीं, रक्सौल के सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के साथ लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता लायन बिमल सर्राफ ने भी संगठन के स्वर्णिम भविष्य की कामना की और सामाजिक कार्यों में सदैव सहयोग देने का संकल्प लिया।

## धावा दल की टीम द्वारा 2 बाल श्रमिकों को कराया गया विमुक्त



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मधुबन के नेतृत्व में मधुबन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में मधुबन प्रखंड के कुल-02 प्रतिष्ठानो शिव शक्ति स्वीट्स एवं जय माता दी स्वीट्स से 01-01 बाल श्रमिक को अर्थात कुल-02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा ' बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मधुबन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुगौली, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बनकटवा, प्रयास संस्था एवं ऋछड के प्रतिनिधि एवं मधुबन थाना से 04 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

### बोरिंग करवाने गए युवक की मौत, दो गिरफ्तार

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहोदरा थाना क्षेत्र के अररिया बरवा गांव में 33 वर्षीय ननक पासवान की आकस्मिक मौत के मामले में मृतक के परिजनों ने विकास कुमार पासवान, राकेश राम और अर्जुन पासवान को नामजद अभियुक्त बनाया है। मृतक की पत्नी संगीता देवी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उनके पति लक्ष्मीपुर गांव बोरिंग बोर करवाने गए थे। रात करीब 10 बजे आरोपी उन्हें अचेत अवस्था में बाइक पर बैठाकर घर ले आए, नाक व कान से खून बह रहा था। परिजन उन्हें निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां से सरकारी अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## जिलास्तरीय बैंकिंग समीक्षा बैठक में योजनाओं की समीक्षा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व कार्यवाही की पुष्टि के बाद विभिन्न बैंकिंग योजनाओं एवं ऋण संबंधी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में प्रखंडस्तरीय बैंकर्स समिति की स्थिति, सीडी रेशियो की दूसरी एवं तीसरी तिमाही की तुलना, वार्षिक ऋण योजना की उपलब्धि, ह्लह्लप्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की प्रगति पर चर्चा हुई। स्वयं सहायता समूह के गठन एवं वित्तपोषण, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और गैर निष्पादक खातों की वसूली की स्थिति भी देखी गई। अग्रणी जिला प्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि पश्चिम चंपारण का सीडी रेशियो 83 प्रतिशत है, जबकि वार्षिक ऋण योजना की उपलब्धि 58 प्रतिशत रही। जिला पदाधिकारी ने बैंकों को 10 दिनों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने पीएम मुद्रा योजना पर विशेष जोर दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, वरीय समाहर्ता बैंकिंग विकास कुमार, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक और जीविका के डीपीएम सहित विभिन्न बैंक अधिकारी उपस्थित थे।

# पीजी गृह विज्ञान की छात्राओं का एलएनजेपीआईटी फूड टेक्नोलॉजी विभाग में शैक्षणिक प्रयोगशाला भ्रमण



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं के लिए शुक्रवार को शैक्षणिक प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके तहत छात्राओं ने लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान (एलएनजेपीआईटी) छपरा के फूड टेक्नोलॉजी विभाग का भ्रमण किया। यह विभाग कुलपति के विशेष प्रयास से इसी वर्ष प्रारंभ हुआ है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावहारिक शिक्षा के नए अवसर मिल रहे हैं। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को खाद्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों, विश्लेषण विधियों और प्रायोगिक तकनीकों से परिचित कराना था। छात्राओं ने फूड टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला में उपलब्ध अत्याधुनिक उपकरणों का अवलोकन किया तथा उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रयोगशाला में मफल फर्नेस द्वारा खाद्य पदार्थों में राख की मात्रा निर्धारण, सेंट्रीफ्यूज मशीन से द्रव पृथक्करण, ऑटोक्लेव से उपकरणों के निष्कीटकीकरण तथा रिफ्रैक्टोमीटर से घुलनशील ठोस पदार्थों की मात्रा मापन की प्रक्रिया को समझाया गया। माइक्रोस्कोप की सहायता से सूक्ष्मजीवों एवं खाद्य संरचना का अध्ययन भी कराया गया। इसके साथ ही प्रोटीन की मात्रा निर्धारण हेतु केजेलडाल विधि तथा वसा निर्धारण के लिए सॉक्सलेट उपकरण के प्रयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया, जिससे छात्राओं को खाद्य गुणवत्ता परीक्षण की वैज्ञानिक विधियों की गहन समझ मिली। इस शैक्षणिक भ्रमण में विभाग की शिक्षिका डॉ. स्नेहलता और डॉ. सुप्रिया छात्राओं के साथ मौजूद रहीं और उन्होंने आवश्यक शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान किया। संपूर्ण कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. आंचल सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। एलएनजेपीआईटी के फूड टेक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रीति ने छात्राओं का स्वागत किया तथा विभाग की शैक्षणिक और शोध गतिविधियों की जानकारी दी। विभाग की शिक्षिकाएं डॉ. रुचि और डॉ. राखी ने छात्राओं को प्रयोगशाला के प्रत्येक सेक्शन का विस्तृत भ्रमण कराया और उपकरणों के औद्योगिक उपयोग एवं खाद्य परीक्षण प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। यह भ्रमण उनकी शोध अभिरुचि, व्यावहारिक ज्ञान और व्यावसायिक कौशल को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

### हरदिया में सेंट्रिग के सामान में लगी आग, लाखों की संपत्ति जली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के वार्ड संख्या 20 हरदिया गाव में शुक्रवार की मध्यरात्रि अचानक आग लगने से लाखो की संपत्ति जलकर खाक हो गयी है। घटना रात्रि करीब साढ़े बारह बजे की बताई जा रही। आग की लपटों को देख आसपास में अफरा तफरी मच गई। पीड़ित राजेश साह ने बताया कि वह सेंट्रिंग का काम करते है। शुक्रवार को सभी लोग खाना खाकर सोए हुए थे। तभी आसपास के लोगो ने हो हल्ला किया तो बाहर निकल के देखा तो सेंट्रिग के लिए रखे गए पटरा, प्लाई आदि सामग्री में आग लगी हुई थी। घटना की सूचना पर पहुचीं अग्निशमन की गाड़ी व स्थानीय लोगो की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। हालांकि तबतक करीब दो लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गयी। पीड़ित ने बताया कि सेंट्रिग का काम कर ही वह अपने घर की रोजी रोटी चलाते थे।

# पिता-पुत्र समेत आठ दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, संजय कुमार सिन्हा की अदालत ने बहुचर्चित हत्या कांड में अहम फैसला सुनाते हुए पिता-पुत्र समेत आठ आरोपियों को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने सभी दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक दोषी पर 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने की स्थिति में दोषियों को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस मामले में लतुफुल्लाह चक थाना क्षेत्र के कड़ौना गांव निवासी सूरज कुमार, मनोज कुमार, सीताराम यादव, सुदामा यादव, प्रमोद यादव, राम पूजन यादव,



चांद कुमार एवं श्याम कुमार को 25 वर्षीय मंटू यादव की हत्या का दोषी पाया गया। सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि इस मामले के सूचक सूर्यदेव सिंह, ग्राम लतुफुल्लाह चक, थाना कड़ौना, जहानाबाद निवासी हैं। उन्होंने कड़ौना थाना कांड संख्या 634/21 दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि 5 अक्टूबर 2021 की रात करीब 9 बजे वे अपने पुत्र मंटू कुमार के साथ दालान पर बैठे थे। इसी दौरान सभी अभियुक्त वहां पहुंचे और मंटू कुमार को मछली मारने के बहाने अपने साथ ले गए। रात में पुत्र के वापस नहीं लौटने पर सूचक ने अभियुक्तों के घर जाकर खोजबीन की, लेकिन सभी आरोपी घर से फरार मिले। दो दिन बाद मंटू कुमार का शव अन्यत्र बरामद किया गया। अभियोजन के अनुसार, हत्या का कारण यह था कि मृतक ने पूर्व में कुछ अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था, जिसे वापस लेने का दबाव अभियुक्तों द्वारा लगातार बनाया जा रहा था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से डॉक्टर, अनुसंधानकर्ता (आइओ) समेत कुल नौ गवाहों की साक्ष्य प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए यह सख्त सजा सुनाई।

## दो पक्षों के विवाद में मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज**। गोपालगंज के जादोपुर थाना क्षेत्र के खैरटिया टोला राम नगर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में बीच-बचाव करने गए पिता और पुत्र घायल हो गए। दोनों को तत्काल इलाज के लिए मॉडल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान भरत साह और उनके बेटे भूटन कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि भूटन कुमार गांव में अंडे की दुकान चलाते हैं। नवादा गांव निवासी ई-रिक्शा चालक रुस्तम अली उनकी दुकान पर अंडा खा रहा था। इसी दौरान उसी गांव के एक आरोपी ने रुस्तम अली से विवाद शुरू कर दिया, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। अंडा दुकानदार भूटन कुमार ने इसका विरोध किया, जिसके बाद वह भी मारपीट में शामिल हो गया और घायल हो गया। इसी घटना के बाद खेत से लौट रहे भूटन के पिता भरत साह भी बीच-बचाव करने के दौरान जख्मी हो गए।

# मीडिया संवाद में 'विकसित भारत जी राम जी' योजना की दी गई विस्तृत जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल**। जिले में जिला प्रशासन की ओर से मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'विकसित भारत जी राम जी' योजना के बारे में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार ने योजना के उद्देश्यों, प्रावधानों और संभावित लाभों पर प्रकाश डाला।

उप विकास आयुक्त ने बताया कि विकसित भारत जी राम जी योजना केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे आर्थिक मजबूती को बढ़ावा




मिलेगा। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत श्रमिकों को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। इससे रोजगार के इच्छुक ग्रामीणों को नियमित कार्य मिलने के साथ-साथ उनकी आय में भी वृद्धि होगी। साथ ही, योजना के माध्यम से गांवों में आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जाएगा, जिससे सड़क, जल, स्वच्छता सहित अन्य जरूरी सुविधाएं मजबूत होंगी। शैलेश कुमार ने कहा कि इस योजना से न केवल बेरोजगारी की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। मीडिया संवाद के दौरान उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विकसित भारत जी राम जी योजना प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने योजना को लेकर सवाल भी पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा विस्तार से उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर जिला प्रशासन ने आशा जताई कि मीडिया के माध्यम से योजना की सही जानकारी आम लोगों तक पहुंचेगी और अधिक से अधिक ग्रामीण इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

# गेहूं की फसल जिंक की कमी के कारण हो रही पीली

## जिले के 49.289 हेक्टेयर क्षेत्र में की गई गेहूं की बुआई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले में रबी फसल के क्रम में गेहूं की खेती बड़े पैमाने पर की गई है। इस वर्ष जिले में लगभग 49.289 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुआई की गई है। वहीं पिछात बोई गई गेहूं की फसल में जिंक की कमी के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। वहीं खेतों में फसल के पत्ते पीले पड़ते जा रहे हैं जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। इससे फसल की उत्पादन में प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि जिंक की कमी के कारण गेहूं की पत्तियों का हल्का पीला पड़ना, पत्तियों पर सफेद या पीली धारियां दिखना, पौधो की बढ़वार का रुक जाना, कल्ले कम निकलना और जड़ों का कमजोर होना प्रमुख लक्षण है। बता दें कि यह समस्या विशेष रूप से उन खेतों में अधिक देखी जा रही है जहां



गेहूं की बुआई देर से गई है। इसके अलावा लगातार फास्फोरस युक्त उर्वरकों की अत्यधिक उपयोग भी जिंद की कमी का एक प्रमुख कारण है। कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अपनी फसलों पर नियमित नजर रखो और पोषक तत्वों की कमी के लक्षण दिखे तो वैज्ञानिक सलाह के अनुसार समय पर प्रबंधक करें ताकि उत्पादन में गिराह से बचा जा सके। कहा कि संतुलन उर्वरक प्रबंधक से बेहतर पैदावार सुनिश्चित की जा सकती है। बताया कि प्रति हेक्टेयर 2.5 किलो जिंक सल्फेट, 12.5 किलो यूरिया, 500 लीटर पानी में घोलकर फसल का छिड़काव करना चाहिए। यह छिड़काव 15 दिन के अंतराल पर दो बार करने से अच्छे परिणाम मिलते हैं। जिंक सल्फेट को फास्फोरस युक्त खाद जैसे डीएपी के साथ नहीं मिलना चाहिए। साथ ही छिड़काव के समय खेत में पर्याप्त नहीं हो और तेज धूप से बचते हुए सुबह या शाम के समय ही दवा का प्रयोग करें ताकि इसका प्रभाव अधिक कारगर साबित होगा।

## सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव परिवार प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के कासिनपुर गांव में मल्हा - सल्हा पोखर के समीप सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव परिवार प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान सनातन सारथी सेवा परिवार के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष व पूर्व प्रमुख अजय कुमार सिंह ने बताया कि पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज, श्री श्री 1008 महंत रामेश्वर दास जी महाराज काशी पीठाधीश्वर, यज्ञाधीश संत श्री वशिष्ठनारायणाचार्य स्वामी जी महाराज तथा कथा वाचक आचार्य विष्णुचित जी महाराज की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान संपर्क कराया जाएगा। 27 अप्रैल से 3 मई तक चलने वाले अनुष्ठान में पहले दिन कलशयात्रा, देव आह्वाहन, जलाधिवास, दूसरे दिन अन्नाधिवास, आवाहित देव पूजन, अग्नि स्थापन, तीसरे दिन आवाहित देव पूजन, फलाधिवास, देवाहुति, चौथे दिन मिष्ठानाधिवास, घृताधिवास, देवाहुति, कवि सम्मेलन, भजन, पांचवें दिन वस्त्राधिवास, दुग्धाधिवास, देवाहुति, छठे दिन महास्नान, नगर भ्रमण, देवाहुति, सातवें दिन प्राण प्रतिष्ठा, शिखर पूजन, पूर्णाहुति एवं आचार्य महात्माओं की विदाई की जाएगी।

# पचरूखिया पहुंची एपवा की 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा'

## महिलाओं पर बढ़ते अपराधों के खिलाफ बुलंद हुई आवाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रदेश में महिलाओं और छात्राओं के साथ बढ़ते यौनाचार, बलात्कार और हत्याओं की घटनाओं के विरोध में एपवा (भाकपा माले का महिला संगठन) द्वारा निकाली जा रही 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा' रविवार को पचरूखिया बाजार पहुंची। यात्रा के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों के साथ बेटी बचाओ का संदेश दिया और आम लोगों से समर्थन की अपील की।

प्रखंड माले प्रभारी कामता यादव के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने न्याय यात्रा में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। बताया गया कि यह यात्रा 3 फरवरी से शुरू होकर जहानाबाद, गया, कोंच और गोह होते हुए पचरूखिया पहुंची है। यहां भाकपा माले जिला सचिव मुनारिक राम की अध्यक्षता




में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए एपवा की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी, बिहार सह-सचिव रीता वर्णवाल, राज्य अध्यक्ष प्रीति पटेल, राज्य नेत्री संगीता सिंह, लीला वर्मा, प्रिया गुप्ता, दीपांकर मिश्रा और अणु कुमारी ने कहा कि सरकार महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा देने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार पीड़ितों को न्याय नहीं दिला पा रही है और अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि बेटियों को न्याय तभी मिलेगा, जब मामलों की जांच सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में समयबद्ध तरीके से कराई जाए। उन्होंने हालिया घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी वारदातों ने पूरे देश को शर्मसार किया है। नुक्कड़ सभा में पांच सूत्री मांगों को प्रमुखता से रखते हुए घटना की जिम्मेदारी जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन तय करने की मांग उठाई गई। सभा में भाकपा माले प्रखंड सचिव दिनेश राम, बसंत कुमार, कृष्णा भारती, विशु साव, वीरेंद्र प्रसाद, कमलेश प्रसाद, रूणा देवी, फुला देवी, सदुल्लाह खां, अवधेश राजवंशी, जितेंद्र चौधरी, रामाधार पासवान, अयोध्या राजवंशी और राजेंद्र महतो सहित कई कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# घर में घुसकर महिला की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार**। जिले के सहायक थाना क्षेत्र अंतर्गत शरीफगंज हवाई अड्डा इलाके में अज्ञात अपराधियों ने एक महिला काजल कुमारी की उसके ही घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। इस निर्मम हत्या से इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से पुलिस ने एक गोली का खोखा बरामद किया है, जिससे स्पष्ट है कि हत्या पूरी सुनियोजित तरीके से की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अपराधियों ने बेहद नजदीक से फायरिंग की, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

कटिहार के पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया यह हत्या 'प्रेम प्रसंग' से जुड़ी प्रतीत होती है। उन्होंने बताया कि मृतका के फेसबुक पर फोटो वायरल होने और पूर्व में मिली धमकियों के एंगल पर पुलिस गहराई से जांच कर रही है। सभी तकनीकी और मानवीय पहलुओं को जोड़ते हुए जांच को तेज कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मृतका के पति की मौत करीब पांच वर्ष पूर्व हो चुकी थी। इसके बाद से वह अकेली रह रही थी। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह हत्या सिर्फ प्रेम-प्रसंग का परिणाम है, या फिर इसके पीछे कोई और गहरी साजिश छिपी है? स्थानीय लोग भी इस वारदात को लेकर कई तरह की आशंकाएं जता रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और दोषियों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

# एक एएनएम और जीएनएम के भरोसे चल रहा दाउदनगर का अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के दाउदनगर प्रखंड का अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शमशेर नगर एएनएम और जीएनएम के भरोसे चल रहा है। बता दें कि यहां सिर्फ एक आयुष चिकित्थ्सक डा. हसनैन कार्यरत हैं जो मंगलवार, बुधवार व गुरुवार व शनिवार को अपनी सेवा देते हैं। अन्य दिनों में वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित नहीं रहते हैं। यहां चार एएनएम नीतू कुमार, कमला कुमारी, सरस्वती कुमारी व विमला कुमारी रोस्टर के अनुसार सेवा देती हैं जबकि दो जीएनएम कुमुद कुमारी व पूजा कुमारी प्रतिदिन उपस्थित रहती हैं। यहां प्रतिदिन दो एएनएम आवश्यक सेवाएं प्रदान करती है परंतु बुधवार व शुक्रवार को तीन एएनएम क्षेत्र में प्रतिरक्षण कार्य में लगी रहती है जिससे उनकी संख्या कम हो जाती है। बता दें कि यहां 24 घंटे एएनएम, जीएनएम व चिकित्सक की सुविधा का दावा पूरा नहीं होता है। प्रतिदिन 60 से 65 मरीज इलाज के लिए आते हैं। एएनएम नीतू कुमारी टीकाकरण का कार्य करती हैं परंतु यहां फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन व ड्रेसर की अनुपस्थिति के कारण उनकी जिम्मेदारियों में वृद्धि हो गई है। यहां मरीजों को आवश्यक सेवाएं नहीं मिल पा रही है। बता दें कि पूर्व में यहां एक महिला चिकित्सक की नियुक्ति हुई थी परंतु उच्च शिक्षा के लिए छुट्टी लेकर जाने के बाद उनकी जगह कोई नहीं आया है। वर्तमान में अस्पताल में केवल एक आयुष चिकित्सक की सेवाएं ग्रामीणों को मिल रही है। सुरक्षा के लिए यहां केवल तीन प्रहरी है जबकि तीन और की आवश्यकता है ताकि तीन शिफ्ट में दो-दो प्रहरी अपनी सेवाएं दे सकें। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में छह बेड हैं परंतु केवल दो का ही उपयोग हो पाता है जबकि चार बेड कोई उपयोग का नहीं है।

## अतिक्रमण से शहर नहीं हो रहा मुक्त

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। अतिक्रमण के कारण शहर की सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। फुटपाथों पर अवैध कब्जे के कारण बाजारों में जाम की समस्या विकराल हो गई है। नागरिकों के लिए पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रमेश चौक, कचहरी रोड, महाराजगंज रोड, मुख्य बाजार, बाइपास से लेकर रामाबांध तक सड़क किनारे की जमीन पर अवैध कब्जा हो गया है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बने हुए हैं। अतिक्रमण के कारण नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है और मरीजों की जान भी खतरे में पड़ रही है। सदर अस्पताल से गंभीर मरीजों को ले जाने वाले एंबुलेंस प्रतिदिन जाम में फंस जाती है जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। इधर अतिक्रमण के कारण सुबह से ही जाम की समस्या शुरू हो जाती है।

# दिन में तेज गर्मी, रात में ठंडक से बढ़ी परेशानी, स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में इन दिनों मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। दिन के समय तेज धूप और गर्मी महसूस हो रही है, जबकि रात होते ही तापमान में गिरावट से ठंडक बढ़ जा रही है। इस असामान्य उतार-चढ़ाव ने लोगों की दिनचर्या और सेहत दोनों पर असर डालना शुरू कर दिया है। सुबह और शाम हल्की ठंड के बीच दोपहर में तेज गर्मी के कारण लोग उलझन में हैं कि आखिर किस तरह के कपड़े पहनें।

चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे मौसम में सर्दी-खांसी, बुखार, गले में खराश और वायरल संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं। तापमान में अचानक बदलाव से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी होती है। दिन में पसीना आने के बाद रात की ठंडक लगने से बदन दर्द और जुकाम की शिकायत आम हो रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि सुबह-शाम हल्के गर्म कपड़े जरूर पहनें, पर्याप्त पानी पिएं और खानपान का विशेष ध्यान रखें।

# विकास कार्य के नाम पर दांव पर लगा बच्चों का भविष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। विकास के मानकों पर पिछड़े होने के कारण कुटुंबा का चयन आकांक्षी प्रखंड के रूप में किया गया है। एक तरफ सरकार विकास के मूलभूत मापदंडों पर काम कर वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करना चाहती है। वहीं दूसरी तरफ विकास कार्य के नाम पर शिक्षा की मूलभूत इकाईयों को जमींदोज किया जा रहा है। मामला कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बरहेता और प्राथमिक विद्यालय बसौरा का है। जिसे भारत माला परियोजना के तहत बन रहे वाराणसी - कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए तोड़ा जा रहा है। निर्माण कार्य कर रही कंपनी द्वारा स्कूल का विलय कर भवन को तोड़ने का दबाव बनाए जाने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को आवेदन देकर स्कूल का नया भवन बनाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्कूल में बरहेता, हेमजा, मित्रसेनपुर, बसौरा और झरहा गांव के सैकड़ों बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल का विलय यहां से पांच किलोमीटर दूर के विद्यालय में करने की बात कही जा रही है। अगर स्कूल का विलय वहां कर दिया जाता है तो छोटे-छोटे बच्चे उतनी दूर स्कूल नहीं जा पाएंगे। यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा बहुत गंभीर विषय है। जिस पर समाज और सरकार को सोचने की जरूरत है। हमारी मांग है कि स्कूल के बगल में एक एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन है। जमीन की मापी करा कर नए स्कूल भवन का निर्माण कराया जाए। उन्होंने बताया कि अंचल अधिकारी को विद्यालय का भवन बनाने के लिए दो सरकारी जमीन का ब्योरा दिया गया है। दोनों में से किसी एक स्थल का चुनाव कर यथा शीघ्र भवन निर्माण कार्य कराया जाए। उसके पश्चात ही स्कूल के पुराने भवन को तोड़ा जाए।

# बजट तैयार करने को वार्ड पार्षदों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट की तैयारी को लेकर वार्ड नम्बर 13 के वार्ड पार्षद सुबोध कुमार की अध्यक्षता में वार्ड सभा का आयोजन किया गया। सभा में वार्ड के विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं एवं आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित वार्डवासियों ने सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, जल निकासी तथा सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को जोड़ने जैसे मुद्दों




को प्रमुखता से उठाया। पार्षद ने कहा कि वार्ड के समग्र विकास के लिए जनता की सहभागिता आवश्यक है और प्राप्त सुझावों को बजट प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा।

उन्होंने आश्वस्त किया कि वार्ड की प्राथमिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी एवं जनहितकारी बजट तैयार किया जाएगा। सभा में स्थानीय नगर पंचायत के योजना सहायक खारू राशिद, सुरेश साव, पंकज कुमार, योगेंद्र शर्मा, संजय साव, ललन सिंह, पवन शर्मा, प्रमोद चौधरी, विजय यादव, सहित गणमान्य लोग वार्डवासी उपस्थित रहे।

# नितिन नवीन के स्वागत की तैयारी को लेकर भाजपा ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नितिन नवीन के पटना आगमन पर बापू सभागार में आयोजित होने जा रहे स्वागत समारोह कार्यक्रम में नालंदा के कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सह प्रभारी जितेन्द्र नीरज एवं ओबीसी मोर्चा प्रदेश प्रभारी अचल कुमार सिन्हा ने जिला पदाधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए रणनीति तैयार की। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सह प्रभारी जितेन्द्र नीरज ने कहा कि बिहार के लाल नीतिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना हम सभी बिहार भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत गौरव की बात है। एक साधारण कार्यकर्ता किस तरह पार्टी के सर्वोच्च पद पर आसीन हो सकता है यह नीतिन नवीन ने कर कर दिखाया है और यह केवल भाजपा में ही संभव



है कि एक बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। ओबीसी मोर्चा प्रदेश प्रभारी अचल कुमार सिन्हा ने कहा कि पटना आगमन पर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत का अवसर मिलना हम सभी कार्यकर्ता के लिए सौभाग्य की बात है। नालंदा जिला से एक एक कार्यकर्ता पटना के बापू सभागार पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं। भाजपा नालंदा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि इस स्वागत समारोह में निश्चित रूप से नालंदा जिला के कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी रहेगी। उन्होंने इसके लिए जिले के पदाधिकारियों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान करते हुए जिम्मेवारियां सौंपी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री चंद्रकांता सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉक्टर आशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा शिव शंकर दास, सावों देवी, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद,वीरेंद्र गोप, मुन्ना पासवान, आइटी सेल संयोजक अमित शान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सचिव ने किया अनुमंडलीय कारा का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा आज दाउदनगर अनुमंडलीय कारा का औचक निरीक्षण किया गया। कारा में निरीक्षण के दौरान कारा में पदस्थापित जेल अधीक्षक अमित कुमार राय, एवं जेल भ्रमण अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार उपस्थित रहे। सचिव ने जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया गया, तथा बंदियों के संबध में जानकारी प्राप्त किया गया। सचिव ने कैदियों को कारा में उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत होने के उपरान्त कैदियों के समक्ष ही तत्काल निदान करने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया। सचिव ने अपने निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके जमानत एवं अधिवक्ता के सम्बन्ध में पूछताछ किया, तथा सभी कैदियों को कहा गया कि अगर आप निजी अधिवक्ता रखने में समक्ष नहीं है, तो जेल में प्रतिनियुक्त जेल भ्रमण अधिवक्ता अथवा कारा प्रशासन से उसे अग्रसारित कराते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में भेजें जिससे कि पैनल अधिवक्ता की सेवा तत्काल उन्हें उपलब्ध कराया जा सके। जेल भ्रमण में निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश भी दिया गया। इसी क्रम में मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु हर संभव प्रयास करने का निर्देश देते हुए संबधित बीमारियों हेतु प्रचुर मात्रा में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश कारा प्रशासन को दिया, तथा जेल में मिलने वाले खाने को मेन्यू के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण रखने का निर्देश दिया ताकि बंदियों के बीच असंतोष की भावना के साथ-साथ उन्हें भोजन जनित बीमारी न हो।

# सूही पैक्स में बाहरी वोटरों का दबदबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। प्राथमिक कृषि साख समिति सूही किसानों के उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पा रही है। कृषकों को न तो कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध हो पा रहा है और न ही फसलों का उचित मूल्य मिल पा रहा है। पंचायत स्तर की साख समिति किसानों की सदस्यता से संचालित होती है। जिसके माध्यम से खेतिहर समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों की बिक्री करते है। इसका मुख्य श्रेय समिति और विभागीय अधिकारियों की संवेदनहीनता को जाता है। उक्त पंचायत के प्राथमिक कृषि साख समिति में मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं के आरोप उभर कर सामने आए है। सत्येंद्र नारायण सिंह और अर्जुन कुमार सिंह आदि रैयतो का आरोप है कि सूही पैक्स के मतदाता सूची में वास्तविक किसानों के नाम शामिल करने की बजाय स्कूली बच्चों और पंचायत से बाहर के फर्जी वोटरों के नाम दर्ज किया गया है। जिससे किसानों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।पंचायत के बड़े किसान प्रमोद पांडेय बताते हैं कि सूही पैक्स की वर्तमान स्थिति इसके उद्देश्य पर ही सवाल खड़े कर रही है। यहां तक कि पीढ़ी दर पीढ़ी से खेती करने वाले कई वास्तविक किसानों के नाम मतदाता सूची से गायब कर दिए गए है। बुजूर्ग ग्रामीण युगेश यादव,विगन मेहता,रामचंद्र यादव बताते है कि मतदाता सूची में ऐसे नाम भी शामिल किए गए हैं जो न तो किसान हैं और न ही उनका पैक्स से किसी प्रकार का कोई लेन-देन हैं। यह स्पष्ट है कि सूची तैयार करने में निर्वतमान अध्यक्ष और प्रबंधक द्वारा नियमों की अनदेखी की गई है। पंचायत की कृषि साख समिति अध्यक्ष के पाकेट में सिमट कर रह गई है। जब वास्तविक किसान पैक्स के मतदाता नहीं होंगे, तो समिति में किसानों के हित की बात कैसे हो पाएगी। फर्जी वोटरों का पैक्स की मूल भावना से कोई संबंध नहीं होता। किसानो का कहना है कि यदि समय रहते मतदाता सूची में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में जब पैक्स प्रबंधक से पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। विदित हो कि सूही पंचायत के तकरीबन तीन सौ से अधिक वास्तविक किसानो ने पैक्स में नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया था,जिसे अध्यक्ष द्वारा रिजेक्ट कर दिया गया। करण कुमार,पिंटू कुमार आदि आवेदको ने अपील की सुनवाई करने में एआर अशोक कुमार दास के उपर पक्षपात का आरोप लगाया है। इस संबंध में डीसीओ मनोज कुमार दास ने बताया कि सूही पंचायत के वास्तविक किसान पैक्स से वंचित रह गए है। किसानो का आरोप वाजिब है। मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसान विरेंद्र यादव बताते है कि पैक्स गोडाउन बनाने के दौरान जमीन ली गई। इसके बाद भी मुझे पैक्स सदस्य नहीं बनाया गया। किसान अजीत कुमार बताते हैं कि दुधमी गांव में सुगम पथ निर्माण के लिए मैंने पैतृक जमीन दान दिया है। भूमि दाता को परिजनों को पैक्स में शामिल करने से परहेज किया गया।

# डीएम ने की फार्मर आईडी निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा

- डीएम ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को समय से लाभ दिलाने का दिया निर्देश
- ऐतिहासिक स्थल नौलागढ़ एवं बरैपुरा की डीएम ने ली जानकारी
- भूमि विवाद का निष्पादन एवं राजस्व कार्यों में प्रगति लाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जिला एवं प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, मनरेगा, पशुपालन, आवास एवं राजस्व सहित अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अंतर्गत कृषक फार्मर आईडी निर्माण की प्रगति की जानकारी ली तथा इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए लाभार्थियों को समय पर लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान डीएम ने बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर से वीरपुर प्रखंड के ऐतिहासिक स्थल नौलागढ़ एवं बरैपूरा के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही राजस्व विभाग की समीक्षा के क्रम में अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र से भूमि विवादों के निष्पादन एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी आकाश चौधरी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार, सिविल सर्जन अशोक कुमार, वीरपुर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राम नरेश शर्मा, वीरपुर के पशुपालन पदाधिकारी डक्टर ललन कुमार, बीटीएम वैभव कुमार, कृषि समन्वयक अमित कुमार, पवन कुमार सिंह, जीविका बीपीएम शैलेश रंजन, आवास सहायक अमरेश कुमार, मनरेगा लेखापाल सुधांशु कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी तथा प्रखंड व अंचल के कर्मी मौजूद थे।इस दौरान अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों सहित कर्मियों ने डीएम को पुष्पगुच्छ व बुके भेंट कर उन्हें सम्मानित व स्वागत किया।

# कांग्रेस ने लांच किया टैलेंट हंट बिहार की आवाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के मीडिया सेल ने बिहार की आवाज एक टैलेंट हंट पार्टी प्रचार तंत्र के लिए कार्यकर्ता के बिच लाया है। शनिवार को पार्टी ऑफिस में पत्रकार वार्ता आयोजित कर सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष कुशमेश कुमार शांडिल्य ने कहा कि बिहार प्रजातांत्रिक मूल्यों की वह भूमि है। जिसमें लोकतांत्रिक आस्था का बीज अत्यंत गहराई से बोया गया है। वहीं बीज आज एक वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। जिसके आश्रय में सामाजिक न्याय के कर्णधार राहुल गांधी ने प्रजातंत्र की पुर्नस्थापना की क्रांति का आगाज किया है। इसी दृष्टि से बिहार की आवाज के नाम से एक टैलेंट हंट का औपचारिक शुभारंभ किया गया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य कुमार रत्नेश टुल्लू ने कहा कि कांग्रेस के साथ आइए बिहार की आवाज उठाइए। इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि लीगल सेल जिलाध्यक्ष संजय सम्राट ने इस कार्यक्रम में सभी को जिलों से लेकर प्रखंड स्तर तक इस कार्यक्रम की तैयारी और व्यापक स्तर पर नए और प्रोफेशनल लोगों को जोड़ने की कवायद इस कार्यक्रम के माध्यम से होगी। इससे कांग्रेस पार्टी में नए लोगों को जुड़ने का मौका मिलेगा।इस अवसर पर पूर्व जिला महासचिव सावर कुमार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम स्वरूप पासवान, राघव कुमार सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजद के प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र कुशवाहा ने दिया इस्तीफा

**खोदावंदपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चेरियाबरियारपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र कुमार कुशवाहा ने अपने पद के साथ-साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह कदम पार्टी नेतृत्व द्वारा जमीनी कार्यकर्ताओं की लगातार हो रही उपेक्षा से आहत होकर उठाने की बात कही है। प्रदेश अध्यक्ष को भेजे गए अपने त्यागपत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि वे पार्टी की स्थापना काल से एक सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं तथा संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए सदैव पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और विचारधारा के अनुरूप कार्य किया। धर्मेन्द्र कुशवाहा ने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में वर्षों से संघर्ष करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर बाहरी एवं अवसरवादी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे संगठन की मूल आत्मा प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने और शीर्ष नेतृत्व से संवाद की व्यवस्था कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आत्मसम्मान और संगठनात्मक मूल्यों के साथ कार्य करना अब संभव नहीं रह गया है, इसी कारण वे प्रदेश सचिव पद एवं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से स्वेच्छा से इस्तीफा दे रहे हैं।

# उत्पाद विभाग ने की 80 लाख की शराब बरामद, एक गिरफ्तार

- विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई
- चूने की बोरे में छिपाकर ले जाई जा रही थी शराब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर द्वारा मद्यनिषेध इकाई पटना, बिहार के संयुक्त छापेमारी में एक 12 चक्का ट्रक से लगभग 80 लाख का 19860 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने एक शराब तस्कर गिरफ्तार को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित ट्रक चालक सह तस्कर नुरुल एजाम है। वह झारखंड राज्य के दुमका थाना क्षेत्र के चिरुडीह निवासी फरुख अंसारी का पुत्र है। बरामद शराब उत्तर प्रदेश के आगरा शहर से बिहार के वैशाली की ओर जा रहा था। इसकी भनक मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को लगी। सहायक आयुक्त ने निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। आरा मोहनिया फोरलेन के धनगाई थाना क्षेत्र के शिवपुर मोड़ के पास शक के आधार पर एक 12 चक्का ट्रक को रोका। जब ट्रक का तलाशी ली गई तो डल्ले में चुना की बोरे के आड़ में छिपा कर रखा इंपेरियल ब्लू, मैकडोनेल व आरएस के ह्विस्की बरामद हुआ। बरामद शराब 750 एमएल के 2196 बोतल, 375 एमएल के 9072 बोतल व 180 एमएल के 8592 पीस टेट्रापैक था। सहायक आयुक्त ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए जिलापदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी टीम में सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार, सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव एवं धीरज कुमार, मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# मंत्रोच्चार से मंदिर में हुई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** नवनिर्मित मंदिर मां काली, शिव परिवार, लक्ष्मी नारायण, राम दरबार, पंचमुखी हनुमान, नवग्रह मूर्ति व शनि भगवान का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शनिवार को पुर्णाहुती व भंडारे के साथ भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के केवटिया में संपन्न हो गई। यज्ञ का शुभारंभ पांच दिवसीय 3 से 7 फरवरी तक आयोजित था। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव समेत आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग पूरे उल्लास के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। बनारस से पधारे आचार्य धर्मेंद्र पांडेय के नेतृत्व में आचार्य अमरेंद्र पांडेय, नंदजी पांडेय, अनूप त्रिपाठी, रंजीत पांडेय, राजेश तिवारी, धीरेंद्र पांडेय, आशुतोष शुक्ला, मनु तिवारी, शिव आनंद शास्त्री एवं बालकृष्ण ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर गंगा नदी किनारे मंदिर में देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा कराया। ग्रामीणों में पूर्व सांसद अर्जुन सिंह, वर्तमान विधायक पवन सिंह, वीर बहादुर सिंह, रविंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, आनंद सिंह, भोजपुरी फिल्म के डायरेक्टर अभय सिन्हा, मिथलेश सिंह, तेज नारायण सिंह, विवेक सिंह, अजीत सिंह, जितेंद्र सिंह समेत अन्य ने बताया कि पूर्व के वर्षों में नदी के कटाव से मंदिर गंगा नदी में समाहित हो गया था। पूजा अर्चना के लिए गांव में मंदिर का अभाव था। सभी ग्रामीणों के सहयोग से लाखों रुपये की लागत से नया भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। यह जमीन पीपरपाती गांव के श्रवण लाल की है। जिन्होंने इस पुनीत कार्य में सहयोग दी। नव निर्मित मंदिर में मां काली के 7 पिण्डी, शिव परिवार, लक्ष्मी नारायण, राम दरबार, पंचमुखी हनुमान, नवग्रह मूर्ति, शनि भगवान की मूर्ति विराजमान हो गयी है। इस मौके पर गंगा नदी किनारे मेला जैसा दृश्य था। एक तरफ झूला, नाव, चरखी, श्रृंगार प्रशाधन समेत अन्य दुकानें सजी थी। चोरों तरफ जय मां काली, हर हर महादेव के नारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा था। मंदिर परिसर में कुंवारी कन्याओं को विशेष रुप से भोजन कराया गया। इसके साथ ही भंडारे में हजारों लोग प्रसाद ग्रहण किए।

# जनता दरबार में तीन मामलों की हुई सुनवाई

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए भूमि विवाद के निपटारे को लेकर पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए वीरपुर अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र ने बताया कि पिछले दो एवं एक नए मामलों के साथ कुल तीन मामलों की सुनवाई की गई। जिसमें से किसी भी मामलों का निष्पादन नहीं हो सका। सभी तीनों मामलों के दोनों पक्षों को अगले तिथि में साक्ष्य के साथ उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। मौके पर राजस्व कर्मचारी उज्जवल कुमार समेत फरियादी मौजूद थे।

# कंप्यूटर साक्षर यानि रोजगार की गारंटी : मो. साकिर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** लोहिया नगर स्थित बाइट कंप्यूटर्स ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को एडीसीए कोर्स के छात्रों की परीक्षा ली गई। इस टेस्ट में एमएस ऑफिस, फक्सप्रो, सी, सी प्लस प्लस, पाइथन, पेजमेकर, फोटोशप जैसे विषयों से घुमावदार प्रश्न किए गए। 80प्रतिशत छात्रों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। तान्या, नेहा, नेहा किरण, नमिता, शुभम, असजद, कीर्ति, कार्तिक, लक्ष्मी, रितिक, अभिषेक, सिन्की, सचिन और आकाश ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये। अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर के द्वारा पुरस्कृत किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए मोहम्मद शाकिर ने कहा की छात्रों को परीक्षा से डरना नहीं चाहिए बल्कि अर्जित ज्ञान के अनुसार जवाब देना चाहिए। इससे ज्ञान के साथ-साथ धैर्य और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा यह संस्थान 29 वर्षों से छात्रों के बेहतर शिक्षा एवं रोजगार हेतु कृत संकल्पित है। इस वर्ष संस्थान में सभी सफ्टवेयर के लेटेस्ट वर्जन को कोर्स में शामिल किया गया है। पाइथन और जावा जैसे कोडिंग विषयों के एक्सपर्ट शिक्षक हैं। किसी भी कोर्स में नामांकन लेने वाले छात्रों के लिए हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग की निःशुल्क व्यवस्था है। कोर्स समाप्त होने के उपरांत यहां के छात्र निशुल्क रिवीजन कर सकते हैं। पिछले वर्ष संस्थान में संस्थान के द्वारा कैम्पस सेलेक्शन में 250 से अधिक छात्र रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। इस मौके पर संस्थान के उप निदेशक प्रथम परमार, प्रशिक्षक लक्ष्मी, खुशी, नमिता सहित दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

# प्रखंडस्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी में शनिवार को प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसमें गणित, हिन्दू, उर्दू, अंग्रेजी व पर्यावरण हेतु प्रखंड क्षेत्र के संकुल स्तरीय चयनित शिक्षकों ने भाग लिया जिसमें गणित में जी एम एस जोकिया के श्रवण कुमार पंडित, यू एम एस कन्या सहिलोरी के पंकज यादव व यू एम एस क महेशपुर के स्वाति सिंह तथा पर्यावरण में यू एम एस दोहटा के पुनम कुमारी, यू एच एस कटहरिया हिंदी के शबनम प्रवीण व एम एस मेंहदौली के सुमन कुमार मालाकार तथा हिन्दी में पी एस बगरस के ज्योंति कुमारी, प्राथमिक विद्यालय करजान टोला के नजीदा बानों व एन पी एस चक्का पोखर के रामभरोस राम तथा अंग्रेजी में एम एस प्रखंड क्लोनी के आदिति, एम एस लखनपुर के देशबंधु भारती तथा उर्दू एम एस लखनपुर के महताब अंसारी चयनित किये गए। प्रथम स्थान पर चयनित शिक्षक ज़िलास्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता में भाग लेंगे। निर्णायक मंडल में उच्च माध्यमिक मोख्तियारपुर के शिक्षक दिपक कुमार मिश्रा, उच्च माध्यमिक विद्यालय मेंहदौली के सानू नुपुर व पुनम कुमारी, रघुनाथ उच्च विद्यालय दहिया के ममता सांई, उच्च माध्यमिक विद्यालय महेशपुर के अब्दूस सलाम आजाद, उच्च विद्यालय बनवारीपुर के काजल कुमारी तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय मोख्तियारपुर के अनुपम कुमार उपस्थित थे। मौके पर एचएम अशोक कुमार सिंह, रईस उद्दीन, लेखापाल अरविंद कुमार शर्मा, मिथलेश कुमार, अमित कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

# बरौनी डेयरी ने किसानों के हित में किया है काम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड के नावकोठी में बरौनी डेयरी के पथ संख्या 18 के अध्यक्ष, सचिव की संयुक्त बैठक शनिवार को हुई। इसकी अध्यक्षता राम किशोर सिंह ने की। बरौनी डेयरी अध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने कहा कि प्रत्येक स्थिति में बरौनी डेयरी दुग्ध उत्पादक किसानों के हित में काम किया है। डेयरी जब कर्ज की स्थिति में थी, उस समय भी डेयरी ने किसानों से दुध लिया। अध्यक्ष के सवाल डेयरी घोटाला का जवाब देते कहा कि डेयरी सहकारिता पर आधारित है। प्रत्येक वर्ष इसका ऑडिट कराया जाता है। कुछ लोगों के द्वारा यह भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। जांच कमिटी गठित की गई है। जांच के बाद यदि वे भ्रष्टाचार तथा घोटाले में संलिप्त होने की पुष्टि होती है तो उनके विरोध आंदोलन का आगाज किया जाएगा। उपस्थित अध्यक्ष, सचिव ने स्टील केन में दूध खराब होने, अल्युमिनियम केन का क्षतिग्रस्त हो जाना, डेयरी के चिकित्सक द्वारा क्षेत्र में भ्रमण नहीं करने, पशुओं के स्वास्थ्य की देखरेख, पोषक आहार की मात्रा के संबंध में जानकारी आदि सवालों को उठाया। दुग्ध उत्पादक किसानों के बोनस की राशि डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजने से उत्पन्न कठिनाई को भी विस्तार से बताया। लगभग 90 फीसदी किसानों का बैंक में खाता नहीं रहने से बोनस वितरण ठंडे बस्ते में है। मनीष कुमार ने किसानों की समस्या का समाधान बताया। मौके पर सुपरवाइजर पंकज कुमार, विनय कुमार, अनिल कुमार, सचिव सह स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार, अध्यक्ष पिंटू कुमार, अरूण कुमार, विपिन सिंह, राम स्वार्थ यादव, विनोद कुमार, दिलिप पासवान, राम नंदन सिंह, शिव शंकर सिंह, संजय सिंह सहित कई अध्यक्ष, सचिव मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री शैक्षिक परिभ्रमण पर निकले बच्चे, ली ऐतिहासिक जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के मुख्यमंत्री शैक्षिक परिभ्रमण योजना के अंतर्गत एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नावकोठी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजकपूर, एपीएस मध्य विद्यालय नावकोठी, राधा देवी कन्या मध्य विद्यालय नावकोठी तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीरपुर के छात्र-छात्राओं ने ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक स्थलों राजगीर, पावापुरी और नालंदा विश्वविद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा को नावकोठी पंचायत के मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि ऐसे परिभ्रमण से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। मार्गदर्शक शिक्षकों के रूप में गणेश झा, अरूण कुमार, विभाकर कुमार, राजेश कुमार, रणधीर कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। जिन्होंने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, धार्मिक और शैक्षणिक तथ्यों से अवगत कराया। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों में जिज्ञासा, अनुशासन और इतिहास के प्रति रुचि विकसित करने में सहायक होते हैं।

## शिक्षिका के निधन पर जताया शोक

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय सतराजेपुर में कार्यरत विशिष्ट शिक्षिका सह विद्यालय के प्रभारी अनिता कुमारी का निधन पटना स्थित एम्स में शनिवार की सुबह इलाज के दौरान हो गया। वह विगत एक माह से इलाजरत थी। विगत एक माह पहले मध्य रात्रि में शौच जाने के क्रम में आंगन में ही वह चक्कर खाकर गिर गई तब से वह अचेत अवस्था में आ गई। डाक्टर ने बताया कि उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया है। इलाज के दौरान होश भी आया लेकिन पिछले कई दिनों से फिर से उनकी स्वास्थ्य में जो गिरावट आने लगी फिर सुधार नहीं हो सका। वह 52 वर्ष की थी। दिवंगत शिक्षिका अपने पीछे दो पुत्र अविनाश कुमार व शुभम कुमार व शादीशुदा एक पुत्री सोनम कुमारी के साथ साथ पति सुनील कुमार राय को छोड़ गए।इनका छोटा पुत्र शुभम कुमार बीपीएससी शिक्षक के रूप में कार्यरत है। इसकी मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों सहित आसपास के शिक्षकों में शोक व्याप्त हो गया। शिक्षक सुमित कुमार भारती, विश्वनाथ साह, अवधेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रेणु कुमारी आदि ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत शिक्षिका अनिता कुमारी सौम्य व सालीन व्यवहार के थे।

## पुलिस पर हमला मामले में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह क्षेत्र के चनहट गांव में छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस पर हमला करने के कांड संख्या 73/25 मामले में नामजद अभियुक्त चनहट गांव निवासी रंजीत पासवान के पुत्र रणधीर पासवान को गिरफ्तार किया गया है। न्यायालय के समक्ष पेश कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। मामले में अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लगातार छापामारी जारी है।

# आपदा से बचाव का बच्चों को सिखाया गया गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के मिडिल स्कूल मेहदौली, कन्या महेशपुर आदि में सुरक्षित शनिवार मनाने हुए बच्चों को प्राकृतिक आपदा भूकंप के खतरे एवं उसके बचाव की जानकारी देते हुए मॉक ड्रिल करवाया गया। चेतना सत्र के दौरान फोकल शिक्षक ने बच्चों को भूकंप के खतरे एवं उसके बचाव एवं सुरक्षा के लिए चर्चा करते हुए बताया कि बिहार औसत से उच्च भूकंप खतरा वाले जोन में पड़ता है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षा के उपाय बताते हुए कहा कि घर पर बिजली के समानों को ऊपर रखने एवं बड़े और वजन वाले समानों, टूटने वाले कांच के सामानों को नीचे आलमारी में रखने, भूकंप के दौरान घर विद्यालय के अंदर व बाहर दोनों जगह सुरक्षित स्थानों की पहचान कर रखनी चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि भूकंप का कोई पूर्व अनुमान नहीं लगाया जा सकता। लेकिन जरूरी सतर्कता से जान माल का नुकसान कम होगा। मौके पर एचएम प्रमोद, अशोक, अवधेश, शिक्षक अनिल, सुमन, श्वेता, पूनम, नुपूर, सलीम, ऋतु, संगीता, संतोष, नितेश, प्रभात सहित बच्चे मौजूद थे।

## घर-घर दी जायेगी फाइलेरिया रोधी दवा

**खोदावंदपुर।** प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार 10 फरवरी से 27 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने को लेकर शनिवार को खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक सत्यदर्शी कुमार ने सभी आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर 2 वर्ष से 15 वर्ष तक के आयुवर्ग के बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा अनिवार्य रूप से खिलाएं।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 2030 तक फाइलेरिया रोग के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर बीसीएम वकील मोची, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर नीरज कुमार, बीएमसी रंजीत कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। अभियान के तहत 48 टीमों का गठन किया गया है, जबकि इसकी निगरानी के लिए 5 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और बच्चों को दवा अवश्य खिलवाएं।

# आवारा पशुओं के आतंक से आमजन परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** दानापुर के क्षेत्र में चौक-चौराहों और सड़कों पर आवारा पशुओं से आम लोग काफी परेशान है। इन पशुओं का जमावड़ा होने से सड़क पर आने-जाने वाले लोगो के साथ यातायात बाधित होने से कई बार दुर्घटनाएं तक हो जाती है। लेकिन नगर परिषद प्रशासन समस्या से अवगत होने के बावजूद आवारा पशुओं के नियंत्रित के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। समाजसेवी मोलवी हसन उर्फ मक्खन ने बताया कि शहर के प्रमुख सड़कों पर आवारा पशुओं के जमावड़े से यातायात बाधित हो रहा है। सुबह से लेकर रात तक आवारा पशु सड़कों पर डटे रहते हैं। इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में भी कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं। शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर आवारा पशुओं का डेरा कभी न खत्म होने वाली समस्या बन गई है। खासकर नप कार्यालय के सामने, को-ऑपरेटिव बैंक के सामने आवारा पशुओं को देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में नगर परिषद की ओर से सड़कों से आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर परिषद द्वारा लाखों रुपये की लागत से पशु वाहन का क्रय किया गया था। मात्र कुछ दिन ही इस वाहन का आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए उपयोग किया गया था। इसके लिए नप प्रशासन ने धावा दल का भी गठन किया था। इन धावा दल ने कुछ दिन यह अभियान भी चलाया, फिर यह अभियान नप दारा बंद कर दिया गया। वर्तमान में इसका उपयोग अन्य कार्यो में, या इस पशु वाहन को शोभा की वस्तु वना कर रखा जा रहा है। इस संवध में नप के कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार से वात करना चाहा तो उन्होंने कोई जवाव नहीं दिया।

# युवक की हत्या का पुलिस ने किया उद्भेदन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी सुभाष कुमार की हत्या मामले का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है। शनिवार को एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित पीसी में एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को 6 फरवरी को सूचना मिली कि भगवानपुर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई। पुलिस अधीक्षक के अनुश्रवण में एवं पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम में एसडीपीओ के साथ पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार, थानाध्यक्ष रंजन कुमार, वारिसलीगंज के थानाध्यक्ष पंकज सैनी, धमौल के थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार, पकरीबरावां के एएसआई अशोक पाल, चंदन कुमार एवं चंदन कुमार सिंह को शामिल किया गया। गठित टीम ने मृतक की बहन के फर्द बयान पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी का अनुसंधान शुरू किया। टीम ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्य के आधार पर 24 घंटे के अंदर तीन नामजद आरोपितों एवं दो विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया। एसडीपीओ ने बताया कि सभी ने इस घटना को अंजाम देने में संलिप्तता स्वीकार करते हुए गमछा से गला घोंटकर युवक की हत्या किए जाने की बात बताई। गिरफ्तार आरोपितों में राजू यादव का पुत्र सुनील कुमार, रामअवतार प्रसाद का पुत्र दिनेश कुमार, स्व. महावीर यादव का पुत्र दिनेश यादव शामिल है। जबकि इस मामले में दो विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# फाइलेरिया मुक्त भागलपुर बनाना हमारी प्राथमिकता : सिविल सर्जन

## 10 से भागलपुर में सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले को फाइलेरिया रोग से मुक्त बनाने के उद्देश्य से आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) के सफल क्रियान्वयन को लेकर आज सीफार एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक संवेदीकरण सह मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।




- 11 फरवरी को जिलेभर में मेगा एमडीए कैंप का आयोजन
- 34.81 लाख लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य
- दवा पूरी तरह सुरक्षित, सामान्य बीमारियों वाले लोग भी ले सकते हैं

स्थानीय सदर अस्पताल स्थित मॉडर्न भवन के सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. अशोक प्रसाद ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन जिले की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी लक्षित लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी से शुरू हो रहे सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के तहत 11 फरवरी को मेगा एमडीए कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बूथ लगाकर स्वास्थ्यकर्मी समुदाय के सभी लक्षित लाभार्थियों को अपने सामने दवा का सेवन कराएंगे। डॉ. प्रसाद ने कहा कि इसके बाद प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अगले 14 दिनों तक घर-घर जाकर योग्य लाभार्थियों को दवा खिलाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अर्थराइटिस या अन्य सामान्य बीमारियों से ग्रसित लोग भी इन दवाओं का सेवन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दवा सेवन के बाद यदि किसी व्यक्ति को मितली या चक्कर जैसे हल्के लक्षण महसूस होते हैं, तो यह शुभ संकेत है। इसका अर्थ है कि शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवी दवा के प्रभाव से नष्ट हो रहे हैं। सिविल सर्जन ने कहा कि दवा सेवन के बाद किसी भी प्रकार की परेशानी से निपटने के लिए प्रत्येक प्रखंड में रैपिड रिस्पांस टीम तैनात रहेगी। इस अवसर पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दीनानाथ ने बताया कि जिले के 34 लाख 81 हजार लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने खिलाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दवाओं का वितरण नहीं किया जाएगा और दवा खाली पेट नहीं लेनी है। साथ ही 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। कार्यशाला में वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी आरती कुमारी, संयुक्त निदेशक (जनसंपर्क) नागेंद्र कुमार गुप्ता, वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी कृति कुमारी तथा पिरामल स्वास्थ्य के जिला स्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नवोदय विद्यालय में पार्श्व प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार में शनिवार को पार्श्व प्रवेश चयन परीक्षा (लेटरल एंट्री सिलेक्शन टेस्ट) 2026 शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा वर्ग 9 और 11 में नामांकन के लिए आयोजित की गई थी। इसके लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, रेवार को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा का संचालन जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश में कराया गया। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा और अनुशासन के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई, ताकि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। वर्ग 9 के लिए 273 और वर्ग 11 के लिए 117 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से वर्ग 9 में 189 तथा वर्ग 11 में 26 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा निर्धारित समय पर शांतिपूर्वक समाप्त हो गई। केंद्र पर पर्यवेक्षक के रूप में पंचायत सचिव राजीव कुमार मौजूद रहे और पूरी परीक्षा अवधि में व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामानंद तिवारी ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, परीक्षा कार्य में लगे पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान करती है और ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जनता दरबार में आए भूमि विवाद के मामले

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में पूर्व से कुल 12 मामले लंबित थे। पूर्व से लंबित मामलों में से आज एक भी मामले का निष्पादन नहीं हुआ। वही कोई नया मामला दर्ज भी नहीं हुआ। अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी के हड़ताल पर जाने के कारण जनता दरबार आयोजन पर कुछ प्रभाव दिख रहा है। हालांकि इन लोगों का हड़ताल समाप्त हो चुकी है लेकिन जिला से पत्र निर्गत नहीं होने के कारण यह लोग अनुपस्थित रहे। जनता दरबार में अब कुल मिलकर 12 मामले लंबित ही रह गए। सभी लंबित मामले के फरियादी को सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित की गयी। मौके पर प्रधान लिपिक गोपाल कुमार, डाटा अपरेटर अमरजीत कुमार एवं नरेंद्र कुमार प्रोबेशनरी एस आई गुड़िया कुमारी, कार्यालय परिचारी मनोज पासवान सहित अन्य फरियादी मौजूद थे।

# फरोग ए उर्दू सेमिनार, कार्यशाला एवं मुशायरा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** राज्य उर्दू निदेशालय मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आज फर्क उर्दू सेमिनार कार्यशाला एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। स्थानीय टाउन हॉल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, उप विकास आयुक्त प्रदीप सिंह, अपर समाहर्ता दिनेश राम, उर्दू परामर्श समिति की सदस्य श्रीमती शबाना दाउद, संयुक्त निदेशक (जनसंपर्क) नागेंद्र कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा, वरीय उप समाहर्ता (स्थापना) सुभाषिनी प्रसाद ने संयुक्त रुप से दीप



प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बॉलीवुड में ऐसी कोई गीत नहीं है जिसमें उर्दू लफ्जों का प्रयोग शामिल न हो, क्योंकि उर्दू लफ्जों के बिना तुकबंदी नहीं बनती है। उर्दू स्थापित भाषा है और राज्य सरकार ने द्वितीय भाषा के रूप में इसे घोषित किया है। वर्तमान में उर्दू लफ़्ज़ों का प्रयोग धीरे-धीरे कम कर दिया गया है। हालांकि बुजुर्गों द्वारा इसका प्रयोग ज्यादा किया जाता है संगीत की दुनिया अधूरी होगी अगर उर्दू का प्रयोग ना हो। उर्दू कर्ण प्रिय भाषा है। उन्होंने कहा कि बचपन में उन्होंने भी उर्दू भाषा सीखने का प्रयास किया था लेकिन बाद के दिनों में विज्ञान की पढ़ाई में इतने मशगुल हो गए कि फिर उर्दू पीछे छूट गई। इस तरह के छोटे-छोटे मुशायरा प्रखंड स्तर पर भी आयोजित होने चाहिए ।ताकि इस भाषा को प्रोत्साहित किया जा सके। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक नागेंद्र कुमार गुप्ता ने मुनव्वर राणा और निदा फाजली के कई मशहूर शेर पढ़ कर सुनाएं।कार्यक्रम को उप विकास आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री विकास कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न मशहूर शायर ने अपनी शायरी से महफिल को खुशनामा बनाया।

# मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मेदिनीनगर के होटल निर्वाण के परिसर में शनिवार को प्रतिष्ठित संस्थान चाणक्य आईएएस एकेडमी रांची का ओपन मेगा टेस्ट' के आधार पर अवार्ड शिरोमणी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में एकेडमी द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चाणक्य आईएएस एकेडमी की जीएम रीमा मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, बलवंत दुबे, झारखंड हेड सह सीईओ अभिनव मिश्रा, हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार व मिथिलेश दुबे ने किया।

# बाजार स्थित पेट्रोल पंप पर शौचालय पड़ा जर्जर, भटकते रहते हैं ग्राहक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। वहीं शौचालयों की स्थिति अत्यंत खराब है जिससे विशेष रूप से महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। नियमों के अनुसार प्रत्येक पेट्रोल पंप पर स्वच्छ और चालू शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य है परंतु कई पंपों पर यह अनुपस्थित है। शहर के एक पेट्रोल पंप पर शौचालय अस्थायी प्लास्टिक के डब्बे में बना हुआ है जो न तो स्वच्छ है और न ही उपयोग के योग्य है। अन्य पंपों पर भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। कई पंपों पर शौचालय होने के बावजूद ताले लटके रहते हैं जिससे ग्राहक इसका उपयोग नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा अधिकांश पंपों पर शौचालय उपलब्ध होने की सूचना भी नहीं दी गई है जिससे ग्राहकों



को सुविधा के बारे में जानकारी नहीं मिलती है। नागरिक अंकित सिंह, विकास सिंह ने बताया कि पेट्रोल पंपों पर शौचालय की सुविधा की कमी के कारण आमलोगों को असुविधा हो रहा है। खासकर महिलाओं व बुजुर्गो को इससे विशेष परेशानी होती है। कहा कि नियमों के अनुसार शौचालय व पेयजल जैसे सुविधाएं पंपों पर निशुल्क उपलब्ध होनी चाहिए परंतु कई स्थानों पर यह नहीं हो रही है। रंजीत कुमार ने बताया कि सूचना पट्ट नहीं होने के कारण कई लोग इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पाते हैं। पेट्रोल पंप संचालक नियमों की अनदेखी कर रहे हैं और संबंधित विभाग भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ग्राहकों का कहना है कि पेट्रोल पंपों की नियमित जांच और निरीक्षण आवश्यक है ताकि वे मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्रा' कर सके।

# मेदिनीनगर नगर निगम के 11 मेयर प्रत्याशी चुनाव मैदान में : उपायुक्त

## किसी प्रत्याशी को मिला बिस्किट तो किसी को बेंच, किसी को एयर कंडीशनर तो किसी को बैटरी टॉर्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम के 11 मेयर प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। जबकि बिश्रामपुर नगर परिषद से 21, हुसैनाबाद नगर पंचायत से 7, हरिहरगंज नगर पंचायत के 10 व छतरपुर नगर पंचायत के 24 प्रत्याशी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। उक्त जानकारी पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने दी। वे शनिवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकारों को नगर निकाय चुनाव से संबंधित जानकारी दे रही थी। उन्होंने बताया कि मेदिनी नगर निगम के 35 वार्डों में 180 वार्ड पार्षद प्रत्याशी मैदान में है। इसी तरह विश्रामपुर नगर परिषद के 20 वार्ड में 135 वार्ड सदस्य चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के 16 वार्ड में 77 सदस्य, हरिहरगंज नगर पंचायत के 106




वार्ड सदस्य व छतरपुर नगर पंचायत के 16 वार्ड में 147 प्रत्याशी मैदान में हैं। उपायुक्त ने बताया कि मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड पार्षद के चुनाव में तीन प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इनमें वार्ड संख्या 5 की मीरा देवी, वार्ड संख्या 23 के मनोज सिंह व वार्ड संख्या 29 के नवीन कुमार गुप्ता के नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड संख्या 14 के सुनील कुमार चौधरी भी निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने बताया कि मेदिनीनगर निगम के 11 प्रत्याशियों के चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। इनमें अरुणा शंकर को एयर कंडीस्नर, आईसा सिंह को छड़ी, जयश्री गुप्ता को चुड़ियां, जानकी देवी को बैटरी टार्च, नम्रता त्रिपाठी को बेंच, पूनम सिंह को बिस्कूट, मीना गुप्ता को बक्सा, मेघा श्री राम कुमार सिंह को ईट, रिंकू सिंह को बाल्टी, शीला कुमारी को कैमरा, श्वेता विकाश कुमारी को कार्पेट चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। मौके पर मौजूद पलामू की पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेश ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान संबंधित प्रत्याशी को आवंटित वाहनों से अधिक पाए जाने पर आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने बताया कि आवंटित वाहनों के अलावा अन्य किसी वाहनों पर झंडा बैनर पोस्टर नहीं लगे होने चाहिए। एक सवाल के जवाब में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर कोई प्रत्याशी के साथ अपना निजी वाहन लेकर चल रहा है तो उस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकती है। प्रेस कांफ्रेंस में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन व जिला सूचना पदाधिकारी डॉ असीम कुमार मौजूद थे।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**तिथि विस्तारण संबंधी शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 156/जि0अ0, दिनांक 05.02.2026 द्वारा निर्गत अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 20/2025-26 (PR No-372403), में तकनीकी कारणों से निविदा ससमय अपलोड नहीं हो पाने के कारण निविदा की तिथि में संशोधन करते हुए निम्न प्रकार निविदा की तिथि विस्तारित की जाती है–

| विवरणी | पूर्व से निर्धारित निविदा प्रारंभ की तिथि | निविदा प्रारंभ की संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 07-02-2026 Time 10:00 AM | 09-02-2026 Time 10:00 AM |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | 07-02-2026 Time 10:00 AM to 16-02-2026 Time 2:00 PM | 09-02-2026 Time 10:00 AM to 16-02-2026 Time 3:00 PM |

नोट :– निविदा की शेष सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

ह0/–जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 372523 (District)25-26*D


# पीरपैंती में अडाणी फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती प्रखंड के दानापुर मस्जिद परिसर में शुक्रवार को अदाणी पावर प्लांट के सीएसआर कार्यक्रम के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान ग्रामीणों का खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग शिविर स्थल पर पहुंचने लगे। इस पहल से विशेष रूप से उन परिवारों को लाभ मिला,




जिनके लिए बेहतर इलाज तक पहुंच आज भी एक चुनौती बनी हुई है। ग्रामीणों ने अडाणी पावर प्लांट और अडाणी फाउंडेशन की इस मानवीय पहल की सराहना की। एक व्यक्ति ने कहा कि इस तरह के शिविर न केवल इलाज उपलब्ध कराते हैं, बल्कि लोगों में उम्मीद और भरोसा भी जगाते हैं। सभी ग्रामीणों का मानना है कि अडाणी पावर प्लांट केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहा है। अडाणी फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और रोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य पीरपैंती क्षेत्र के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं।

# नवीन गुप्ता उर्फ लाल बाबू वार्ड 29 से निर्विरोध निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव की सरगर्मियों के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। निगम के कद्दावर नेता लाल बाबू शनिवार को वार्ड नंबर 29 से निर्विरोध वार्ड पार्षद चुन लिए गए हैं। शनिवार को निर्वाचन पदाधिकारी ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंप दिया। उनकी इस जीत ने उनके समर्थकों में उत्साह भर दिया। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद लाल बाबू ने वार्ड 29 की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जीत उनकी नहीं बल्कि वार्ड 29 के देवतुल्य जनता के विश्वास व स्नेह की जीत है। निर्विरोध चुना जाना उनके लिए गौरव की बात है। यह जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे कभी निर्विरोध वार्ड कमिश्नर का चुनाव जीत पाएंगे। लेकिन आज उन्होंने देख भी लिया। वार्ड की देव तुल्य जनता, साथियों के प्यार व बड़े




बुजुर्गो के आशीर्वाद के कारण यह संभव हो पाया है कि कोई अन्य प्रत्याशी उनके खिलाफ चुनाव नहीं लड़ा। वे सभी वार्ड निवासियों के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड 29 की जनता से आग्रह करेंगे कि किसी भी काम के लिए वे हमारे पास नहीं, बल्कि मैं उनके घर जाकर उनका काम कराऊंगा। केवल उन्हें सूचित करेंगे और वे जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनका लक्ष्य वार्ड 29 का समग्र विकास व हर नागरिक की समस्याओं का समाधान करना है। वार्ड 29 के पार्षद नवीन कुमार गुप्ता उर्फ लाल बाबू अपने पिछले कार्यकाल में कुछ ऐसा कार्यों का कमाल दिखाया है कि जनता उनके काम की कायल है। इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जनता के हर समस्याओं को दूर करने का काम किया है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2026**

**दिनांक : 10/02/2026** — **सूचना** — **समय–11 बजे पूर्वा0 से 3 बजे अप0 तक**

**स्थान : प्रखण्ड परिसर, नीलाम्बर–पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज)।**

राज्य के बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से **प्रखण्ड परिसर, नीलाम्बर–पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज)** में **दिनांक–10.02.2026** को **समय पूर्वा0 11 बजे से अप0 3 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत एक दिवसीय "रोजगार मेला"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S.No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Experience | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Frontage Institute of Information Technology & Services, Daltonganj | Sampling Tailor Trainer | 04 | Graduation | TOT | 21-35 | 12-18K | Palamu, Garhwa |
| | | General Duty Assistant Trainer | 02 | Graduation | TOT | 21-35 | 12-18K | |
| | | Faishon Designer Trainer | 02 | Graduation | TOT | 21-35 | 12-18K | |
| | | Cook | 04 | 10th | -- | 18-45 | 12-15K | |
| | | Cook Helper | 04 | 10th | -- | 18-45 | 10-12K | |
| 2 | SIS Ltd, Garhwa | Security Guard | 100 | 10th | -- | 19-40 | 14000-25000 | Pan India |
| | | Security Supervisor | 50 | 12th | -- | 21-37 | 16000-25000 | |
| 3 | Chaitanya India Fin Credit Pvt Ltd, Daltonganj | SFO | 50 | 10th , 12th | -- | 18-28 | 12770/- | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 4 | Freedom Employability Academy | Teacher | 50 | Graduation | -- | 18+ | 14,500/- | Palamu, Garhwa, Latehar, Chhattigarh |
| 5 | Bharat Finance Insurance Ltd, Daltonganj | SMT/CRO | 40 | 10th | -- | 18-32 | 13500-19883/- | Palamu, Garhwa, Latehar, Gumla, Lohardaga, Chatra |
| 6 | EXPRESS HR SOLUTION :- | | | | | | | |
| | (i) Arvind Ltd, Banglore | Trainee | 20 | 10th/12th/ITI | -- | 18-45 | 13000-21000/- | Banglore |
| | (ii) Solar Plant, Gujrat | Trainee | 50 | 10th/12th/ITI | -- | | 18000-28000/- | Gujrat |
| | (iii) Madarshan, Gujrat | Trainee | 50 | 10th/12th/ITI | -- | | 18000-28000/- | Gujrat |
| 7 | Tata Motors, Jai Maa Sharda Automobiles, Daltonganj | Sales | F-4 M-8 | Graduation | 2 Years | 18-35 | 12,000/- | Daltonganj |
| | | Telecaller | F-2 | Graduation | 2 Years | 18-35 | 10,000/- | |
| | | Computer Operator | M-2 | Graduation | 2 Years | 18-35 | 10,000/- | |
| 8 | Credit Access Gramin Ltd. Ranchi | Kendra Manager | 30 | 12th,Graduation | DL | 19-29 | 12,250/- | All Jharkhand |
| 9 | JPS Bajaj | Technician | 02 | Diploma | -- | 20-35 | 10,000/- | Palamu |
| 10 | Premsons Bajaj LLP Ranchi | Sales Executive | 30 | 12th, Graduation | -- | 18-40 | 10470-12000 | Jharkhand |
| | | Spare Parts Manager | 01 | Graduation | -- | 18-40 | 13208-15000 | |
| | | Technician | 11 | ITI/Diploma | -- | 18-40 | 10470-12000 | |
| | | Service Advisor | 03 | Graduation | -- | 18-40 | 10470-12000 | |
| | | Electrician | 02 | ITI/Diploma | -- | 18-40 | 10470-12000 | |
| 11 | Sindhuja Microcredit Pvt. Ltd. Daltonganj | Trainee Credit Office | 50 | 12th | -- | 18-30 | 11,500/- | Jharkhand & Bihar |
| 12 | Svamaan Finance Services Pvt. Ltd. Daltonganj | Trainee Field Assistant | 20 | 12th | -- | 18-28 | 10000-16000/- | Jharkhand |
| | | Field Assistant | 20 | 12th | -- | 18-28 | 10000-16000/- | |
| | | Senior Field Assistant | 10 | 12th | -- | 18-28 | 10000-16000/- | |

मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल jharniyojan.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में चयन हेतु उपस्थित होंगे। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है। इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

**जिला नियोजन पदाधिकारी,**
**पलामू**

PR 372522 (District)25-26*D




# शीघ्र पूर्ण करें उत्तर कोयल नहर परियोजना का कार्य : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल नहर परियोजना से संबंधित नबीनगर प्रमंडल अंतर्गत पैकेज-03 एवं पैकेज-04 के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा परियोजना के अंतर्गत राइट मेन कैनाल के निर्माण कार्यों, कैनाल लाइनिंग, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण, कार्यों की भौतिक प्रगति एवं लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित कार्य एजेंसियों द्वारा निष्पादित किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए कार्यों की



वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। इस क्रम में पाया गया कि मिट्टी कार्य, सबग्रेड (सीएनएस), कंक्रीट लाइनिंग तथा विभिन्न संरचनाओं के निर्माण कार्य प्रगति पर है। कैनाल लाइनिंग कार्य चक्र के अंतर्गत पुरानी टाइल हटाना, खुदाई, सबग्रेड तैयारी (सीएनएस) तथा कंक्रीट लाइनिंग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य निष्पादित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त परियोजना अंतर्गत डबल लेन रोड ब्रिज, सिंगल लेन रोड ब्रिज, एक्वाडक्ट, क्रॉस रेगुलेटर, हेड रेगुलेटर सहित अन्य संरचनाओं का निर्माण विभिन्न चैनेज पर प्रगति पर पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यों में गुणवत्ता मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने, निर्धारित लक्ष्य एवं समय-सीमा के अनुरूप कार्य निष्पादन में तेजी लाने तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित एजेंसियों एवं विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रितेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी सहित संबंधित अभियंता एवं कार्य एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 20 लाख से अधिक लोगों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार के अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिला समन्वय समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2026 (एमडीए/आईडीए) का शुभारंभ 10 फरवरी 2026 से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिले के आठ प्रखंडों सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सदर, गोह एवं कुटुंबा प्रखंडों में यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा, क्योंकि इन तीनों प्रखंडों में प्री प्री-टीएएस के अंतर्गत पुनः नाइट ब्लड सर्वे किया जाना है। सिविल सर्जन द्वारा जानकारी दी गई कि इस अभियान के अंतर्गत जिले में कुल 20,01,621 लक्षित लाभार्थियों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। साथ ही उन्होंने फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से एल्बेंडाजोल, डायइथाइल कार्बामाजीन (डीईसी) एवं आईवरमेक्टिन–तीन दवाओं का सेवन कराया जाएगा। दवा सेवन के संबंध में आवश्यक सावधानियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, असाध्य रोग से ग्रसित व्यक्तियों तथा खाली पेट दवा नहीं लेने की सलाह दी गई है। 2 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा ही दी जाएगी, जबकि 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों एवं वयस्कों को आईवरमेक्टिन सहित निर्धारित दवा दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि यह अभियान 14 दिनों तक घर-घर दवा सेवन सुनिश्चित करते हुए चलाया जाएगा, जिसके बाद 3 दिनों तक बूथ लगाकर दवा खिलाने की व्यवस्था की जाएगी। जिले के सभी आठ प्रखंडों के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बूथ के माध्यम से 17 दिन तक दवा सेवन कराया जाना निर्धारित है। साथ ही दवा सेवन के उपरांत किसी प्रकार के संभावित साइड इफ़ेक्ट की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) का गठन किया गया है। बैठक में डीपीएम स्वास्थ्य मोहम्मद अनवर आलम, डीपीएम जीविका, डीपीएम आईसीडीएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सहित अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से शहर के एक निजी होटल में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 24 घंटे संचालित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के मेडिकल ऑफिसर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के संचालन, मानक प्रक्रियाओं के पालन तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का संचालन डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी एवं पिरामल स्वास्थ्य के जिला प्रबंधक शशांक राज प्रधान द्वारा किया गया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार एवं एनक्यूएएस मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में सेवा गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाना एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है।

# मिशन मोड में हो फार्मर रजिस्ट्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन चंद्रगढ़ में फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान के तहत चल रहे फार्मर आईडी कार्ड निर्माण एवं रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिविर में उपलब्ध तकनीकी व्यवस्था, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया तथा किसानों की सहभागिता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि किसानों का पंजीकरण कार्य तेजी एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण



किया जाए ताकि किसी भी पात्र किसान की फार्मर रजिस्ट्री लंबित न रहे। जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी, नबीनगर को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए समयबद्ध रूप से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान की नियमित निगरानी एवं अनुश्रवण वरीय पदाधिकारियों द्वारा किया जाए ताकि सभी पंचायतों में लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित हो सके। विदित हो कि फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायत स्तरीय शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया का सुचारू निष्पादन किया जा रहा है। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रितेश कुमार यादव, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में पॉक्सो कोर्ट के न्यायधीश ने कासमा थाना में दर्ज एक मामले में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त कासमा निवासी प्रिंस कुमार को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त प्रिंस कुमार को 06 फरवरी 26 को दोषी ठहराया गया था। आज सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए पॉक्सो मामले में 20 साल सश्रम कारावास की सजा और 50 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। अभियोजन की ओर से सात जबकि बचाव पक्ष की ओर से भी सात लोगों की गवाही हुई थी। अभियुक्त पर 8 अप्रैल 2025 को आरोप का गठन किया गया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता ने घटना की जानकारी मां और चाची को दी। तत्पश्चात मामले में प्राथमिकी दर्ज करा न्याय की मांग की। इस मामले में 28 जनवरी 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि 10 बजे स्कूल जाने दौरान अभियुक्त ने पकड़ लिया और जबरन सीमेंट दुकान में ले जाकर दुष्कर्म किया।

# लोक अभियोजक बनने पर अजय कुमार को अधिवक्ताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद के वरीय अधिवक्ता पूर्व एपीपी अजय कुमार ने शनिवार को लोक अभियोजक का पद ग्रहण किया। 44 वर्षों से औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में विधि व्यवसाय में चर्चित रहे अजय कुमार जिले के दसवें लोक अभियोजक का पदभार ग्रहण किया। अजय कुमार को लोक अभियोजक बनने पर पूर्व लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, जीपी बृजा प्रसाद सिंह, स्पेशल पीपी, एपीपी, जिला विधिज्ञ संघ और अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं ने बधाई दी हैं। लोक अभियोजक बनने पर अजय कुमार ने औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार से मुलाकात किया तथा प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार को बुके देकर सम्मानित किया। नये अनुभवी और व्यवहार कुशल



लोक अभियोजक अजय कुमार ने कहा कि हम अपना कार्य स्पेशल पीपी और एपीपी के सहयोग से निष्ठा तथा ईमानदारी पूर्वक करेंगे। लंबित वादों के निष्पादन में अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे। अधिवक्ता ने बताया कि औरंगाबाद जिले के 51 साल के इतिहास में अजय कुमार सहित अब तक दस लोक अभियोजक बने हैं। पहले गोपाल शरण सिंह 1974-78, दुधेश्वर प्रसाद 1978-82, युगल किशोर सिंह 1982, कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह 1982-88, नरेंद्र प्रसाद सिंह 1988-92, पुष्कर अग्रवाल 1992-96, रामचंद्र सिंह 1996-2000, प्रमोद कुमार सिंह 2000-07, पुष्कर अग्रवाल 2007 से अब तक लोक अभियोजक रहे हैं।

# अलग–अलग मामलों में 28 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पुलिस पर हमला मामले में एक, आर्म्स एक्ट के तहत एक, हत्या के प्रयास में 4, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 5 तथा अन्य मामलों में 17 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा 31 वारंट और एक कुर्की का निष्पादन भी किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 30 लीटर देसी शराब, 8 लीटर विदेशी शराब एवं एक बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1445 वाहनों की जांच की गई जबकि एक लाख 49 हजार रूपये शमन की राशि वसूल की गई।

# ट्रेन से गिरकर ज़ख्मी महिला की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्ताल में इलाजरत एक महिला की मौत हो गई। जबकि उसकी मासूम बच्ची अस्पताल के ही चिकित्सा वार्ड में इलाजरत है। महिला की पहचान नहीं हो सकी है। दरअसल, महिला और उसकी बच्ची को नवीनगर पुलिस द्वारा नवीनगर रेलवे स्टेशन से घायल अवस्था में सदर अस्पताल लाया गया था। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जबकि बेटा इलाजरत है। सदर अस्पताल के कर्मियों ने बताया कि शुक्रवार की देर रात नवीनगर पुलिस द्वारा घायल अवस्था में महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वह मूर्छित अवस्था में थी। महिला को

## मासूम बच्ची इलाजरत

इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया और उसकी मासूम बेटी को शिशु वार्ड में नवीनगर थाना की पुलिस महिला और उसकी बेटी को सदर अस्पताल में भर्ती कराकर चली गई। पुलिस न तो महिला की पहचान बताई और नही घटना के बारे में विशेष जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, महिला ट्रेन से गिरकर घायल हुई है, क्योंकि उसे रेलवे लाइन के बगल से उठाया गया था। आशंका जताई जा रही है कि महिला ट्रेन से कही जा रही होगी और उस जगह उतरने के दौरान गिरकर घायल हो गयी होगी। काफी देर तक वह घटनास्थल पर ही घायल अवस्था में पड़ी रही। सिर से अधिक खून निकलने के कारण वह अचेत हो गयी थी। महिला के पास से पांच किलोग्राम चावल और एक कटोरा भी बरामद हुआ है। इधर, सदर अस्पताल में महिला की मौत के बाद घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी गयी है। सूचना पर नगर थाना की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। शव की पहचान के लिए 72 घंटे तक पुलिस अभिरक्षा में भी रखा जाएगा। सदर अस्पताल प्रबंधक प्रफुल्ल कांत निराला ने बताया कि मृतका की मासूम बेटी सदर अस्पताल में ही इलाजरत है। मामले में जानकारी जुटाई जा रही है।

# मंदिर व रास्ता विवाद को लेकर मारपीट, प्राथमिकी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गोह थाना क्षेत्र के पंडुकी गांव में रविदास मंदिर और रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच शुक्रवार को हुई मारपीट के मामले में दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक पक्ष की ओर से रामाकांत शर्मा ने आवेदन देकर बताया है कि बीते छह फरवरी की शाम गांव के रास्ते को लेकर विवाद की सूचना मिलने पर जब वे पहुंचे तो दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए रॉड व अन्य हथियार से हमला कर दिया। घटना में रोहित कुमार, गौतम कुमार और सुमित कुमार के भी घायल होने की बात कही गयी है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से विफन राम ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उसी दिन कुछ लोग रविदास मंदिर हटाने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई और लाठी-डंडे से मारपीट कर दी गयी।

# दूसरी बार पैक्स अध्यक्ष बने राजीव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के बड़वां पैक्स अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव की मतगणना शुक्रवार की देर रात संपन्न हो गई है। इसमें राजीव रंजन कुमार सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी मीना देवी को 395 मतों के अंतर से हराकर अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार जीत हासिल की है। चुनाव में 4429 मतदाताओं में 2080 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ रमन सिन्हा ने बताया कि राजीव रंजन कुमार सिंह



को कुल 939 जबकि मीना देवी को 544 मत मिले। इसके अलावा महेंद्र मेहता को 408 मत प्राप्त हुए। मतगणना के बाद राजीव रंजन कुमार सिंह को जीत का प्रमाणपत्र सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने जानकारी दी कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शांतिपूर्ण मतगणना सुनिश्चित करने के लिए दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। 2080 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया। इस अवसर पर राजीव रंजन कुमार सिंह नए जीत के बाद कहा कि किसानों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

# समीक्षा बैठक का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शनिवार को फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के क्रम में जिलाधिकारी ने अभियान की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड स्तरीय एवं नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में कैंप मोड में लक्ष्यों के अनुरूप प्रत्येक पात्र किसान का फार्मर आईडी कार्ड निर्माण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल एवं जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# संघ शताब्दी वर्ष में 17 जिलों के प्रधानाचार्य भाग लेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 8 से 11 फरवरी तक आयोजित होने वाले संघ शताब्दी वर्ष को समर्पित चार दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन-2026 के आयोजन की पूर्व संध्या पर सरस्वती शिशु मंदिर औरंगाबाद के अटल सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में शिक्षा समिति से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे जबकि 15-16 स्थानीय एवं क्षेत्रीय पत्रकारों ने सम्मेलन की रूपरेखा, उद्देश्य एवं विषयवस्तु को लेकर प्रश्न किए। प्रेसवार्ता में उपस्थित अतिथियों में प्रदेश सचिव भारतीय शिक्षा समिति प्रदीप कुशवाहा, प्रधानाचार्य नीरज कुमार




कौशिक, विभाग निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार, ब्रह्मदेव प्रसाद, जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, प्रवासी कार्यकर्ता सेवा कार्य से जुड़े परमेश्वर, गंगा चौधरी तथा शिशु खंड प्रधानाचार्य सुमन कुमार सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक द्वारा कराया गया। प्रदेश सचिव प्रदीप कुशवाहा ने बताया कि इस सम्मेलन में दक्षिण बिहार के 17 जिलों के 200 शिशु मंदिर विद्यालयों के 200 प्रधानाचार्य भाग लेंगे। सम्मेलन में अखिल भारतीय स्तर के अधिकारी एवं अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चिंतन-मंथन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का मुख्य विषय 2033 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सशक्त क्रियान्वयन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 5 + 3 + 3 + 4 की शैक्षिक संरचना को व्यवहारिक रूप से लागू करना है, जिससे बालकों के सर्वांगीण विकास के साथ संस्कारों का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। आगामी सत्रों में संघ की शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रस्तावित पांच परिवर्तन स्व का बोध (स्वदेशी), नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं कुटुम्ब प्रबोधन को संकुल एवं विभाग स्तर पर परियोजना बनाकर क्रियान्वित करने पर विशेष चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि हमारे पुराणों में जीवन के सभी आवश्यक तत्व समाहित हैं और शिक्षक तथा अभिभावक के सहयोग से इन्हीं मूल्यों के आधार पर बच्चों में सकारात्मक चिंतन एवं उत्तम संस्कार विकसित कर कुसंगतियों को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि सम्मेलन के अंतर्गत सीसीई पर आधारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मानकों के अनुरूप प्राथमिक बालकों के लिए अधिगमशाला, ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन सहित अनेक शैक्षिक नवाचारों पर विचार एवं कार्य प्रस्तुत किए जाएंगे।




CMYK